www.anantgyaan.in

सूर्योदय 7:06 सूर्यास्त 6:04

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 0.8 न्यू | 8.6 अधि |
| धर्मशाला | 3.2 न्यू | 15.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 72186.09 |
| निफ्टी | 21929.40 |
| सोना 63,150 | चांदी 74,500 |

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार



धर्मशाला | बुधवार, 7 फरवरी 2024 | 25 माघ, विक्रमी संवत 2080 वर्ष 1, अंक 50 कुल पृष्ठ 14 मूल्य : 5 रुपए |

कंगना रणौत के साथ काम करना चाहते हैं संदीप रेड्डी... पेज 7

## न्यूज शॉर्ट्स

### ज्ञानवापी में बचे हुए तहखानों को खोलने पर सुनवाई 15 को

**वाराणसी।** ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में व्यास तहखाने में वाराणसी कोर्ट के आदेश के बाद पूजा शुरू करने



के बाद हिंदू पक्ष ने ज्ञानवापी मस्जिद के बाकी तहखानों के एएसआई सर्वे की मांग की है। इसको लेकर मंगलवार को कोर्ट में आज सुनवाई हुई। वाराणसी के जिला जज की अदालत में ज्ञानवापी के बंद तहखाने की याचिका की सुनवाई अब 15 फरवरी को होगी।

### पीओके में छात्रों ने पाकिस्तान के खिलाफ किया विरोध-प्रदर्शन

**गिलगित बाल्टिस्तान।** पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में छात्रों ने विरोध-प्रदर्शन किया। जबकि इस्लामाबाद में सोमवार को कश्मीर एकजुटता दिवस मनाने के आह्वान किया गया था जिसे ठुकराते हुए इन छात्रो ने जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तान विरोधी-प्रदर्शन किया। पाकिस्तान में कश्मीरियों के प्रति समर्थन दिखाने के लिए कश्मीर एकजुटता दिवस मनाया जाता है। कश्मीर पर पाकिस्तान के धोखे को उजागर करते हुए गुलाम जम्मू-कश्मीर के निवासी इस्लामाबाद से इस मुद्दे पर दुष्प्रचार की जगह अपनी कमियों पर ध्यान देने को कह रहे हैं।

### केजरीवाल के निजी सचिव और पार्टी से जुड़े 10 ठिकानों पर छापा

**नई दिल्ली।** ईडी ने मंगलवार सुबह धन शोधन की जांच के सिलसिले में आम आदमी पार्टी के नेता और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निजी सचिव वैभव कुमार और पार्टी से जुड़े लोगों सहित दस ठिकानों पर छापा मारा। यह कार्रवाई पार्टी की होने वाली प्रेस कॉन्फ्रेंस से ठीक पहले की गई है। उल्लेखनीय है कि दिल्ली की मंत्री आतिशी ने आज सुबह 10 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बड़ा खुलासा करने का दावा किया था।

### जल संशोधन विधेयक 2024 राज्यसभा से पारित

**नई दिल्ली।** राज्यसभा ने मंगलवार को राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में अध्यक्ष को नामित करने के लिए मानदंड निर्धारित करने, कुछ औद्योगिक इकाइयों को प्रतिबंधों से छूट देने और जल प्रदूषण से जुड़े छोटे-मोटे मामलों को अपराध की श्रेणी से बाहर करने से जुड़े विधेयक को पारित कर दिया। जल संशोधन विधेयक 2024 पर चर्चा का जवाब देते हुए केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव ने कहा कि विधेयक का मकसद लोगों को सही प्रक्रिया से चलाने और अनावश्यक कानूनी कार्यवाही बचाने के लिए लाया है।

### संजय सिंह को शपथ लेने की मिली दोबारा अनुमति

**नई दिल्ली।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में गिरफ्तार आम आदमी पार्टी नेता संजय सिंह को राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ लेने की दोबारा अनुमति दे दी है। स्पेशल जज एमके नागपाल ने यह आदेश दिया। संजय सिंह को कोर्ट ने 05 फरवरी को राज्यसभा जाकर शपथ लेने की अनुमति दी थी लेकिन राज्यसभा सदस्य के रूप में उनका शपथ नहीं हो सका। संजय सिंह ने राज्यसभा जाकर शपथ लेने की दोबारा अर्जी दाखिल की, जिसे कोर्ट ने मंजूर कर लिया। कोर्ट ने संजय सिंह को पुलिस हिरासत में 8 या 9 फरवरी को राज्यसभा जाकर शपथ लेने की अनुमति दी। राऊज एवेन्यू कोर्ट ने 22 दिसंबर 2023 को संजय सिंह की जमानत याचिका खारिज कर दी थी।

## टॉप स्टोरीज

हिमाचल में कुक-कम-हेल्पर महिलाओं को 180 दिन का मातृत्व अवकाश: सुक्खू ...पेज 3

स्वदेशी एलसीए 'तेजस' एमके-1ए फाइटर जेट इसी महीने भरेगा पहली उड़ान ...पेज 7

न्यूजीलैंड ने दक्षिण अफ्रीका पर 528 रन की बनाई बड़ी बढ़त ...पेज 14

### लोकसभा से पास हुआ लोक परीक्षा विधेयक, 10 साल की जेल और एक करोड़ जुर्माने जैसे कई सख्त प्रावधान

# पेपर लीक करने वालों की खैर नहीं, अब बनेगा सख्त कानून

**एजेंसी, नई दिल्ली**

प्रतियोगी परीक्षाओं में गड़बड़ी और अनियमितताओं से सख्ती से निपटने के लिए मंगलवार को लोक परीक्षा (अनुचित साधन रोकथाम) विधेयक, 2024 संसद में ध्वनि मत से पास हो गया। अब परीक्षा की शुचिता को भंग करने के अपराध के लिए नया कानून बनेगा। विधेयक के तहत गलत तरीके से परीक्षा पास करने वाले को तीन साल की कैद की सजा और दस लाख तक का जुर्माना होगा। साथ ही परीक्षा से जुड़ी अनुचित सेवाएं उपलब्ध कराने वाले दोषियों पर एक करोड़ जुर्माना और 10 साल सजा का प्रावधान है।



### यह एक केंद्रीय कानून होगा

विधेयक में एक उच्च स्तरीय तकनीकी समिति का भी प्रस्ताव है, जो कंप्यूटर के माध्यम से परीक्षा प्रक्रिया को और अधिक सुरक्षित बनाने के लिए सिफारिशें करेगी। यह एक केंद्रीय कानून होगा और इसके दायरे में संयुक्त प्रवेश परीक्षाएं और केंद्रीय विश्वविद्यालयों में दाखिले के लिए होने वाली परीक्षाएं भी आएंगी।

### विद्यार्थियों को निशाना नहीं बनाया जाएगा

लोक परीक्षा (अनुचित साधन रोकथाम) विधेयक, 2024 सोमवार को संसद में पेश किया गया था जो कि मंगलवार को पास भी हो गया। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने हाल ही में इस विधेयक को मंजूरी दी थी। इस कानून के तहत विद्यार्थियों को निशाना नहीं बनाया जाएगा, बल्कि इसमें संगठित अपराध, माफिया और सांठगांठ में शामिल पाए गए लोगों के खिलाफ कार्रवाई का प्रावधान है।

### कई बार हो चुका है पेपर लीक

सूत्रों ने बताया कि परीक्षा पत्र लीक होना एक राष्ट्रव्यापी समस्या बन गई है, इसलिए अपनी तरह का पहला केंद्रीय कानून लाने की आवश्यकता महसूस की गई। गुजरात जैसे कुछ राज्य इस समस्या से निपटने के लिए अपने कानून लेकर आए हैं। पिछले साल परीक्षा पत्र लीक होने के बाद राजस्थान में शिक्षक भर्ती परीक्षा, हरियाणा में ग्रुप-डी पदों के लिए सामान्य पात्रता परीक्षा (सीईटी), गुजरात में कनिष्ठ लिपिकों के लिए भर्ती परीक्षा और बिहार में कांस्टेबल भर्ती परीक्षा समेत अन्य परीक्षाएं रद्द की गई थीं।

### बिल पर क्या है शिक्षक और छात्रों की प्रतिक्रिया

**बीते** पांच साल से सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे राजस्थान के रहने वाले अभ्यर्थी धीरज विश्नोई कहते हैं कि पेपर लीक एक ऐसी खाई है, जिसमें हमारे सपने, उम्मीदें और उम्र सब डूब जाते हैं। वह कहते हैं कि प्रतियोगी परीक्षाओं की शुचिता विश्वास पर टिकी होती है। हम परीक्षार्थी के तौर पर जिस पर भरोसा करके अपने कई साल की मेहनत, त्याग, माता-पिता की कमाई और कठिन परिश्रम लगाते हैं। लाखों छात्र परीक्षाओं की तैयारी के लिए छोटी-सी उम्र में अपना घर छोड़ देते हैं। ऐसे में सरकार की ओर से सख्त कानून बहुत जरूरी हो जाता है।

# अवैध पटाखा फैक्टरी में लगी आग, 12 की मौत, 63 घायल

## मध्य प्रदेश में सामने आया मामला, जांच के लिए कमेटी गठित

**एजेंसी, हरदा ( मप्र )**

मध्य प्रदेश के हरदा जिले में मंगलवार को एक अवैध पटाखा फैक्टरी में विस्फोट के बाद आग लग गई। फैक्टरी में आतिशबाजी के इस्तेमाल के लिए रखे गए बारूद के संपर्क में आकर आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। इससे पूरा इलाका दहल गया। हादसे में अब तक 12 लोगों की मौत हो गई है जबकि 63 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं, जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उच्च स्तरीय बैठक बुलाकर घटना की जांच के आदेश दिए हैं। साथ ही जांच के लिए छह सदस्यीय समिति का गठन भी कर दिया है।

जानकारी के अनुसार, शहर में मगरधा रोड पर ग्राम बैरागढ़ में स्थित एक अवैध पटाखा फैक्टरी में मंगलवार को





पटाखा फैक्टरी में विस्फोट के बाद लगी आग, दूसरी ओर घटना को लेकर आपात बैठक करते एमपी के सीएम।

जोरदार धमाके के बाद भीषण आग लग गई। आग तेजी से फैली और आसपास के 50 से ज्यादा घरों को अपनी चपेट में ले लिया। इसकी वजह से क्षेत्र में अफरातफरी का माहौल हो गया और लोग इधर-उधर भागते नजर आए। विस्फोट के वक्त फैक्टरी परिसर में 250 से ज्यादा मजदूर काम कर रहे थे। फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। घायलों को एंबुलेंस के जरिए अस्पताल भेजा गया है। बताया जाता है कि 100 से अधिक लोग अभी भी इस फैक्टरी परिसर के भीतर फंसे हुए हैं। बैतूल कलेक्टर के निर्देश पर सीएमएचओ रविकांत उईके ने चार चिकित्सकों की टीम, दवाइयों के साथ भेज दी है। सीएमएचओ ने बताया कि चार 108 एंबुलेंस भी भेजी हैं और हरदा जिले के स्वास्थ्य अधिकारियों से लगातार संपर्क किया जा रहा है।

### पीएम ने जताया दुख मुआवजे की घोषणा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मध्य प्रदेश के हरदा जिले में मंगलवार को पटाखा



फैक्टरी में हुई दुर्घटना पर दुख जताया। प्रधानमंत्री ने पीएम राष्ट्रीय राहत कोष से मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख और घायलों को 50-50 हजार रुपए के मुआवजे की घोषणा की है।

# कंपनी से 100 मीटर दूर मिला तैयार माल का गोदाम, टीम ने भरे सैंपल

## अघोषित कैमिकल की तलाश में सीएफएसएल टीमें और पुलिस

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

बद्दी के झाड़माजरी स्थित एनआर एरोमा उद्योग में भीषण अग्निकांड के बाद मामले की आगामी तफ्तीश को तेज कर दिया गया है। मंगलवार

अनंत ज्ञान फॉलोअप

को पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि कंपनी से 100 मीटर दूर तैयार माल का एक बड़ा गोदाम था जहां पर कंपनी से तैयार प्रोडक्ट को स्टोर किया जाता था।

पुलिस जिला बद्दी अधीक्षक इल्मा अफरोज की अगुआई में केंद्रीय फॉरेंसिक (सीएसएफएल) टीम ने तैयार माल के सैंपलों को जांच के लिए भरा है। जिन्हें लैब में भेजा जाएगा। बता दें कि उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान पहले की बोल चुके हैं कि कंपनी जिस कैमिकल का इस्तेमाल कर रही थी उसकी विभागों को कोई जानकारी नहीं थी और न ही किसी विभाग के पास रजिस्टर्ड था। अगर सीएसएफएल की जांच रिपोर्ट में कैमिकल खतरनाक और हार्मफूल पाया जाता है जिसके इस्तेमाल में पूरी तरह से रोक है तो कंपनी संचालकों की दिक्कतें बढ़ सकती हैं।



सीएसएफएल की टीम पुलिस के साथ कंपनी के गोदाम का निरीक्षण करती हुई।

### परफ्यूम उद्योग अग्निकांड: हादसे के पांचवें दिन सर्च ऑपरेशन रहा बंद

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

बद्दी के झाड़माजरी में एनआर एरोमा उद्योग अग्निकांड के पांचवें दिन सर्च अभियान पूरी तरह से बंद रहा। घटनास्थल पर एनडीआरएफ की टीम मौजूद है।

प्रशासन द्वारा पूरी बिल्डिंग को अनसेफ घोषित किए जाने के कारण एनडीआरएफ की टीमों को अब अंदर जाने के लिए प्रशासन के आदेशों का इंतजार है। मंगलवार को एनडीआरएफ ने केवल केंद्र से आई फोरेंसिक टीम के साथ सैंपल भरने के दौरान कुछ मदद की। वहीं, लापता चल रहे कामगारों के परिजनों की उम्मीदें भी टूटती जा रही हैं। अभी तक लापता पांच कामगारों का पता नहीं चला है। एनडीआरएफ के अधिकारियों का कहना है कि वह प्रशासन के आदेशों का इंतजार कर रहे हैं। हालांकि दो मंजिल तक टीम ने लगभग तलाश पूरी कर ली है। एनडीआरएफ के हेड निरीक्षक नफीस खान ने बताया कि तीन फ्लोर में सर्च अभियान पूरा कर लिया है। चौथे फ्लोर में आदेश के बाद ही सर्च अभियान चलाया जाएगा।

# डिजिटल विज्ञापनों को लेकर जल्द सामने आएगी नई नीति : अनुराग

## डीएनपीए कॉन्क्लेव दिल्ली में केंद्रीय मंत्री ने दिए संकेत

**एजेंसी, नई दिल्ली**

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा है कि इस समय देश में बहुत कुछ अच्छा हो रहा है। अलग-अलग क्षेत्रों में अंतरराष्ट्रीय स्तर के उत्कृष्ट कार्य हो रहे हैं। देश की मीडिया को इन कार्यों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ले जाने में अपनी भूमिका निभानी चाहिए।

उन्होंने कहा कि मीडिया को अब तकनीक का बेहतरीन इस्तेमाल करते हुए आगे बढ़कर देश निर्माण में अपनी भूमिका निभानी चाहिए। साथ ही उन्होंने



डिजिटल विज्ञापनों को लेकर नई नीति लाने की बात भी कही। डीएनपीए कॉन्क्लेव में दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि आज के तकनीकी युग में फर्जी और अप्रमाणित समाचारों से बचने की आवश्यकता है। इससे समाचार जगत की विश्वसनीयता कमजोर होती है। उन्होंने कहा कि मीडिया के नाम पर कुछ लोगों द्वारा कई गलत कार्य किए जा रहे हैं, जिनसे देश-समाज का हित प्रभावित होता है। हालांकि, उन्होंने मीडिया की यह कहकर प्रशंसा भी की कि गंभीर स्थितियों में मीडिया ने सकारात्मक रूप से अपनी भूमिका निभाने में सफल रहा है। डिजिटल मीडिया और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के आने से भी कोई नकारात्मक असर नहीं होगा।

# बीड़ बिलिंग के जंगल में युवक-युवती के शव बरामद

## पोस्टमार्टम के लिए बैजनाथ अस्पताल पहुंचाए, पैराग्लाइडिंग के लिए विश्व प्रसिद्ध है घाटी

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**

पैराग्लाइडिंग के लिए विश्व प्रसिद्ध बीड़ बिलिंग के जंगलों में लापता युवक और युवती के शव मंगलवार दोपहर करीब एक बजे रेस्क्यू टीम की मदद से बरामद किए गए हैं।

पुलिस थाना बीड़ के प्रभारी दलीप सकलानी ने बताया कि युवक अभिनंदन गुप्ता पुत्र अनिल गुप्ता निवासी शिवनगर पठानकोट, पंजाब जो कि चौगान में रह रहे थे, उनकी गुमशुदगी की रिपोर्ट कर्णवीर सिंह निवासी चौगान और युवक के दोस्तों ने पुलिस थाना बीड़ में दर्ज करवाई थी। जिसके अनुसार युवक अभिनंदन अपनी गाड़ी में अपने पालतू कुत्ते सहित



बिलिंग गया था तथा अपनी गाड़ी को बिलिंग घाटी के मोड नंबर सात पर खड़ी कर पैदल बिलिंग तक गया था।

शाम तक घर न पहुंचने पर उसके मोबाइल पर लगातार संपर्क करने पर फोन बंद आ रहा था। घर न पहुंचने पर उसकी तलाश सोमवार को बिलिंग व नीचे उतरने वाले रास्ते में पुलिस व कुछ स्थानीय लोगों द्वारा की गई, लेकिन किसी तरह का सुराग हाथ में नहीं लग सका। लोगों के अनुसार युवक के साथ जो युवती थी, जिसकी पहचान प्रणिता बालासाहेब कुंभार निवासी पुणे महाराष्ट्र की गई है। सोमवार देर रात इसकी सूचना माउंटेन पारा रेस्क्यू टीम को दी गई और मंगलवार सुबह करीब आठ बजे रेस्क्यू टीम बीड़ पुलिस और स्थानीय लोगों द्वारा बीड़ के आसपास जंगलों को खंगाला गया। मोड नंबर सात के ऊपरी जंगल में युवक और युवती का शव बरामद हुआ। युवक के चेहरे को जंगली जानवरों ने नोच दिया है। युवक का पालतू कुत्ता वहीं पर मौजूद था। शवों को वहां से बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए दोनों शवों को सिविल हॉस्पिटल बैजनाथ ले जाया गया।

पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। रेस्क्यू टीम में राहुल, भगवान सिंह, संजय कुमार, राजेंद्र ठाकुर, नीलकमल, राकेश, श्रवण कुमार, संजय ठाकुर, सुरेंद्र, जितेंद्र, अभय ठाकुर, मनोज कुमार, अजय ठाकुर, रोहित, हरदेव शामिल रहे। वहीं पुलिस टीम में एसएचओ दलीप, विनोद कुमार, एचसीसी रविंद्र बक्शी और रेखा कटोच शामिल रहीं। (अनंत ज्ञान)

### नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से लश्कर का आतंकी गिरफ्तार

**एजेंसी, श्रीनगर**

जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में सक्रिय पाकिस्तानी आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के आतंकी रियाज अहमद राथर को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पाकिस्तान में बैठे लश्कर आकाओं के निर्देश पर रियाज अहमद राथर ने एलओसी के पार से हथियार व गोला बारूद प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

इस आतंकी मॉड्यूल मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार करके 5 एके राइफल (शॉर्ट), 5 एके मैगजीन, 16 शॉर्ट एके राउंड सहित आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई थी। इस संबंध में एक मामला पुलिस स्टेशन करनाह, कुपवाड़ा (जम्मू-कश्मीर) में दर्ज किया गया था और जांच चल रही है।

**शिकंजा** प्रदेश के आटा मिल मालिकों से खाद्य आपूर्ति विभाग लेगा सिक्योरिटी राशि

# तीन से 20 लाख तक सिक्योरिटी होगी वसूल

**अरविंद शर्मा, शिमला**

प्रदेश भर के विभिन्न डिपुओं में आटा पीसकर भेजने वाले फ्लोर मिल मालिकों से अब खाद्य आपूर्ति विभाग सिक्योरिटी लेने जा रहा है। वर्तमान में प्रदेश में करीब 90 फ्लोर मिल हैं, जिनमें खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा आटा पिसवाया जाता है।

आटा पीसने का कार्य राज्य की विभिन्न फ्लोर मिल मालिकों प्रतिमाह आवंटित किया जाता है, जिसके लिए विभाग द्वारा किसी प्रकार की सिक्योरिटी नहीं ली जा रही थी, लेकिन अब विभाग द्वारा सिक्योरिटी लेने के लिए राशि तय की गई है। विभाग द्वारा करीब तीन से लेकर 20 लाख रुपए तक की सिक्योरिटी फ्लोर मिल मालिकों से ली जाएगी। इसके पीछे यही कारण बताया जा रहा है कि आटे की गुणवत्ता को लेकर विभाग द्वारा कई बार प्रदेश भर के फ्लोर मिल मालिकों से सैंपल भरे जाते हैं और रिपोर्ट सही नहीं आने पर उन्हें जुर्माना भी लगाया जाता है, लेकिन इस दौरान जो गेहूं पीसने के लिए दिया जाता है, उसके सैंपल खराब होने पर विभाग को नुकसान होता है। इस नुकसान की भरपाई के लिए विभाग अब पहले से अलर्ट हो गया है। खराब आटा पीसने पर या सैंपल की चेकिंग के दौरान यदि आटे की गुणवत्ता सही नहीं पाई जाती है तो ऐसे में पहले से ली गई सिक्योरिटी से फ्लोर मिल मालिकों से जुर्माने के तौर पर पहले से जमा सिक्योरिटी से वसूला जाएगा। (अनंत ज्ञान)



### डिपुओं में समय पर नहीं दी जाती आटे की सप्लाई

**कई** मर्तबा राज्य के दूरदराज क्षेत्रों के लिए भेजे जाने वाले आटे की सप्लाई समय पर नहीं हो पाती। फ्लोर मिल मालिकों द्वारा समय पर आटे की पिसाई नहीं किए जाने से लाखों डिपु उपभोक्ताओं को इसका खामियाजा उठाना पड़ता है। ऐसे में विभाग द्वारा फ्लोर मिल मालिकों पर नुकेल कसने के उदेश्य से जुर्माना लगाने की तैयारी की गई है। मुख्यमंत्री द्वारा अप्रूवल मिलने के बाद अब इसे जल्द ही लागू किया जाएगा।



प्रदेश भर में फ्लोर मिल मालिकों से सिक्योरिटी ली जाएगी। इसके लिए 3 लाख रुपए से लेकर 20 लाख रुपए तक सिक्योरिटी तय की गई हैं। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने इस सिक्योरिटी को कम करने के निर्देश दिए थे जिसके बाद इसमें बदलाव कर दोबारा से मुख्यमंत्री के पास भेज दिया है। जैसे ही मुख्यमंत्री की अप्रूवल मिलेगी तो फ्लोर मिल मालिकों से सिक्योरिटी ली जाएगी।

**राम कुमार गौतम, निदेशक राज्य खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग**

# सुल्तानपुर की उप डाकपाल के घर पर सीबीआई की रेड

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

कुल्लू के सुल्तानपुर में डाकघर में हुए 36 लाख रुपए के गबन मामले में मंगलवार को सीबीआई ने बड़ी कार्रवाई की है। सीबीआई ने आरोपी उप डाकपाल के कुल्लू स्थित परिसरों पर तलाशी ली।

तलाशी के दौरान दो लाख रुपए नकद एवं कुछ आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद किए हैं। सीबीआई ने सरकारी धन के गबन के आरोप में उप डाकघर सुल्तानपुर, एसओ जिला, कुल्लू (हिमाचल प्रदेश) में कार्यरत एक उप डाकपाल के खिलाफ मामला दर्ज करके आगामी कार्रवाई जांच कर दी है। उक्त उप डाकपाल पर आरोप है कि अगस्त 2023 से जनवरी 2024 की अवधि के दौरान आरोपी ने 36,30,125 रुपए की राशि का गबन किया गया और आरोपी ने कथित तौर पर

### सरकारी धन के गबन का मामला, डाकपाल के घर से तलाशी के दौरान दो लाख नकद और दस्तावेज बरामद

झूठी/फर्जी दैनिक लेनदेन रिपोर्ट तैयार की। गौर रहे कि कुल्लू के सुल्तानपुर स्थित डाकघर से लाखों रुपए के गबन का मामला सामने आया था। मामला सामने आने के बाद उक्त सब पोस्ट मास्टर के पद पर तैनात महिला कर्मचारी को सुल्तानपुर की ब्रांच से हटा दिया था। इस डाकघर में बचत खाता, सुकन्या योजना, आरडी सहित केंद्र सरकार की डाकघर के जरिए चलाई गई योजनाओं में गड़बड़ी पाई गई थी। उधर, डाक विभाग ने इस मामले में आरोपी महिला कर्मचारी को सस्पेंड कर दिया है। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### तशिजोंग में हादसे में महिला की मौत

**पपरोला।** पपरोला के साथ लगते तशिजोंग में एक कार दुर्घटना में एक महिला की मौत हो गई। जबकि तीन लोग घायल हो गए। पुलिस के अनुसार सोमवार रात को गोरजा देवी उम्र 38 साल निवासी जंडपुर विवाह समारोह से वापस घर लौट रहे थे की तशिजोंग के पास उनकी गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इसमें उक्त महिला की मौत हो गई तथा अन्य तीन लोग जो महिला के साथ गाड़ी में थे। वे घायल हो गए। ट्रैफिक इंचार्ज भगतराम ने बताया की पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सौंप दिया है तथा मुकदमा दर्ज कर जांच जारी है।

### अभी दो दिन और करना होगा पानी का इंतजार

**पालमपुर।** पेयजल योजना भवारना, हैंजा, मालनू, तथा पेयजल योजना सुलह, ठंबा, ननाओं की मुख्य पाइप लाइनों की मरम्मत के चलते सात और आठ फरवरी को ठाकुरद्वारा, भट्टू, फरेड़, भवारना, हैंजा इत्यादि इलाकों में पीने के पानी की सप्लाई बाधित रहेगी। उक्त सूचना सहायक अभियंता सुलह डीएस परमार ने दी और लोगों से सहयोग की अपील की है। डीएस परमार ने बताया की पाइपों में ब्लॉकेज आने की वजह से पांच फरवरी से मरम्मत कार्य चला हुआ है लेकिन ब्लॉकेज ज्यादा होने की वजह से और दो दिन लग सकते हैं।

### यातायात में बाधा उत्पन्न करने पर मामला दर्ज

**धर्मशाला।** पुलिस थाना मैक्लोडगंज के तहत दलाई लामा टेंपल रोड पर मोमो की दुकान लगाने वाले एक युवक के खिलाफ हुड़दंग और यातायात में बाधा उत्पन्न करने के चलते पुलिस ने मामला दर्ज किया है। पुलिस थाना प्रभारी विनोद शर्मा ने मामले की पुष्टि की है।

### अग्निशमन लाइन बिछाने को स्ट्रीट रोड बंद

**धर्मशाला।** जल शक्ति विभाग की ओर से रामनगर तथा श्यामनगर में नंदिनी कॉटेज से महाजन क्लीनिक तक अग्निशमन लाइन बिछाने के कार्य के चलते दस फरवरी से 25 फरवरी तक स्ट्रीट रोड यातायात के लिए बंद रहेगा। यह जानकारी देते हुए एडीएम डॉ. हरीश गज्जू ने बताया कि इस बाबत आदेश जारी कर दिए गए हैं तथा ट्रैफिक शुक्ला नर्सिंग होम की तरफ से डाइवर्ट किया गया है, ताकि लोगों को किसी भी तरह की असुविधा नहीं हो।

### बैजनाथ में तारा रात्रि का आयोजन आठ को

**बैजनाथ।** हर वर्ष की भांति इस बार भी तारा रात्रि का महोत्सव बैजनाथ में बड़ी धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। जानकारी देते हुए विनय मेहता ने बताया की आठ तारीख रात को शिव मंदिर बैजनाथ में जगराते का आयोजन किया जाएगा इसके बाद शिव मंदिर बैजनाथ के बाहर पीपल के पेड़ के नीचे भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

### आज यहां-यहां बंद रहेगी बिजली

**कांगड़ा।** विद्युत उपमंडल शाहपुर के अंतर्गत आने वाले 33/11 केवी सब-स्टेशन शाहपुर की मरम्मत और उचित रख रखाव हेतु शाहपुर, मझियार, झंगी, डोहब, कयारी, संधु, हरलेरा, बडंज, 39 मील, आईटीआई, द्रम्मण, छतड़ी, सिहुंआ, भनियार, हटली, गोरड़ा, भनाला, रेहलू, पलवाला, दरगेला, दरीणी, बोह, सल्ही व साथ लगते गांव में सात फरवरी को सुबह 11 बजे से सायं तीन बजे अथवा कार्य समाप्ति तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल शाहपुर ई. विक्रम शर्मा ने देते हुए लोगों से सहयोग की अपील की है।

### भ्रांता में वॉलीबाल प्रतियोगिता नौ से

**डरोह।** विकास खंड सुलह स्थित भेड़ूमहादेव की ग्राम पंचायत भ्रांता के युवा क्लब साईं भ्रांता द्वारा नौ से 11 फरवरी तक साईं खेल मैदान में तीन दिवसीय वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए आयोजन समिति के अध्यक्ष अमित जाट ने बताया कि नौ फरवरी को केवल जिला कांगड़ा की टीमों के बीच ही मुकाबले होंगे। इसमें विजेता तथा उपविजेता टीम को क्रमशः 3,100 व 2,100 रुपए नकद पुरस्कार, ट्रॉफी व स्मृति चिन्ह दिए जाएंगे। जबकि दस व 11 फरवरी को वॉलीबाल की ओपन प्रतियोगिता का आयोजन होगा। इस ओपन प्रतियोगिता की विजेता टीम को 31,000 व उपविजेता टीम को 21,000 रुपए की नकद राशि पुरस्कार के रूप में दी जाएगी। ट्रॉफी व स्मृति चिन्ह भी दिए जाएंगे।

### 20 फरवरी तक दोबारा अपलोड करें दस्तावेज

**धर्मशाला।** डॉ. (मेजर) विशाल शर्मा, सचिव, हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने प्रेस को जारी वक्तव्य में बताया कि हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा हि. प्र. राज्य मुक्त विद्यालय के अंतर्गत मार्च, 2024 में आयोजित करवाई जाने वाली आठवीं, दसवीं व जमा दो कक्षा हेतु पंजीकृत परीक्षार्थियों की पात्रता की जांच करने पर पाया गया है कि अधिकतर परीक्षार्थियों के अपलोड किए गए दस्तावेज धुंधले है या पठनीय नहीं है। ऐसे परीक्षार्थियों के आवेदन पत्रों को वांछित दस्तावेज पुनः अपलोड करने हेतु राज्य मुक्त विद्यालय के अध्ययन केंद्रों को सूचित कर दिया गया है। इस विषय में समस्त राज्य मुक्त विद्यालय अध्ययन केंद्रों के समन्वयक उपरोक्त वर्णित दस्तावेज दिनांक 20 फरवरी तक ऑनलाइन अपलोड करें अन्यथा संबंधित परीक्षार्थियों का अनुक्रमांक जारी नहीं किया जाएगा। इसके लिए अध्ययन केंद्र के समन्वयक एवं प्रभारी जिम्मेदार होंगे।

### आर्द्धनारेश्वर को दी जाने वाली बधाई राशि की तय



चांदड़ बमियाल पंचायत में बैठक में भाग लेते लोग।

**डरोह।** विकास खंड सुलह स्थित भेड़ू महादेव के अंतर्गत आने वाली पंचायत चांदड़ बमियाल में ग्राम सभा का आयोजन किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास करके आर्द्धनारेश्वर को विवाह शादी और पुत्र प्राप्ति के उपलक्ष्य में दी जाने वाली बधाई राशि 1100 रुपए तय की गई। इस दौरान बैठक में विचार-विमर्श किया गया कि कई ऐसे परिवार हैं जो आर्द्धनारेश्वर को मुंहमांगी रकम नहीं दे सकते। वे मात्र 1100 रुपए देकर आर्द्धनारेश्वर का आशीर्वाद प्राप्त कर सकते हैं। इसके साथ-साथ जो लोग अपनी इच्छा से अतिरिक्त धन राशि देना चाहते हैं उनके लिए कोई रोक नहीं है। इसके अलावा अगर कोई आर्द्धनारेश्वर पंचायत द्वारा निर्धारित की गई राशि न लेकर ज्यादा मांगे तो स्थानीय निवासी पंचायत से मदद ले सकते हैं।

### पंप ऑपरेटर-पैरा फिटर बनने को करें आवेदन

**जवाली।** जल शक्ति विभाग जवाली में पंप ऑपरेटर, पैरा फिटर व मल्टी पर्पज वर्कर के पदों को भरने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसके लिए आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। जल शक्ति विभाग जवाली के अधिशाषी अभियंता अजय शर्मा ने बताया कि पंप आपरेटर के 16 पद, पैरा फिटर के छह पद व मल्टी पर्पज वर्कर के 34 पदों को भरा जाएगा। उन्होंने कहा कि पंप ऑपरेटर व पैरा फिटर को 6000 रुपए मासिक तथा मल्टी पर्पज वर्कर को 4400 रुपए मासिक दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि पंप ऑपरेटर पद पर आवेदन करने वालों को दसवीं प्रमाण पत्र सहित इलेक्ट्रिशियन, वॉयरमैन, डीजल मेकेनिक, पंप मेकेनिक, पंप ऑपरेटर कम मेकेनिक ट्रेड में आईटीआई का प्रमाण पत्र अनिवार्य होगा। अधिशाषी अभियंता अजय शर्मा ने बताया कि आवेदक नौ फरवरी तक सुबह 11 बजे से लेकर चार बजे तक कार्यालय में जमा करवा सकते हैं। इसके लिए 18 से 45वर्ष की आयु वाले आवेदन कर सकते हैं।

### कोविड कर्मचारियों को नहीं मिला वेतन

**पालमपुर।** कोरोना काल में बेहतर सेवाएं देने वाले कोरोना वॉरियर्स की हालत यह है कि इन लोगों को अब दो वक्त की रोटी की चिंता सताने लगी है। इनको जुलाई से लेकर सितंबर तक तीन माह का वेतन भी नहीं मिला है। जब लोगों के रिश्तेदार भी कोरोना मरीज के पास नहीं आते थे तो ये कोरोना कर्मचारी ही कोरोना मरीजों की सेवा करते थे। कोरोना वॉरियर्स अतुल, सन्नी, आशु, मुनीष, अजय, अंकित और अमित ने बताया कि सरकार ने उनकी सेवाएं ली और जब हालात सामान्य हुए तो कोरोना कर्मचारियों को बाहर का रास्ता दिखा दिया।

### कृषि सेवा सहकारी सभा कस्बा स्यूल के चुनाव 27 को

**डाडासीबा।** डाडासीबा तहसील के अंतर्गत आने वाली दी कस्बा स्यूल कृषि सेवा सहकारी सभा के प्रधान व अन्य कार्यकारिणी सदस्यों के चुनाव 27 फरवरी को होने सुनिश्चित हुए हैं। यह जानकारी सभा के सचिव दिलबाग सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि नामांकन 12 फरवरी को भरे जाएंगे।

---

जन सुनवाई के दौरान इच्छी के ग्रामीणों ने आवाज की बुलंद; बोले- एक कनाल नहीं हमें दस कनाल भूमि दो

# एक ही नारा एक ही पुकार, नहीं चाहिए हवाई अड्डे का विस्तार

**अनंत ज्ञान, गगल**

एयरपोर्ट विस्तार के चलते मंगलवार को सरकार की ओर से गांव इच्छी में जन सुनवाई का कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें ग्रामीणों ने एक ही आवाज उठाई हमें न तो चार गुना मुआवजा चाहिए और न ही अन्य सुविधा और न ही चाहिए सरकार की ओर से भीख, लेकिन नहीं चाहिए तो केवल हवाई अड्डे का विस्तार। यह बात आज गांव इच्छी में ग्रामीणों ने वहां आयोजित जन सुनवाई के दौरान सामूहिक रूप से कहीं।

एडीएम डॉक्टर हरीश गज्जू, उपमंडल अधिकारी इशांत जसवाल की अध्यक्षता में आयोजित जन सुनवाई के कार्यक्रम में ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से जन सुनवाई का विरोध करते हुए कहा कि उन्हें हवाई अड्डे का विस्तार कतई मंजूर नहीं। इस अवसर पर संघर्ष समिति के प्रधान रजनीश मोना ने और महासचिव हंसराज ने कहा की सरकार एयरपोर्ट विस्तार की बजाय उसे कहीं ओर खाली जगह पर नए बड़े हवाई अड्डे का निर्माण करें, जिस प्रकार गुजरात और हैदराबाद में शहरों से दूर चालीस चालीस किलोमीटर से दूर हवाई अड्डे बनाए गए हैं वैसे ही गग्गल एयरपोर्ट विस्तार के बजाए 15 किलोमीटर दूर बोड़ कवालु पर नया हवाई अड्डा बनाया जाए।



जन सुनवाई के दौरान लोगों की अपात्तियां सुनते अधिकारी।

इस अवसर पर पंचायत प्रधान कुसुमलता ने बात ही बात में कहा कि अगर सरकार फिर भी हमें भूमिहीन करके हवाई अड्डे के विस्तार को लेकर अड़ी हुई है और बनाना ही चाहती है तो हमें एक कनाल के बदले दस कनाल भूमि उपलब्ध करवाए और पर्यटन नगरी धर्मशाला व मैक्लोडगंज में ग्रामीणों को प्रति परिवार एक-एक होटल बना दिया जाए, ताकि उजड़ने वाले किसान पुण अपना रोजगार प्राप्त कर सके। इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारी एडीएम हरीश गज्जू और एसडीएम इशांत जसवाल आदि ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि हम आपकी आपत्तियां सरकार तक पहुंचाएंगे और जिसको भी कोई आपत्ति है तो यहां पर दर्ज करवा सकते हैं। जन सुनवाई के दौरान 115 के लगभग आपत्तियां दर्ज हुई है। इस अवसर पर पंचायत प्रधान कुसुम लता, उपप्रधान इकबाल गुलेरिया, आर एंड आर एक्सपर्ट सुरेंद्र परमार, पटवारी सीमा, मुनिषा, सरताज गुलेरिया आदि उपस्थित थे।

# सात मांगों को लेकर अष्टाम विक्रेताओं ने राजस्व सचिव को भेजा पत्र

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

ई-स्टामपिंग कार्य स्टॉक होल्डिंग को देने सहित विभिन्न मांगों को लेकर जिला अष्टाम वेंडर जिला कांगड़ा के कार्यकारिणी समिति की बैठक कार्यकारिणी के अध्यक्ष ओम प्रकाश की अध्यक्षकता में धर्मशाला में आयोजित हुई।

बैठक में सभी अष्टाम विक्रेता उपस्थित रहे तथा ई-स्टामपिंग कार्य स्टॉक होल्डिंग को देने बारे में चर्चा की गई। अष्टाम विक्रेता कार्यकारिणी समिति जिला कांगड़ा ने राजस्व सचिव से मांग की है कि उनकी स्थिति को देखते हुए उनकी मांगों को पूरा किया जाए, ताकि वह भविष्य में अपने परिवार का पालन पोषण कर सकें और बिना किसी तनरव के सुचारु रूप से कार्य कर सकें। कार्यकारिणी अध्यक्ष ने बताया कि अपनी विभिन्न मांगों को लेकर उक्त समिति ने राजस्व सचिव, हिमाचल प्रदेश को एक मांग पत्र भी प्रषित किया है। मांग में कमीशन को चार प्रतिशत से बढ़ाकार दस प्रतिशत किया जाए। क्योंकि 1973 से लेकर आज तक कमीशन चार प्रतिशत की रही है, जिससे परिवार का पालन-पोषण करना मुश्किल हो रहा है। अस्टांप का कार्य ई-स्टांप के साथ-साथ मैनुअल भी रखा जाए। क्योंकि अधिकतर अष्टाम विक्रेता जिसमें कई स्टांप विक्रेता 1973 से भी कार्य कर रहे हैं तथा कंप्यूटर की जानकारी नहीं रखते हैं और वह इसी कार्य पर निर्भर हैं। ई-स्टांप पेपर का कार्य लोक मित्र, कॉमन सर्विस सेंटर व बैंक आदि को न देकर यह कार्य सीधे तौर पर अष्टाम विक्रेता को ही दिया जाए।

अष्टाम विक्रेता को चैंबर अथवा उचित बैठने का स्थान व उस स्थान पर बिजली व अन्य तमाम प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएं, ताकि अष्टाम विक्रेता अपना कार्य सुचारु रूप से कर सके तथा आम जनता को अष्टाम पेपर, ई-अष्टाम पेपर लेने में किसी भी प्रकार को कोई परेशानी का सामना न करना पड़े। यदि राजस्व विभाग द्वारा कमीशन चार प्रतिशत से नहीं बढ़ाई जाती है तो प्रत्येक अष्टाम विक्रेता को प्रतिमाह मानदेय सुनिश्चित किया जाए।

# विदेश में सिक्योरिटी गार्ड के 200 पदों के लिए साक्षात्कार कल से

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

क्षेत्रीय रोजगार अधिकारी आकाश राणा ने बताया कि इंटेलेक्ट ग्लोबल रिसर्च एंड सॉल्यूशंस मोहाली पंजाब द्वारा पुरुषों के लिए दुबई में सिक्योरिटी गार्ड के 200 पद क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय धर्मशाला को अधिसूचित किए गए हैं।

उन्होंने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों के साथ आठ फरवरी को रोजगार कार्यालय जवाली, नौ फरवरी को रोजगार कार्यालय धर्मशाला तथा 12 फरवरी, 2024 को रोजगार कार्यालय ज्वालाजी में सुबह दस बजे साक्षात्कार के लिए आ सकते हैं। इसके लिए किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता व अन्य देय नहीं दिया जाएगा। वहीं, रोजगार अधिकारी ने बताया कि इच्छुक आवेदकों को साक्षात्कार में भाग लेने से पूर्व ईईएमआईएस डॉट एचपी डॉट एनआईसी डॉट आईएन पर जाकर आवेदन करना होगा।

### इंटरव्यू के लिए यह रहेगी योग्यता

**क्षेत्रीय** रोजगार अधिकारी ने बताया कि उक्त पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता बारहवीं या उससे अधिक और आयु सीमा 24 से 35 वर्ष निर्धारित की गई है। आवेदक की लंबाई पांच फुट सात इंच और वजन 60 किलोग्राम से अधिक व शारीरिक रूप से स्वस्थ होना अनिवार्य है। साथ ही आवेदनकर्ता के शरीर पर किसी भी प्रकार का विजुअल टैटू नहीं होना चाहिए। उन्होंने बताया कि चयनित उम्मीदवारों को कंपनी द्वारा 50000 से 70000 रुपए प्रतिमाह दिए जाएंगे। वहीं आवेदकों को प्रशिक्षण के दौरान 44250 रुपए का भुगतान कंपनी को करना होगा। अधिक जानकारी के लिए कंपनी के दूरभाष नंबर 7307258117 पर संपर्क कर सकते हैं।

### मस्सल में बताई सरकार की योजनाएं



नगरोटा बगवां। नगरोटा विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत घोड़व व मस्सल में सरकार गांव की और कार्यक्रम के तहत सरकार की योजनाओं का प्रचार-प्रसार गीतों और नाटकों के माध्यम से किया गया। इस कार्यक्रम में प्रधान बबीता और उपप्रधान मस्सल होशियार सिंह कार्यक्रम में मौजूद रहे।

### सीएम राहत कोष में भेंट किए 5100 हजार

**गरली।** हिमाचल भर मे बिगत दिनों आई प्राकृतिक आपदा के इस संकटकाल में जहां कई दानबीर व सामाजिक संगठन जरूरतमंद लोगों को सहायता के लिए रेड क्रॉस सोसायटी व मुख्यमंत्री राहत कोष में अपना आर्थिक अंशदान कर रहे हैं। वहीं उप मंडल देहरा के अंतर्गत गांव निचला करियाड़ा से पुलिस से बतौर थानेदार रिटायर हुए 88 वर्षीय बाबू राम शर्मा पुत्र स्व भगत राम शर्मा ने अपनी स्व पत्नी चैचला देवी की पुण्यतिथि पर बिगत दिनों समूचे हिमाचल भर मे प्राकृतिक आपदा का दश झेल रहे जरूरतमंदों की सेवा के लिए अपनी ओर से 5100 हजार रुपए का चेक मुख्यमंत्री राहत कोष में दान कर एक नई मिसाल कायम की है।

# कुंदलीहार स्कूल के स्टूडेंट्स ने सीखी योग की क्रियाएं



कुंदलीहार स्कूल में योग सीखते छात्र।

**अनंत ज्ञान, गरली**

राजकीय प्राथमिक पाठशाला कुंदलीहार में मंगलवार को योग आसन के तहत एकदिवसीय निशुल्क शिवर का आयोजन किया हुआ।

स्कूल मुख्यध्यापिका उर्मिला देवी की अध्यक्षता में आयोजित हुए इस कार्यक्रम में प्राइमरी हेल्थ सेंटर कुंदली हार में तैनात योगा विशेषज्ञ मोनिका पटियाल ने शिरकत की। वहीं, इस दौरान योग गुरु मोनिका पटियाल ने यहां शिक्षा ग्रहण करने बाले तमाम पहली से पांचवीं क्लास के 43 मासूम बच्चों को सूर्य नमस्कार से लोम बिलोम, कपाल भारती, ताड़ आसन, वृक्ष आसन हस्थपद आसन आदि तमाम कई योगा आसन करवाकर छात्रों को जागरूक किया।

### समस्याओं को किया समाधान

**शाहपुरकंडी।** पंजाब सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत मंगलवार को आम आदमी पार्टी के जिला प्रधान ठाकुर अमित सिंह मंटू की देखरेख में सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र में पडते धार ब्लॉक के गांव मांडवा, गनेरा, दुखनयाली, एवं दरबान मैं सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत कैंप लगाए गए। इसमें विभिन्न विभागों के कई अधिकारियों एवं कर्मचारी ने इन कैंपों के माध्यम से इलाके के लोगों की समस्याओं का समाधान किया। इसमें इलाके के भारी संख्या में लोगों ने इन कैंपों का लाभ उठाते हुए अपनी-अपनी समस्याओं का समाधान करवाया। इस मौके पर ठाकुर अमित सिंह मंटू ने कहा कि पंजाब सरकार द्वारा चलाए गए कार्यक्रम सरकार आपके द्वार लोगों को भारी लाभ मिल रहा है।

# सभी परियोजनाओं को समय पर करें पूरा

## पशुधन एवं कुक्कुट विकास बोर्ड की बैठक में बोले मंत्री चंद्र कुमार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

कृषि एवं पशु पालन मंत्री प्रो चंद्र कुमार ने विभागीय अधिकारियों को इस वित्तीय वर्ष में लंबित सभी परियोजनाओं को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने तथा बची हुई धनराशि का आबंटन शीघ्र करने के निर्देश दिए।



बैठक से पहले अधिकारियों से बातचीत करते मंत्री चंद्र कुमार।

उन्होंने कहा कि कि वर्ष 2024-2025 के लिए वार्षिक कार्य योजना को शीघ्र ही सरकार के अनुमोदन हेतु प्रेषित की जाए, ताकि अप्रैल माह से ही योजनाओं का क्रियान्वयन प्रारंभ किया जा सके। मंगलवार को धर्मशाला में पशुधन एवं कुक्कुट विकास बोर्ड हिमाचल प्रदेश की 29 वीं वार्षिक बैठक की अध्यक्षता करते हुए कृषि मंत्री प्रो चंद्र कुमार ने कहा कि पशु पालकों के हितों का ध्यान में रखते हुए पशु-पालन केंद्रित योजनाएं स्वीकृति हेतु प्रस्तुत की जाएं, ताकि किसानों की आर्थिक स्थिति में वांछित सुधार लाया जा सके तथा उनकी समस्याओं का निराकरण तुरंत एवं प्रभावी रूप से किया जा सके। वहीं, उन्होंने आदेश जारी किए कि प्रदेश में कम से पांच विकास खंडों के लिए पशु पालकों की आजीविका सुदृढ़ करने के उद्देश्य से पायलट परियोजना तैयार की जाए। इससें उन्हें समुचित लाभ मिल सके। उन्होंने यह भी निर्देश जारी किए कि सरकारी योजनाओं का लाभ पशु पालकों के घरद्वार पर पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए ।

# सांस्कृतिक प्रतियोगिता में कलाकारों की प्रस्तुतियां देख कर हर कोई दंग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

समग्र शिक्षा हिमाचल प्रदेश के तत्वावधान में चल रहे तीन दिवसीय राज्य स्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता के दूसरे दिन मंगलवार को मुख्यातिथि के रूप में हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड सचिव डॉ मेजर विशाल शर्मा मौजूद रहे। प्रतियोगिता के दूसरे दिन दस डाइटों के प्रशिक्षु छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

मंगलवार को नाट्य, क्लासिक सोलो सिंगिंग, पारंपरिक गायन व कविता पाठ सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं हुई। स्कूल शिक्षा बोर्ड सचिव ने अपने संबोधन में कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से हिमाचल की संस्कृति को बढ़ावा मिलता है तथा हिमाचल के युवा अपनी संस्कृति के प्रति जागरूक रह कर उसके संरक्षण में अपना योगदान दे सकते हैं। इस दौरान कलाकारों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सब का मनमोह लिया। उनकी प्रस्तुतियां देख कर हर कोई दंग रह गया।



राज्य स्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता में अपनी प्रस्तुति देती एक कलाकार।

# हिम समाचार ऐप करें डाउनलोड, सरकारी योजनाओं-कार्यक्रमों की पाएं जानकारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

हिम समाचार ऐप पर अब सरकार की कल्याणकारी योजनाओं एवं मुख्यमंत्री के प्रवास कार्यक्रम की प्रतिदिन अपडेट जारी की जा रही है।

यह जानकारी उपनिदेशक उत्तरी क्षेत्र रवि वर्मा ने देते हुए बताया कि हिम समाचार ऐप गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है।

यह एक निशुल्क ऐप है। उन्होंने बताया कि यह एक विश्वसनीय समाचार ऐप है जो कि सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के माध्यम से संचालित किया जा रहा है। इस ऐप में प्रदेश सरकार के सभी विभागों स्वास्थ्य विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिकता विभाग, बागवानी, कृषि, उद्योग, जल शक्ति विभाग, लोक निर्माण विभाग, भाषा एवं संस्कृति विभाग, शिक्षा विभाग, आयुष विभाग, तकनीकी शिक्षा, पशु पालन विभाग, वन विभाग, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग से जुड़ी सभी जानकारियां और प्रदेश सरकार द्वारा लिए गए सभी घोषणाओं की जानकारी इस ऐप के माध्यम से मिलेगी। उन्होंने बताया कि हिम समाचार ऐप से योजनाओं की जानकारी आम जन तक पहुंचाना बेहद कारगर साबित हो रहा है।

### निशुल्क तीर्थ यात्रा की रवाना

**शाहपुरकंडी।** पंजाब सरकार द्वारा लोगों को मुफ्त तीर्थ यात्रा करवाए जाने बाले कार्यक्रम के तहत मंगलवार को जिला प्रधान एवं आम आदमी पार्टी के सीनियर नेता ठाकुर अमित सिंह मंटू की देखरेख में जिले से पांचवी बस माता नैयना देवी, श्री हरमंदिर साहिब एवं श्री आनंदपुर साहब के लिए रवाना की गई। इसके चलते जिले के कई लोगों द्वारा इस मुफ्त तीर्थ यात्रा कार्यक्रम के तहत कई तीर्थ स्थलों के दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। इस संबंध में पार्टी के ब्लॉक प्रधान एन कुमार ने पंजाब के मुख्यमंत्री सरदार भगवंत मान एवं जिला प्रधान ठाकुर अमित सिंह मंटू का आभार व्यक्त किया।

**गुड न्यूज** जयसिंहपुर में मंत्री यादविंद्र गोमा का धूमधाम से मनाया जन्मदिन

# सलियाणा में बनाया जाएगा इंडोर स्टेडियम

**अनंत ज्ञान टीम, पंचरुखी, जयसिंहपुर**

जयसिंहपुर, जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र में आधुनिक खेल सुविधाओं को सृजित कर हलके को खेलों के हब के रूप में पहचान दी जाएगी। आयुष, युवा सेवाएं और खेल, कानून एवं विधि परामर्शी मंत्री, यादविंद्र गोमा ने उनके जन्मदिन पर जयसिंहपुर के ऐतिहासिक चौगान मैदान में भव्य कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते हुए दी।

उन्होंने कहा कि जयसिंहपुर के चौगान मैदान में खिलाड़ियों की सुविधा के लिए भव्य इंडोर स्टेडियम का निर्माण किया जाएगा, ताकि बच्चों को हर मौसम में बेहतर खेल सुविधा उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि जयसिंहपुर चौगान मैदान के सौंदर्यीकरण के भी 30 लाख रुपए जारी किए गए हैं और मंच का निर्माण भी 25 लाख से किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सलियाणा में भी इंडोर स्टेडियम बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सलियाणा और पंचरुखी में 30-30 लाख से आकर्षक मंच बनाया जाएगा। यादविंद्र गोमा ने ब्लॉक कांग्रेस और जयसिंहपुर के लोगों का जन्मदिन पर विभिन्न प्रतियोगिताओं के भव्य आयोजन के लिए आभार प्रकट किया। ब्लॉक कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मंत्री को चांदी का मुकुट पहनाकर तथा सिक्कों से तोल कर सम्मानित किया। मंत्री ने इस अवसर पर उनके समर्थकों द्वारा लाए गए केक काटे। गोमा ने इस अवसर पर विधानसभा से जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर खेलों में प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया।



कार्यक्रम के दौरान मंत्री यादविंद्र गोमा का स्वागत करते हुए कार्यकर्ता।

# आईएनए एवं प्रैक्टिकल के अंक होंगे ऑनलाइन फीड

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड सचिव डॉ. मेजर विशाल शर्मा ने बताया कि मार्च 2024 में संचालित की जा रही। दसवीं व जमा दो कक्षाओं से संबंधित आईएनए एवं प्रैक्टिकल के अंक प्रदेश के समस्त राजकीय एवं हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड से संबंद्धता प्राप्त निजी विद्यालयों द्वारा ऑनलाइन फीड एवं प्रेषित किए जाने हैं।

इसके लिए अंतिम तिथि 31 मार्च निर्धारित की जाती है। निर्धारित अंतिम तिथि के उपरांत अंतिम तिथि में किसी भी प्रकार की बढ़ोतरी नहीं की जाएगी। उक्त के अतिरिक्त प्रदेश के समस्त राजकीय एवं हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड संबंद्धता प्राप्त निजी विद्यालयों के प्रधानाचार्य एवं मुख्याध्यापक आईएनए एवं प्रैक्टिकल के अंक निर्धारित नीति के अनुसार ही आबंटन करना सुनिश्चित करें। किसी भी परीक्षार्थी के आईएनए एवं प्रैक्टिकल अंक गलत फीड अथवा अपलोड किए जाने पर या समयबद्ध आईएनए एवं प्रैक्टिकल अंक प्रेषित न किए जाने की स्थिति में पूर्वण उत्तरदायित्व संबंधित विद्यालय के प्रधानार्च एवं मुख्याध्यापक को होगा।

## न्यूज ब्रीफ

### शांडिल आज सोलन के प्रवास पर

**सोलन।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल सात फरवरी को सोलन के प्रवास पर आ रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्री आज दिन में अढ़ाई बजे गंज बाजार सोलन में वाटर फिल्टर का लोकार्पण करेंगे।

### योजनाओं को हरेक तक पहुंचाया जाएगा : सलीम

**नाहन।** एचएएस अधिकारी सलीम आजम ने एसडीएम नाहन का पदभार संभाल लिया है । इस दौरान उन्होंने अपनी प्राथमिकताओं को साझा करते हुए कहा कि सरकार की योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाना उनकी पहली प्राथमिकता है, ताकि लोगों को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि हर प्रभावित को आपदा राहत पहुंचाना भी उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर भी वह गंभीरता से काम करेंगे और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके सभी युवाओं के वोटर आईडी बने और वह अपना मतदान सुनिश्चित करें।

### हेमंत के चीफ अभियंता बनने पर क्षेत्र में खुशी



**अर्की।** जल शक्ति विभाग के अधीक्षण अभियंता हेमंत तनवर को चीफ इंजीनियर बनाने को लेकर अर्की क्षेत्र में खुशी का माहौल है। स्थानीय लोगों ने बताया कि हेमंत तनवर की लोगों के हित में काम करने वाले अधिकारी के साथ एक समाज सेवक की भी छवि है। वह क्षेत्र के विकास कार्य को अमलीजामा पहना रहे हैं, वह साथ ही गरीब परिवारों की आर्थिक मदद कर रहे हैं। उन्होंने बताया ऐसे बहुत कम लोग होते हैं, जो इस तरह की सेवा की भावना से कार्य करते हैं।

### निराशाजनक रहा केंद्र का अंतरिम बजट : विनय



**अर्की।** एनएसयूआई अर्की के पूर्व अध्यक्ष विनय शर्मा ने केंद्र सरकार द्वारा जारी 2024 का अंतिम बजट को पूर्ण रूप से निराशाजनक करार दिया है। विनय शर्मा ने कहा 2024 के बजट में कुछ भी खास व नया नहीं है। हिमाचल प्रदेश के लोगों को जहां केंद्र से विशेष राहत पैकेज की उम्मीद थी, लेकिन केंद्र सरकार ने प्रदेश के लोगों को विशेष राहत पैकेज न देकर निराश किया है। बजट 2024 में न कोई टैक्स स्लैब बदल गया है, न टैक्स में कोई छूट दी गई है। युवा नेता विनय शर्मा ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में हिमाचल लगातार आगे बढ़ रहा है, केंद्र से कोई विशेष सहायता न मिलने के बाद भी मुख्यमंत्री ने प्रदेश के विकास में कमी नहीं आने दी है, वहीं विधानसभा के विधायक संजय अवस्थी के नेतृत्व में विधानसभा आदर्श विधानसभा बनने की ओर अग्रसर है।

### आरएसएस की 60 हजार से अधिक शाखाएं : प्रताप



पत्रकार वार्ता को संबोधित करते आरएसएस के प्रांत प्रचार प्रमुख प्रताप सिंह।

**नाहन।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ इकाई सिरमौर की ओर से नाहन में पत्रकार मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के हिमाचल प्रांत के प्रचार विभाग के प्रमुख प्रताप सिंह विशेष तौर पर शामिल हुए। जिला मुख्यालय नाहन में कार्यरत पत्रकारों से परिचय की दृष्टि से आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान प्रताप सिंह ने स्वयंसेवक संघ की कार्यप्रणाली व उद्देश्यों से जुड़ी जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि मौजूदा समय में पूरे देश में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा 60 हजार से अधिक शाखाएं संचालित की जा रही हैं, जबकि हिमाचल में संघ की 950 शाखाएं चल रही हैं। प्रताप सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का एक ही मकसद राष्ट्र हित के लिए कार्य करना है। इस मौके पर नगर कार्यवाहक सचिन, जिला प्रचार प्रमुख संदीप व नाहन कार्यकारिणी सदस्य रघुवीर भी उपस्थित रहे।

### राज्य पेंशनर्स महासंघ अर्की के कई प्रस्ताव पारित



बैठक के बाद राज्य पेंशनर्स महासंघ अर्की इकाई के पदाधिकारी।

**अर्की।** राज्य पेंशनर्स महासंघ अर्की इकाई की बैठक अर्की के अध्यक्ष देवीरूप शर्मा की अध्यक्षता में लोक निर्माण विभाग के विश्रामगृह में आयोजित की गई। बैठक में महासंघ के जिला प्रधान बाबूराम कौंडल व जिला महामंत्री केसी शर्मा विशेष तौर पर उपस्थित रहे। बैठक की जानकारी देते हुए आरआर वर्मा ने बताया कि सरकार से मांग की गई कि 12 प्रतिशत डीए जल्द से जल्द जारी किया जाए। साथ ही यह भी मांग की गई पूर्व में कर्मचारियों के वित्तीय लाभों पर लगाई रोक को जल्द से हटाया जाए, नहीं तो पूर्व के कर्मचारियों को आंदोलन का रास्ता अपना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि सरकार सेवानिवृत्त कर्मचारियों को प्रधान प्रताड़ित कर रही है। उन्होंने कहा कि संघ ने हर जिला के उपायुक्तों को ज्ञापन दिया है जिसमें सारी मांगों को विस्तृत जानकारी दी गई है। सरकार जल्द इन सेवानिवृत्त कर्मचारियों की मांगों को पूरा करे।

### बीडीओ कार्यालय का विधायक ने किया निरीक्षण



बीडीओ कार्यालय का निरीक्षण करते विधायक अजय सोलंकी।

**नाहन।** जिला मुख्यालय नाहन का नया खंड विकास अधिकारी कार्यालय बनकर तैयार हो गया है। तीन करोड़ आठ लाख की लागत से बनाए गए इस नए कार्यालय का उद्घाटन पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह आठ फरवरी को दोपहर बाद करेंगे। नाहन विधानसभा क्षेत्र के विधायक अजय सोलंकी ने मंगलवार दोपहर बाद इस भवन का निरीक्षण किया। विधायक ने बताया कि यह भवन शिमला रोड पर मुख्य सड़क के साथ है। इसके चलते लोगों को पार्किंग की समस्या का भी सामना नहीं करना पड़ेगा।

### ददाहू में राम कथा को लेकर निकाली कलश यात्रा



ददाहू में कलश यात्रा निकालते श्रद्धालु।

**श्रीरेणुका जी।** शिव मंदिर ददाहू में आज से श्रीराम कथा शुरू हो जाएगी। इसको लेकर मंगलवार को शिव मंदिर ददाहू से कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा सती बाग से शुरू होकर रेणुका होते हुए शाम 5 बजे के करीब पुनः मंदिर में लौटी। पंचायत प्रधान पंकज गर्ग व मंदिर कमेटी के प्रधान ने लोगों का आह्वान किया कि मंदिर में प्रतिदिन तीन से पांच बजे तक संगीतमय रामकथा कथा का आंनद उठाकर भगवान श्रीराम का अशीर्वाद प्राप्त करें। राम कथा 12 फरवरी तक चलेगी।

### श्रम निरीक्षक नालागढ़ अमित कुमार को मिला मुख्यमंत्री सेवा संकल्प पुरस्कार




**बीबीएन।** नालागढ़ के श्रम निरीक्षक अमित कुमार ठाकुर को वर्ष 2023 में 1100 नंबर हेल्पलाइन में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए मुख्यमंत्री सेवा संकल्प पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह अवॉर्ड डिस्ट्रिक्ट एडमिनिस्ट्रेशन के द्वारा एडीसी सोलन द्वारा दिया गया। बता दें कि वर्ष 2023 में हेल्पलाइन में आयी 96 फीसदी शिकायतों का श्रम निरीक्षक अमित कुमार ठाकुर द्वारा समाधान किया गया। पुरस्कार के रूप में श्रम निरीक्षक को एक ट्रॉफी व लेदर बैग देकर सम्मानित किया गया।

### प्रतिबंधित मार्ग पर दोपहिया वाहनों की आवाजाही को पास जरूरी

**सोलन।** जिला दंडाधिकारी सोलन मनमोहन शर्मा ने सोलन शहर के मिनी सचिवालय से पैरागॉन होटल तक के मार्ग पर निवास करने वाले दोपहिया वाहन मालिकों को मिनी सचिवालय से पैरागॉन होटल तक के प्रतिबंधित मार्ग पर दोपहिया वाहनों की आवाजाही के लिए पास जारी करने की शक्ति उपमंडलाधिकारी सोलन को प्रदान की हैं। जिला दंडाधिकारी द्वारा इस संबंध में आदेश जारी किए गए हैं। यह आदेश गत वर्ष 28 दिसंबर को जारी आदेशों की निरंतरता में जारी किए गए हैं।

### अनिरुद्ध सिंह कल कसौली में

**सोलन।** ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह आठ फरवरी को सोलन के कसौली विधानसभा क्षेत्र के प्रवास पर रहेंगे। अनिरुद्ध सिंह कल साढ़े 11 बजे वैदिक रिजॉर्ट योग रिट्रीट, नडोह मार्ग, कसौली के शुभारंभ के अवसर पर मुख्यातिथि होंगे।

### ठंडीधार, बनालीधार, बथाऊधार, घोटाड़ी, हाब्बन आदि क्षेत्रों में साल का पहला हिमपात

# चूड़धार में 10 फुट बर्फ के बीच शिरगुल मंदिर में पूजा जारी




क्षेत्र के ऊंचाई वाले गांवों में बर्फ से ढक चुके घरों का मनमोहक नजारा, बर्फबारी के चलते लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है।

**रविदत्त भारद्वाज, राजगढ़**

विकास खंड के रासू मांदर, परगैल, पझोता, हाब्बन, बथाऊधार, कारली, डिमण, शाठी, बधरोली परगनों में पिछले लगभग 48 घंटों तक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी व निचले क्षेत्रों में मूसलाधार बारिश ने यहां क्षेत्र के किसानों व बागवानों के चेहरों पर रोनक लौटा दी है। यहां पिछले लगभग तीन महीनों से भंयकर सूखा पड़ रहा था, मगर अब इस बारिश व बर्फबारी ने सूखी धरती को तर कर दिया है। यहां पिछले 48 घंटों में लगभग 65 एमएम वर्षा रिकॉर्ड की गई है।

ठंडीधार, बनालीधार, बथाऊधार, घोटाड़ी, हाब्बन आदि क्षेत्रों में इस मौसम का यह पहला हिमपात हुआ है। इस बीच चूड़धार में आठ से दस फीट बर्फ जमा हो चुकी है, लेकिन शिरगुल देवता के मंदिर में पूजा लगातार जारी है। इस समय यहां लहसुन, मटर, आलू, गेहूं, जौ व सरसों आदि की फसलें लगी थीं, जो भंयकर सूखे के कारण तबाही के कगार पर थीं। इस बर्फबारी व बारिश से इन फसलों को संजीवनी मिली है।

इसी तरह यहां दिसंबर-जनवरी के महीनों में सेब, नाशपाती, पलम व आडू आदि के बगीचों में नए पौधे लगाने व पुराने बगीचों में कंटिग, प्रोनिंग, तोलिए बनाने व खाद आदि डालने का काम होता था, मगर लगातार सूखा पड़ने के कारण यह सभी कार्य रुके पड़े थे। अब इस बर्फबारी व बारिश से यहां यह सभी कार्य आरंभ हो गए हैं।

इसके साथ-साथ इस बर्फबारी व बारिश से फलदार पौधों के लिए चिलिंग आवर्स भी कुछ हद तक पूरे हो जाएंगे। कुल मिलाकर कृषि व बागवानी के लिए यह बर्फबारी व बारिश संजीवनी साबित हो रही है। यहां मंगलवार को बर्फबारी व बारिश तो बंद रही, मगर सुबह से तेज बर्फीली हवाएं चल रही हैं। पूरा क्षेत्र शीत लहर की चपेट में है और क्षेत्र के तापमान में भारी गिरावट दर्ज की जा रही है। कुछ क्षेत्रों में तापमान शून्य डिग्री से भी नीचे जा रहा है, ऐसे क्षेत्रों में पाइप लाइनों में पानी जम रहा है।

उधर, क्षेत्र की सबसे ऊंची पर्वत चोटी क्षेत्र के प्रसिद्ध आराध्य देव शिरगुल महाराज की तपोस्थली चूड़धार में भी इस समय लगभग आठ से दस फुट बर्फबारी दर्ज की जा चुकी है। चूड़धार में शिरगुल महाराज के पुजारी बालक राम के अनुसार मंदिर में शिरगुल महाराज की पूजा लगातार जारी है। चूड़धार में अभी केवल दो लोग हैं, बाकि चूड़धार यात्रा अभी प्रशासनिक तौर पर पूर्ण रूप से भारी हिमपात के कारण बंद है। कुल मिलाकर यह बारिश व बर्फबारी यहां किसानों व बागवानों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। (अनंत ज्ञान)

# खिली धूप, लोगों को ठंड से मिली निजात

## 48 घंटे के दौरान प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में चलेगी शीतलहर, मौसम रहेगा साफ

**तेजपाल नेगी, सोलन**



सोलन के चिल्ड्रन पार्क में गुनगुनी धूप का आंनद लेते लोग।

पिछले सप्ताह प्रदेश भर में बर्फबारी और बारिश के बाद सोमवार को सोलन में धूप खिली। इससे लोगों को पिछले कुछ दिनों से चल रही शीत लहर से निजात मिली। शहर के पार्कों में लोगों ने धूप का आनंद लिया। डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय नौणी के मौसम एवं पर्यावरण विभाग ने मौसम बुलेटिन जारी किया है। वैज्ञानिकों ने पूर्वानुमान लगाया है कि आने वाले पांच दिनों तक जिला सोलन सहित प्रदेश में मौसम शुष्क और साफ रहेगा।

मौसम बुलेटिन में वैज्ञानिकों ने स्पष्ट किया गया है कि अगले 48 घंटे के दौरान लगभग सभी जिलों के अलग-अलग हिस्सों में शीतलहर चलेगी। इससे आगामी दो दिनों तक पर्यावरण में ठिठुरन और बढ़ेगी और न्यूनतम तापमान भी जीरो-तीन के बीच रहेगा। सापेक्षिक आर्द्रता 48-90 प्रतिशत के बीच रहेगी। मौसम के शुष्क और साफ रहने के चलते अगले दो दिनों तक घाटी में कोहरा छाया रहेगा। इसलिए किसान और बागवान आवश्यक व्यवस्था करें।

नौणी विवि के कृषि वैज्ञानिकों के मुताबिक गत दिनों बारिश और बर्फबारी होने के कारण न्यूनतम तापमान थोड़ा बढ़ जाएगा। डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विवि नौणी के मौसम एवं पर्यावरण विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. एसके भारद्वाज ने कहा कि आगामी पांच दिनों तक प्रदेश में मौसम शुष्क और साफ रहेगा। हालांकि अगले 48 घंटों के दौरान प्रदेश के लगभग सभी जिलों में शीतलहर चलेगी।

**पशुओं के बच्चों का रखें ख्याल:** वैज्ञानिकों ने पशुपालकों को सलाह दी है कि वह गाय के छोटे बच्चों को रात के समय बोरे से ढक कर ठंड से बचाएं और दिन के समय थोड़ी धूप दें।

ठंडी हवाओं के प्रवेश से बचने के लिए रात के समय गौशालाओं का दरवाजा बंद रखें। पशु शेड को चारों ओर से ढकें,पशुओं को सूखा बिस्तर उपलब्ध कराएं तथा उन्हें ठंडी हवाओं से बचाएं। (अनंत ज्ञान)

### ऐसे बचाएं गुलाबी नेत्र रोग से

**नवजात** बछड़ों में ठंड के दौरान गुलाबी नेत्र रोग का प्रभाव हो सकता है। नियंत्रण के लिए गुनगुने पानी में एक प्रतिशत बोरिक एसिड का घोल तैयार करें और तीन घंटे के नियमित अंतराल पर आंखें धोएं।

### किसान फसलों की न करें सिंचाई

**उन्होंने** किसानों को सलाह दी है कि इन दिनों में फसलों की सिंचाई से बचें। पशुपालक पशुओं को ठंड से बचाने के लिए पशु शेड की उचित व्यवस्था करें। किसानों को खरपतवारों, बीमारियों के प्रसार को नियंत्रित करने के लिए खड़ी फसलों और सब्जियों में निराई और गुड़ाई करनी चाहिए। स्थानीय भाषा में कृषि मौसम संबंधी सलाह के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए मेघदूत मौसम ऐप का उपयोग करें। समशीतोष्ण फलों के बगीचों में निराई-गुड़ाई करके बेसिन तैयार करना तथा बगीचों में प्रशिक्षण एवं छंटाई का कार्य पूरा करें। उनका कहना है कि पिछले सप्ताह अच्छी वर्षा होने के कारण मिट्टी में पर्याप्त नमी है, इसलिए सिंचाई की आवश्यकता नहीं है। विवि के बागबानी वैज्ञानिकों ने बागबानों को सलाह दी है कि सेब की सुप्ता अवस्था में प्रूनिंग की प्रक्रिया पूरी करें।

### इस उम्र में पेंशनर्स को संघर्ष की राह न दिखाए सरकार : मेला राम



**नाहन।** प्रदेश सरकार द्वारा रिटायर्ड कर्मचारियों के देय लाभों को रोकना तर्कसंगत नहीं है। सेवानिवृत्त कर्मचारी जीवन के चौथे पड़ाव में पहुंच चुके हैं जिनमें अधिकांश रिटायर्ड कर्मचारी इस संसार को छोड़ चुके हैं, ऐसे में पेंशनर्स के साथ सरकार द्वारा इस तरह का व्यवहार करना एक घोर अन्याय है।

पेंशनर्स संघ के प्रवक्ता मेला राम शर्मा ने सरकार से आग्रह किया है कि सेवानिवृत्त कर्मचारियों को 2016 से छठे वेतन आयोग के बढ़े हुए वेतनमान के अनुसार ग्रेच्युटी, लीव एनकएशमेंट, कम्युटेशन, डीए बढ़ोतरी और अन्य भत्तों की अदायगी तुरंत की जाए। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि उम्र के इस पड़ाव में अपने आर्थिक लाभ प्राप्त करने के लिए उन्हें संघर्ष की राह पर धकेलने का प्रयास न किया जाए और शीघ्र सेवानिवृत्त कर्मचारियों को छठे वेतन आयोग की बढ़ोतरियों के अनुसार उनके एरियर की अदायगी की जाए।

# बद्दी हादसे के बाद सिरमौर का दमकल विभाग अलर्ट मोड पर

## फायर सेफ्टी मैनेजमेंट को लेकर निरीक्षण प्लान तैयार : डीसी

**अनंत ज्ञान, नाहन**

बद्दी अग्निकांड के बाद जिला सिरमौर अग्निशमन विभाग अलर्ट मोड पर आ गया है। आगजनी से सुरक्षा और अग्निशमन संयंत्रों के पैरामीटर को लेकर विभाग जिला की तमाम औद्योगिक इकाइयों और संस्थानों में निरीक्षण अभियान शुरू करने जा रहा है। प्रशासन की ओर से उपायुक्त जिला सिरमौर सुमित खिमटा की ओर से लेबर, पुलिस, इंडस्ट्री तथा अग्निशमन विभाग को बाकायदा यह आदेश भी जारी कर दिए गए हैं।

उपायुक्त सिरमौर के द्वारा इन तमाम विभागों की जिम्मेदारी सुनिश्चित करते हुए जिला की तमाम औद्योगिक इकाइयों तथा संस्थानों में लगे अग्निशमन संयंत्रों की योग्यता तथा तमाम पैरामीटरस की जांच भी करेंगे। बता दें कि जो औद्योगिक इकाई अथवा संस्थान 900 स्क्वायर मीटर के दायरे में हैं, उन्हें 50 हजार लीटर का पानी का टैंक हर वक्त रिजर्व रखना जरूरी होगा। अब यदि 900 स्क्वायर मीटर से अधिक एरिया है तो एक लाख से तीन लाख लीटर तक का रिजर्व पानी का टैंक बनाना होगा। यही नहीं संस्थान अथवा फैक्टरी में किस तरह के कार्य होते हैं, उसके अनुसार अग्निशमन संयंत्रों का लगाया जाना भी सुनिश्चित किया जाएगा।

बता दें कि जिला सिरमौर में 1200 के लगभग छोटी और बड़ी इंडस्ट्रीज हैं, जबकि 2000 से अधिक शैक्षणिक संस्थाएं और संस्थान है। पांवटा साहिब अग्निशमन विभाग के द्वारा वर्ष 2022-23 के लिए 67 औद्योगिक इकाइयों को फायर की नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट दिए हैं। औद्योगिक क्षेत्र कालाअंब में 11 औद्योगिक इकाइयों ने नवीनीकरण के लिए अप्लाई किया है। विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पांवटा साहिब और कालाअंब दोनों औद्योगिक क्षेत्र में कोई भी ऐसा उद्योग नहीं है जिसके पास अग्निशमन विभाग की एनओसी न हो।

वहीं, कालाअंब औद्योगिक क्षेत्र में साई कॉरपोरेशन सेंट बनाने वाली फैक्टरी में आगजनी से सुरक्षा को लेकर ऑटोमेटिक प्लांट लगा हुआ है। वहीं, पांवटा साहिब स्थित मैनकाइंड इंडस्ट्री के द्वारा अपने ही फायर टेंडर रखे हुए हैं।

साई कॉरपोरेशन के द्वारा जिस तरीके से अग्नि सुरक्षा को लेकर मॉकड्रिल और फायर इक्विपमेंट लगाए गए हैं, वे दूसरी औद्योगिक इकाइयों के लिए भी रोल मॉडल साबित हो सकते हैं। बावजूद इस सबके जिला प्रशासन किसी भी कोताही को बरतने को बिल्कुल तैयार नहीं है।

### 300 ग्राम चरस के साथ दो किए गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, श्रीरेणुका जी**

**पुलिस** थाना रेणुका जी की पुलिस टीम गश्त के दौरान दो युवकों को 300 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया है। अदालत ने दोनों आरोपियों को दो दिन की रिमांड पर पुलिस को सौंप दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार पुलिस की टीम सोमवार की शाम साढ़े पांच बजे दनोई में मौजूद थी। इस बीच तो पुलिस टीम ने दनोई पुल की तरफ मोड़ से पैदल आ रहे दो व्यक्तियों संगड़ाह के अंधेरी निवासी राकेश कुमार तथा यहीं के कपिल देव को रोककर उनकी तलाशी लेने पर उनके कब्जे से 300 ग्राम चरस बरामद हुई। जिसपर दोनों आरोपियों के पलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

आरोपियों को मंगलवार को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें दो दिन की रिमांड पर पुलिस को सौंप दिया गया।

# एनडीआरएफ की टीम 17 तक सिरमौर जिले के दौरे पर



बैठक की अध्यक्षता करते सिरमौर के डीसी सुमित खिमटा।

**अनंत ज्ञान, नाहन**

सिरमौर जिले में एरिया फैमिलिएराइजेशन एक्सरसाइज हेतु 14वीं एनडीआरफ बटालियन, क्षेत्रीय प्रतिक्रिया केंद्र, नालागढ़ से निरीक्षक प्रवीण कुमार की अध्यक्षता में 21 सदस्यीय टीम 17 फरवरी तक सिरमौर जिले के भ्रमण पर रहेगी।

इस दौरान यह टीम नाहन, पांवटा साहिब, कफोटा, शिलाई, संगड़ाह, राजगढ़ एवं पच्छाद उपमंडलों के विद्यालयों, महाविद्यालयों, सामुदायिक केंद्रों, बस अड्डा एवं आपदा से प्रभावित क्षेत्र का दौरा करेंगे तथा वहां की स्थानीय जनता को आपदाओं से बचाव एवं सुरक्षित रहने के तरीकों के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी देंगे।

सिरमौर के उपायुक्त सुमित खिमटा ने यह जानकारी नाहन में सिरमौर जिला आपदा प्रबंधन प्रधिकरण और एनआरडीएफ की टीम के अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी।

बैठक में राष्ट्रीय आपदा मोचन बल नालागढ़ से निरीक्षक प्रवीण कुमार, उपनिरीक्षक अशोक चंद रमोल, जिला राजस्व अधिकारी चेतन चौहान, आपदा प्रबंधन विशेषज्ञ राजन कुमार शर्मा सहित एनडीआरएफ के अन्य जवान भी मौजूद रहे।

# अब आपके घर पशुओं का उपचार करने आएगी एंबुलेंस

**अनंत ज्ञान, राजगढ़**

**नाहन, राजगढ़, शिलाई व संगड़ाह को मिली एंबुलेंस**

जिला के पशुपालकों को पशुओं की बीमारी के दौरान गांवों से शहर तक भटकने की आवश्यकता नहीं है। जिले भर के पशुपालक घर बैठे ही केवल एक फोन करके चिकित्सक व अन्य स्टाफ और सुविधाओं से लैस एंबुलेंस घर पर बुला सकते हैं। यहां काबिलेजिक्र है कि पशुपालन विभाग द्वारा सिरमौर जिले में राष्ट्रीय पशुधन रोग रोकथाम योजना के तहत आधुनिक तकनीक से लैस चार एंबुलेंस उपलब्ध करवाई हैं।

पशुपालन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार सिरमौर जिले के चार क्षेत्रों नाहन, राजगढ़, शिलाई व संगड़ाह के लिए यह एंबुलेंस भेजी जाएंगी। इस एंबुलेंस सेवा का आऊटसोर्स किया गया है। कंपनी द्वारा ही इसमें एक चिकित्सक सहित अन्य जरूरी स्टाफ उपलब्ध करवाया जाएगा। इसका संचालन रोस्टर के आधार पर विकास खंड के हर गांव तक पहुंचाने के लिए किया जाएगा। प्रदेश में पशुपालकों के घरों के साथ ही वैक्सीन और दवाएं आदि भी उपलब्ध कराई जाएंगी। पशुओं के बीमार होने पर पशुपालकों को टोल फ्री नंबर 1962 पर कॉल करना होगा, कॉल शिमला में तैयार किए गए कॉल सेंटर पर जाएगी, जहां से संबंधित क्षेत्र के लिए उपलब्ध करवाई गई एंबुलेंस मौके पर पहुंचेगी और पशुपालकों को सेवाएं देगी।

सूत्रों के अनुसार जल्द ही यह योजना शुरू हो सकती है। यह सुविधा उपलब्ध हो जाने के बाद इन क्षेत्रों में राहत मिलेगी। पशुपालन विभाग के सिरमौर जिले के उपनिदेशक नवीन कुमार के अनुसार इस योजना को सरकार आऊटसोर्स के तहत चलाएगी। प्रदेशभर में इसे एक साथ शुरू किया जाएगा। योजना के शुरू होने से ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालकों को उनके घर-द्वार पर पशु चिकित्सा की सुविधा मिलने की उम्मीद है।

**सूरत-ए-हाल** आईएएस जफर इकबाल के ट्रांसफर से फिर खाली हुई नगर निगम आयुक्त की कुर्सी

# फिर खाली हुई सोलन के नगर निगम आयुक्त की कुर्सी

**आर मोहन चौहान, सोलन**



सोलन नगर निगम के कार्यालय की फाइल फोटो।



जफर इकबाल

नगर निगम सोलन के आयुक्त आईएएस जफर इकबाल की ट्रांसफर से एक बार फिर से आयुक्त की कुर्सी खाली हो गई। जफर इकबाल सोलन से नगर निगम धर्मशाला बतौर आयुक्त ट्रांसफर हुए हैं। सरकार ने नगर निगम सोलन में तीन सालों में चार आयुक्त बदले हैं। आयुक्त का पद खाली होने से निगम को जनरल हाउस की बैठक टालनी पड़ सकती है क्योंकि सरकार की तरफ से अभी तक किसी भी अधिकारी को आयुक्त की जिम्मेदारी नहीं सौंपी गई।

करीब दस माह बाद निगम के आयुक्त जफर इकबाल का तबादला हो गया है। आईएएस अधिकारी जफर इकबाल ने अप्रैल 2023 में नगर निगम में आयुक्त पद का कार्यभार संभाला था। इससे पूर्व वह एडीसी सोलन के पदों पर भी सेवाएं दे चुके हैं। अप्रैल 2023 से पूर्व उनके पास कुछ समय तक सोलन नगर निगम का अतिरिक्त कार्यभार भी रहा, लेकिन बाद में उन्हें निगम का स्थायी आयुक्त तैनात किया गया था।

> नगर निगम के आयुक्त जफर इकबाल का तबादला होने के बाद किसी भी अधिकारी की नियुक्ति नहीं हुई है। न ही इस पद का किसी अन्य अधिकारी को अतिरिक्त कार्यभार दिया गया है। जल्द नया आयुक्त मिलने की उम्मीद है।
>
> **-उषा शर्मा, मेयर नगर निगम सोलन।**

**एक साल से अधिक नहीं टीके अधिकारी :** इससे पूर्व भी नगर निगम कार्यालय में आयुक्त पद अतिरिक्त कार्यभार के सहारे चलता आया है। जानकारी के अनुसार वर्ष 2020 के आखिर में निगम के गठन से लेकर अब तक तीन वर्षों में चार आयुक्तों के तबादले हो चुके हैं। सोलन नगर निगम का गठन सितंबर 2020 में किया गया था। निगम के पहले आयुक्त प्रशांत सरकैक रहे हैं। करीब सात माह तक उन्होंने इस पद पर अपनी सेवाएं दीं और उनका तबादला हो गया। इसके बाद मार्च 2021 में एचएएस अधिकारी एलआर वर्मा को निगम का आयुक्त तैनात किया गया। जनवरी 2022 में इनका भी तबादला कर दिया।

एलआर वर्मा का कार्यकाल करीब दस माह का रहा। उस वक्त सोलन शहर में 12,500 लीटर पानी प्रत्येक माह मुफ्त देने की तैयारी थी, पर भाजपा व कांग्रेस के बीच इस मुद्दे को लेकर खींचतान रही। पानी के मुद्दे को लेकर एलआर वर्मा सरकार के निशाने पर आ गए थे, जिसके बाद उनका तबादला कर दिया गया। फिर एचएएस अधिकारी राजीव कुमार को निगम को नया आयुक्त तैनात किया गया था।

उन्होंने निगम की कार्यप्रणाली में सुधार को ई-ऑफिस बनाने, अतिक्रमण पर कार्रवाई और सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के प्रयास किए। जुलाई 2022 में इनके भी ट्रांसफर आर्डर जारी हो गए। इसके बाद काफी माह तक नगर निगम में आयुक्त पद या तो खाली रहा या फिर अतिरिक्त कार्यभार के सहारे चलता रहा। (अनंत ज्ञान)

### प्रभावित हुए कार्य

**नगर** निगम सोलन से तीन वर्षों में बार बार आयुक्त बदलने के चलते विकास कार्य प्रभावित हुए हैं। नए आयुक्त की तैनाती के बाद जब तक विकास कार्य गति पकड़ने लगाता है, तब तक अधिकारी का तबादला कर दिया जाता है। वहीं, सरकार के नए आदेशों तक निगम को स्थायी आयुक्त मिलने का इंतजार करना पड़ता है। f

पार्टी पूर्व कैबिनेट मंत्री आशा कुमारी पर खेल सकती है दांव, पूर्व सांसद विप्लव ठाकुर का नाम भी है चर्चा में

# राज्यसभा सीट पर कांग्रेस में कवायद तेज, नामों पर चर्चा

**एमएम डैनियल, चंबा**

लोकसभा चुनाव से पूर्व राज्यसभा चुनाव में अपनी साख जमाने के लिए हिमाचल प्रदेश राज्य में कांग्रेस पार्टी में कवायद तेज हो गई है। वित्त माह ही राज्यसभा चुनाव पर नजरें रखे कांग्रेस खेमे में राज्य से लेकर केंद्र तक नामों की चर्चा तेज हो गई है। पार्टी में एक सीट के लिए आयोजित होने वाले राज्यसभा चुनाव में पुरुष नेतृत्व के स्थान पर महिला नेता पर दांव लगाने की चर्चा जोरों पर है।

जिसके चलते पूर्व विधायक आशा कुमारी को मजबूत प्रत्याशी के रूप में देखा जा रहा है। गौर हो कि हिमाचल से राज्यसभा सांसद और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का कार्यकाल खत्म हो रहा है। इस सीट पर कांग्रेसी खेमे से किसी एक नेता की ताजपोशी राज्यसभा में होगी। जिसके चलते हिमाचल में राज्यसभा के लिए मचे सियासी घमासान में मुख्यतौर पर फैसला चार महिलाओं में से ही होने की संभावना है। प्रदेश कांग्रेस संगठन भी लोकसभा चुनाव से ठीक पहले कांगड़ा संसदीय सीट को राज्यसभा के साथ साधने की कोशिश में जुटा है। यदि बात निचले हिमाचल की हो तो दो नाम सबसे ज्यादा चर्चा में हैं। जिसमें पहला नाम पूर्व सांसद और पार्टी की अध्यक्ष रह चुकी विप्लव ठाकुर का है, लेकिन विप्लव ठाकुर पूर्व में भी राज्यसभा सांसद रह चुकी हैं। वहीं विप्लव ठाकुर भी बुजुर्ग नेताओं की श्रेणी में कहीं न कहीं उम्र के हिसाब से जुड़ चुकी है। वहीं विप्लव ठाकुर के साथ-साथ दूसरा नाम एवं मजबूत दावेदारी में डलहौजी से पूर्व कैबिनेट मंत्री आशा कुमारी का भी है। जोकि पंजाब प्रभारी रहने सहित केंद्रीय राजनीति में कई अहम पदों की जिम्मेदारी उठा चुकी हैं। जिसमें पार्टी द्वारा जब-जब भी आशा कुमारी को जो भी जिम्मेदारी दी उसके परिणामों में वह कसौटी पर खरी उतरी है।



जहां हिमाचल प्रदेश राज्य से विप्लव और आशा कुमारी का नाम राज्य सभा सीट के लिए चर्चा का केंद्र बना हुआ है, तो वहीं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की दिग्गज महिला नेता सोनिया गांधी से लेकर प्रिंयका गांधी वाड्रा का नाम शीर्ष पर चल रहा है। पार्टी के इन दो शीर्ष नेताओं में पूर्व पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी की बढ़ती उम्र व स्वास्थ्य एवं सेहत के चलते बीते काफी समय से वह ज्यादातर राजनीतिक मंचों से दूरी बनाएं हुए हैं। ऐसे में हिमाचल प्रदेश से राज्यसभा सीट के लिए उनका नामांकन भरा जाना न के बराबर प्रतीत हो रहा है।

वहीं अगर बात करें पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा की तो सोनिया गांधी की सक्रिय राजनीति से दूरी बनाने से उनकी पुश्तैनी रायबरेली की सीट खाली हो जाएगी। ऐसे में गांधी परिवार कभी नहीं चाहेगा कि उनके हाथों से यह सीट जाए। जिसके चलते इस सीट पर प्रबल दावेदार प्रियकां गांधी को ही माना जाना जा रहा है। ऐसे लोकसभा चुनाव से पूर्व प्रियंका गांधी वाड्रा हिमाचल प्रदेश राज्यसभा सीट के नामों में अपना नाम नहीं शामिल कर सकती है। जिसके बाद हिमाचल प्रदेश राज्य में सिर्फ दो महिला नेत्रियों के नामों पूर्व सांसद विप्लव ठाकुर व पूर्व कैबिनेट मंत्री आशा कुमारी का नाम ही शेष बचता है। इन दो नामों में से पार्टी हाईकमान द्वारा आठ फरवरी से पूर्व अपनी अंतिम मोहर लगानी होगी। (अनंत ज्ञान)

### कल जारी होगी अधिसूचना

राज्यसभा में 15 राज्यों की 56 सीटों के लिए आठ फरवरी को अधिसूचना जारी होगी। निर्वाचन आयोग ने नामांकन जमा करवाने की आखिरी तारीख 15 फरवरी तय की है। 20 फरवरी को उम्मीदवार अपना नामांकन वापस ले पाएंगे, जबकि 27 फरवरी को मतदान होगा और इसी दिन परिणाम भी घोषित कर दिया जाएगा। हिमाचल में राज्यसभा की तीन सीटें हैं और इनमें से एक पर चुनाव हो रहा है।

# सरकार जल्द खोले हर्बल मेडिसिन फैक्टरी

## चंबा वेलफेयर एसोसिएशन ने बैठक के दौरान उठाई मांग

**अनंत ज्ञान, चंबा**

चंबा वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक पर्यटन निगम के होटल इरावती चंबा में एसेसिएशन प्रधान ओम प्रकाश गोस्वामी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक के दौरान जिला की समस्याओं पर मंथन किया और उन्हें सरकार तथा जिला प्रशासन के सम्मुख रखने का प्रस्ताव पास किया गया। इस दौरान सरकार से चंबा जिला में हर्बल मेडिसिन फैक्टरी खोलने की गुहार लगाई गई। शिव भूमि चंबा में जो की एक प्राचीन और ऐतिहासिक नगर है और अपनी भौगोलिक तथा विभिन्न जलवायु के अनुरूप यहां के उच्च पर्वतीय क्षेत्र भरमौर पांगी और डलहौजी के जंगलों में विभिन्न प्रकार की दुर्बल जड़ी बूटियां पाई जाती हैं। यहां से वेशकीमती जड़ी बूटियों को निकाल कर प्रदेश व देश के विभिन्न भागों में भेज कर राजस्व बढ़ाया जा रहा है। चंबा जिला में जायज मांग को ध्यान में रखते हुए सरकार जिला चंबा हर्बल मेडिसिन फैक्टरी खोलती है तो उसके फलस्वरुप यहां की संपदा का उचित उपयोग होगा और कई नौजवानों को रोजगार प्राप्त होगा और तस्करी पर लगाम लग सकती है। एसोशिएशन हिमाचल प्रदेश सरकार से अनुरोध करती कि यहां पर रोजगार जनित हर्बल फैक्टरी खोलकर जिलावासियों को सौगात दे। बैठक में शहर के सीवरेज चैंबरों से पेयजल पाइपों को अलग करने की मांग भी उठाई गई।बैठक में चंबा वेलफेयर एसोसिएशन पदाधिकारी व सदस्यों में ओम प्रकाश, ईश्वरी प्रसाद, सुरेश कश्मीरी, चैन लाल शमा, मदन कुमार, धर्मपाल ठाकुर, बलदेव, निक्कू राम, दयाराम गौतम, सरदार प्रेम सिंह, और रामचंद्र धीमान ने उपस्थिति दर्ज करवाई।



पर्यटन निगम के होटल इरावती में बैठक के दौरान मौजूद चंबा वेलफेयर एसोसिएशन के सदस्य।

## न्यूज ब्रीफ

### चंबा को अपराध मुक्त करना प्राथमिकता

**भरमौर।** 2020 बैच की आईपीएस अधिकारी शिवानी मेहला ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चंबा का कार्यभार संभाल लिया है। हरियाणा के कैथल जिले की रहने वाली शिवानी ने इससे पहले जिला सिरमौर और शिमला में भी अपनी सेवाएं दी हैं। चंबा में दायित्व संभालते ही शिवानी ने कहा कि चंबा जिला को अपराध मुक्त करना उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी, इसके लिए बकायदा कार्य योजना तैयार की जाएगी। उन्होंने कहा कि लोगों को साइबर अपराध के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष अभियान की शुरुआत की जाएगी ताकि लोग ठगी का शिकार न हों। साथ ही नशे की तस्करी व बिक्री करने वालों के विरुद्ध भी विशेष अभियान शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा है कि लोगों को अवैध कार्य करने वालों की सूचना पुलिस के साथ साझा करने के लिए प्रोत्साहित भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लोग पुलिस की सुरक्षा के लिए है। बेफिक्र होकर विश्वसनीय सूचनाएं पुलिस के साथ साझा करें। सूचना देने वालों की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।




### जीवन ज्योति बीमा योजना बनी सहारा

**चंबा।** प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना केवल बीमा पॉलसी ही नहीं है। बल्कि कई लोगों का सहारा बन कर भी उभर रही है। जिसका उदाहरण गांव नूंह डाकघर बगढ़ार में देखने को मिला। जहां पॉलसी धारक आशोक कुमार का गत माह दुर्घटना के कारण निधन हो गया। जिसके निधन के पश्चात परिवार के पास आर्थिकी का कोई सहारा शेष नहीं रहा। ऐसे सकंट की घड़ियों में पीएम जीवन ज्योति पॉलसी पीड़ित परिवार के लिए किसी वरदान से कम उभर कर सामने नहीं आई। जिसमें पॉलसी धारक परिवार ने नहीं बल्कि संबंधी बैंक प्रबंधन ने स्वयं पीड़ित परिवार से संपर्क किया। जिसमें हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक की शाखा बगढ़ार के शाखा प्रबंधक अभिषेक चौहान व अन्य बैंक के कर्मचारियों ने तुरंत आशोक कुमार की पत्नी आशा देवी नोमिनी से संपर्क करके व बैंक की अन्य औपचारिकताएं पूरी करके बिना किसी विलंब के दो लाख रुपए का चैक आशा देवी को प्रदान किया। पॉलसी की राशि प्राप्त करने के बाद आशा देवी ने बैंक प्रबंधन का आभार व्यक्त करने सहित पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना का गुणगान करते हुए लोगों से ऐसी पॉलिसियों से जुड़ने का आह्वान किया। इस मौके पर बैंक प्रबंधक अभिषेक चौहान, सहायक प्रबंधक मानस सैनी व कार्यालय सहायक नितेश कुमार मौजूद रहे।

### प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में अनुराग प्रथम

**चंबा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हिमाचल प्रदेश द्वारा आयोजित स्वामी विवेकानंद सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का परिणाम घोषित कर दिया गया है। प्रतियोगिता में जिला स्तर पर अनुराग ठाकुर ने प्रथम, कुशाल ने दूसरा, कनव ने तीसरा स्थान हासिल किया है। जिला में एबीवीपी द्वारा गत दिनों चंबा में स्वामी विवेकानंद सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता परीक्षा करवाई थी। जिला संयोजक विवेक चाढ़क ने बताया कि जिला चंबा में प्रतियोगिता के तहत 1638 प्रतिभागियों ने पंजीकरण करवाया था। जिसमें 1398 प्रतिभागियों ने परीक्षा दी थी। जिसमें जिला स्तर पर महर्षि दयानंद आदर्श उच्च विद्यालय चंबा के छात्र अनुराग ठाकुर ने प्रथम, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बरौर के छात्र कुशल ने द्वितीय व राजकीय उच्च विद्यालय बिहाली चुराह की छात्रा कनव चौहान ने तृतीय स्थान हासिल किया। उन्होंने बताया कि जिला स्तर पर प्रथम पुरस्कार 11 हजार रुपए, द्वितीय पुरस्कार 7100 और तृतीय पुरस्कार 5100 रुपए प्रदान किए गए।



# चार दिन बाद भरमौर पहुंची एचआरटीसी की बस

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

पिछले तीन-चार दिनों से लगातार हो रही बारिश व बर्फबारी के बाद आखिरकार मंगलवार को चार दिन बाद एचआरटीसी की बस भरमौर पहुंच गई है। हालांकि सोमवार को ही यहां पर बस के पहुंचने की संभावना बताई जा रही थी, लेकिन रास्ते में भारी फिसलन होने के बाद अधिकांश बसें खड़ामुख में ही रूक गई थी।

सोमवार को दोपहर बाद एकाएक मौसम के खराब हो जाने के बाद फिर से यहां पर दो इंच तक ताजा बर्फबारी हुई है। जिसके कारण बसें भरमौर नहीं पहुंच पाई। लोक निर्माण विभाग ने बंद पड़े सभी मार्गों को खोलने के लिए युद्ध स्तर पर कार्य जारी कर दिया है। हालांकि भरमौर में अधिकतर मार्गों को पीडब्ल्यूडी विभाग ने कड़ी मशक्कत के बाद यातायात के लिए बहाल कर दिया है।

हालांकि लॉग रूट की बस को खड़ामुख में ही रख रहे हैं क्योंकि आगे सड़क पर भारी फिसलन होने के कारण आने-जाने में वाहनों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

मंगलवार को राष्ट्रीय उच्च मार्ग के कर्मचारियों ने एक बार फिर से फिसलन वाली जगह रेता डालकर भरमौर तक वाहनों की आवाजाही को शुरू कर दिया है। भरमौर तक वाहनों की आवाजाही शुरू होने के बाद लोगों ने यहां एक बार फिर राहत की सांस ली है। हालांकि अभी तक भरमौर के एक दर्जन से अधिक संपर्क मार्ग वाहनों की आवाजाही के लिए बंद पड़े हुए हैं जिनको खोलने का लगातार प्रयास जारी है।




# अवांह के लिए 76 लाख की उठाऊ पेयजल योजना मंजूर

## सीनियर सेकेंडरी स्कूल के समारोह में विधानसभा अध्यक्ष ने दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, चुवाड़ी**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अवांह का वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह मंगलवार को मनाया गया। समारोह में विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस दौरान उन्होंने अवांह वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय परिसर को भव्य बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लोक निर्माण विभाग के भवन डिजाइन विंग के अधिकारी विद्यालय के भवन प्रारूप को भविष्य की आवश्यकताओं के आधार पर ही रखा जाना सुनिश्चित बनाएं। विकास कार्यों का जिक्र करते हुए कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि अवांह क्षेत्र की पेयजल समस्या के स्थायी समाधान को लेकर 76 लाख रुपए की राशि से उठाऊ पेयजल योजना को स्वीकृति प्रदान की गई है तथा जल्द इस योजना के निर्माण कार्य को शुरू कर दिया जाएगा। स्कूल के विद्यार्थियों ने इस दौरान रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर खूब समां बांधा। विधानसभा अध्यक्ष ने स्कूल की सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ाने के लिए 25 हजार की धनराशि देने की घोषणा की। उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए। कार्यवाहक प्रधानाचार्य नितिका शर्मा ने स्कूल का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी विजय कंवर, उपाध्यक्ष नगर पंचायत चुवाड़ी सुरेंद्र चाढक, ब्लॉक अध्यक्ष महिला मोर्चा शालू शर्मा, स्थानीय पंचायत प्रधान ममता देवी, एसडीएम पारस अग्रवाल, उपनिदेशक उच्च शिक्षा प्यार सिंह चाढक, वन मंडल अधिकारी रजनीश महाजन, अधिशाषी अभियंता विद्युत पंकज राठौर, खंड विकास अधिकारी मनीष कुमार, एसएमसी अध्यक्ष नरेश कुमार सहित स्कूल के विद्यार्थी एवं उनके अभिभावक तथा स्थानीय लोग उपस्थित रहे।



वार्षिक समारोह के दौरान होनहार मुख्य अतिथि के साथ।

# खाई में गिरी कार, चालक की मौके पर मौत

## चंबा-शक्तिदेहरा मार्ग पर सोमवार रात हुआ हादसा, सवारियों को छोड़ लौट रहा था वापस

**अनंत ज्ञान, चंबा**

चंबा-शक्तिदेहरा मार्ग पर टैक्सी एचपी 81सी 2217 दुर्घटनाग्रस्त होने से चालक की मौत हो गई है। वहीं मामले की सूचना मिलते ही पुलिस थाना सदर दल मौके पर पहुंच मामला दर्ज कर छानबीन आरंभ कर दी।

वहीं मृतक चालक के शव का पोस्टमार्टम मंगलवार को पंडित जवाहर लाल नेहरू राजकीय मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय चंबा में करवाया गया। पुलिस ने चालक की पहचान भोगिंद्र कुमार (48) पुत्र राजू निवासी गांव लोहा डाकघर सरोल जिला चंबा के रूप में की है।

पुलिस ने अपनी प्रारंभिक छानबीन में बताया कि जब टैक्सी चालक भोगिंद्र कुमार रोजमर्रा की तरह सोमवार को देर रात्रि सवारियां छोड़ने के बाद घर वापस लौट रहा था। जब वह कियाणी-शक्तिदेहरा मार्ग के पास पहुंचा तो वह कार से नियंत्रण खो बैठा। जिसके चलते कार साथ लगती खाई में गिर गई। कार के गिरने की आवाज सुनकर आस-पास के क्षेत्र वासियों ने तुरंत मौके पर पहुंचने सहित मामले की सूचना पुलिस थाना सदर चंबा व 108 रोगी वाहन को देने सहित राहत-बचाव कार्य आरंभ कर दिया।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे पंडित जवाहर लाल नेहरू राजकीय मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय चंबा शवगृह रखा गया। जहां मंगलवार को पुलिस ने उक्त चालक के शव का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को संस्कार के लिए सौंप दिया। उधर जिला प्रशासन की ओर से तहसीलदार चंबा संदीप कुमार द्वारा मृतक चालक के परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए प्रशासन की ओर से फौरी राहत राशि के तहत 10 हजार रुपए प्रदान किए। मामले की पुष्टि पुलिस अधीक्षक जिला चंबा अभिषेक यादव ने की है।

### साहो में बर्फ पर पांव फिसलने से ढांक में गिर कर व्यक्ति की गई जान

**चंबा।** जिला मुख्यालय के निकवर्ती क्षेत्र साहो में एक व्यक्ति की ढांक से गिरने के कारण मृत्यु हो गई। पुलिस थाना सदर चंबा को मामले की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंच शव कब्जे में लेकर जहां उसे पोस्टमार्टम के लिए पंडित जवाहर लाल नेहरू राजकीय मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय चंबा भेज दिया वहीं, मामला दर्ज कर मामले की तफ्तीश शुरू कर दी है। जानकारी अनुसार साहो क्षेत्र में बर्फ पर पैर फिसलकर ढांक में गिरने से जर्मो (43) पुत्र सुधिया निवासी गांव सरा डाकघर साहो जिला चंबा की मृत्यु हो गई। मामले की छानबीन में जुटी पुलिस ने बताया कि मृतक जर्मो घराट चलाने का कार्य करता था। हर रोज की तरह वह घराट में कार्य निपटाने के बाद जब सांयकाल घर वापस लौट आता था। सोमवार को वह देर शाम तक घर वापस नहीं आया। जब वह घर नहीं लौटा तो परिजनों की चिंता बढ़ गई। जिसके चलते परिजनों ने उसकी तलाश आरंभ कर दी। सोमवार देर रात्रि तक तमाम कोशिशों के बावजूद जर्मो का कहीं अता-पता नहीं चला। वहीं मंगलवार सुबह गांव कुछ स्थानीय लोगों ने घर से कुछ दूरी पर समीप के गांव सरा में ही ढांक में गिरा पाया। जिस पर ग्रामीणों ने इसकी सूचना पंचायत प्रतिनिधियों, परिजनों व पुलिस थाना सदर चंबा को दी। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंच कर ढांक में पड़े जर्मो के शव को बाहर निकाल उसे जवाहर लाल नेहरू राजकीय मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय चंबा लाया गया। जहां पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को संस्कार के लिए सौंपने सहित परिजनों के बयान कलमवद्ध किए गए।मामले की पुष्टि पुलिस अधीक्षक जिला चंबा अभिषेक यादव ने करते हुए कहा कि पुलिस ने मामला दर्ज कर तफ्तीश आरंभ कर दी है। शेष पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

# मुकेश रेपसवाल ने संभाला उपायुक्त चंबा का कार्यभार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

भारतीय प्रशासनिक सेवा के वर्ष 2015 बैच के अधिकारी मुकेश रेपसवाल ने चंबा जिला के नए उपायुक्त के रूप में कार्यभार संभाल लिया है। उपायुक्त का पदभार ग्रहण करने से पहले वे निदेशक सूचना प्रौद्योगिकी विभाग का कार्यभार संभाल रहे थे। इससे पूर्व भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी मुकेश रेपसवाल एसडीएम चौपाल, एसडीएम धर्मपुर(मंडी),विशेष सचिव शिक्षा, विशेष सचिव (एमपीपी और पॉवर), अतिरिक्त उपायुक्त चंबा जैसे महत्वपूर्ण पदों पर भी अपनी सेवाएं प्रदान की हैं। उपायुक्त का कार्यभार संभालने के उपरांत मुकेश रेपसवाल ने जिला चंबा के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित बनाने तथा सरकार द्वारा कार्यान्वित की जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं, नीतियों एवं कार्यक्रमों के सफल कार्यान्वयन में अपनी विशेष प्राथमिकता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की निराश्रित बच्चों के लिए मुख्यमंत्री सुखाश्रय योजना तथा राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्टअप इत्यादि योजनाओं से युवाओं को रोजगार उपलब्ध करवाने पर प्राथमिकता रहेगी। उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने कहा कि बेहतर शिक्षा व्यवस्था के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में समान व संतुलित विकास तथा गरीब व पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए विभिन्न विभागीय योजनाओं के बेहतर कार्यान्वयन के भी प्रयास किए जाएंगे ताकि अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचे।



# 35 करोड़ की स्कीमों के लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे मुख्यमंत्री

## विधानसभा अध्यक्ष बोले-दस को है सीएम का भटियात दौरा

**अनंत ज्ञान, चुवाड़ी**

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा है कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू 10 फरवरी को भटियात विधानसभा क्षेत्र के तहत सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम के दौरान चुवाड़ी से लगभग 35 करोड़ धनराशि की लागत वाली विभिन्न विकासात्मक परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे।

यह बात उन्होंने मंगलवार को ग्राम पंचायत अवांह में लजेरा-सेल एंबुलेंस सड़क का शिलान्यास करने के पश्चात जनसभा को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि लजेरा- सेल एंबुलेंस सड़क निर्माण को लेकर आरंभिक बजट के तौर पर 30 लाख की राशि को स्वीकृति प्रदान की गई है तथा इस एंबुलेंस सड़क को जोगिंद्रा गांव तक विस्तार दिया जाएगा।

कुलदीप सिंह पठानिया ने भटियात विधानसभा क्षेत्र में सड़क निर्माण को लेकर अपनी विशेष प्राथमिकता की बात दोहराते हुए कहा कि क्षेत्र में सड़क सुविधा से वंचित 90 गांवों में से 30 गांवों को सड़क निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि अगले दो वर्षों के भीतर शेष 60 संपर्क सड़कों का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। इस दौरान उन्होंने सड़क के लिए भूमि दान देने वाले लोगों को सम्मानित भी किया।

### चौगान मैदान का निरीक्षण किया

**चुवाड़ी।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में 10 फरवरी को आयोजित होने वाले सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम को लेकर विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने मंगलवार को उपमंडलीय मुख्यालय चुवाड़ी में चौगान मैदान का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ उपायुक्त मुकेश रेपसवाल भी उपस्थित रहे। कुलदीप सिंह पठानिया ने कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। इस दौरान एसडीएम पारस अग्रवाल, उपनिदेशक उच्च शिक्षा प्यार सिंह चाढक, वन मंडल अधिकारी रजनीश महाजन, अधिशासी अभियंता विद्युत पंकज राठौर, खंड विकास अधिकारी मनीष कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

**अलख** कलाकारों ने गीत-संगीत के माध्यम से लोगों को बताईं सरकारी योजनाएं

# नाटक के माध्यम से बताई मुख्यमंत्री सबल योजना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

सूचना एवं जन संपर्क विभाग के साथ संबद्ध लोकनाट्य दलों के कलाकारों द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को मुख्यमंत्री सबल योजना, इंदिरा गांधी स्टार्टअप स्वरोजगार योजना, मुख्यमंत्री विधवा एवं एकल नारी आवास योजना, विधवा पुनर्विवाह योजना, इंदिरा गांधी बालिका सुरक्षा योजना आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

कलाकारों ने विधानसभा क्षेत्र भटियात के सिहुंता व कामला, भरमौर के सुनारा व लोथल, चंबा के साहू व जडेरा व चुराह के कियानी व चकलू और डलहौजी के लाचोडी व लिग्गा में कार्यक्रम आयोजित किए। कलाकारों ने गीत-संगीत व नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को बताया कि राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्रों तक गुणात्मक शिक्षा पहुंचाने के लिए डॉ. यशवंत सिंह परमार विद्यार्थी ऋण योजना आरंभ की गई है।

इस योजना के तहत प्रदेश के पात्र विद्यार्थियों को व्यावसायिक व तकनीकी शिक्षा जैसे इंजीनियरिंग, चिकित्सा, प्रबंधन, पैरा-मेडिकल फार्मेसी, नर्सिंग, विधि आदि में डिप्लोमा व डिग्री कोर्स तथा औद्योगिक संस्थानों, बहुतकनीकी संस्थानों से तकनीकी कोर्स और मान्यता प्राप्त शैक्षणिक संस्थानों तथा विश्वविद्यालयों से पीएचडी करने के लिए एक प्रतिशत ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध करवाया जा रहा है। योजना के तहत अधिकतम 20 लाख रुपए तक शिक्षा ऋण का प्रावधान किया गया है। कलाकारों ने लोगों से अपने आस-पास बेसहारा बच्चों को सुखाश्रय योजना के बारे में अवगत करवाने का आग्रह किया। उन्होंने लघु नाटिका के माध्यम से लोगों को 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम के बारे में भी जागरूक किया। इस अवसर पर प्रधान ग्राम मनोज कुमार, प्रधान अरुण कुमार व अन्य पंचायत प्रतिनिधियों सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।



गीत-संगीत व नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी देते कलाकार।

# आरबीआई ने एचडीएफसी को छह बैंकों में 9.5 फीसदी हिस्सेदारी खरीदने को मंजूरी दी

**एजेंसी, नई दिल्ली**




निजी क्षेत्र के बैंक एचडीएफसी समूह को रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने एक्सिस बैंक सहित छह बैंकों में 9.5 फीसदी तक हिस्सेदारी खरीदने की मंजूरी दे दी है। इन छह बैंकों में आईसीआईसीआई बैंक, बंधन बैंक, एक्सिस बैंक, यस बैंक और सर्वोदय स्मॉल फाइनेंस बैंक हैं।

एचडीएफसी बैंक ने मंगलवार को शेयर बाजार को जानकारी दी कि आरबीआई ने पांच फरवरी, 2024 को एक्सिस बैंक सहित 6 बैंकों में 9.5 फीसदी तक हिस्सेदारी खरीदने की मंजूरी दे दी है। एचडीएफसी बैंक समूह ने प्रवर्तक या प्रायोजक के रूप में आरबीआई को 18 दिसंबर, 2023 को आवेदन किए थे, जिसके तहत यह मंजूरी दी गई है। समूह के मुताबिक आरबीआई की यह मंजूरी चार फरवरी, 2025 तक (एक वर्ष) की अवधि के लिए मान्य है। इस अवधि के दौरान इन 6 बैंकों में एचडीएफसी बैंक समूह को अपनी हिस्सेदारी बढ़ानी होगी, लेकिन रिजर्व बैंक के निर्देशों के मुताबिक इन बैंकों में कुल हिस्सेदारी 9.50 फीसदी से अधिक नहीं होनी चाहिए।

एचडीएफसी बैंक समूह के तहत आने वाली संस्थाओं में एचडीएफसी म्यूचुअल फंड, एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस कंपनी, एचडीएफसी एर्गो जनरल इंश्योरेंस कंपनी और अन्य हैं।

### भारत-पाकिस्तान सीमा पर बनेगी एलसीए तेजस मार्क-1ए की पहली स्क्वाड्रन

# स्वदेशी एलसीए 'तेजस' एमके-1ए फाइटर जेट इसी महीने भरेगा पहली उड़ान

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय वायु सेना इस महीने तेजस एमके-1ए लड़ाकू विमानों का पहला बैच प्राप्त करने के लिए पूरी तरह तैयार है, जो स्वदेशी एलसीए तेजस का एक बेहतर संस्करण है। रक्षा विमानन क्षेत्र में भारत का स्वर्ण युग इस महीने 4.5 पीढ़ी के इस फाइटर जेट की पहली उड़ान के साथ शुरू होने जा रहा है।



तेजस की पहली स्क्वाड्रन 01 अप्रैल तक भारत-पाकिस्तान की पश्चिमी सीमा पर राजस्थान के नाल हवाई अड्डे पर बीकानेर एयरबेस में बनाने की तैयारी है। भारतीय वायु सेना के लिए आठ वर्षों में कुल 180 तेजस विमानों का उत्पादन किया जाना है। रक्षा मंत्रालय ने 83 एलसीए तेजस एमके-1ए फाइटर जेट के लिए 03 फरवरी, 2021 को हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के साथ डील फाइनल की थी। इसी सौदे का पहला ट्विन-सीटर ट्रेनर पिछले साल 04 अक्टूबर को एचएएल ने वायुसेना को सौंप दिया था।

वायु सेना की जरूरत को देखते हुए केंद्र सरकार ने लंबे इंतजार के बाद पिछले साल 30 नवंबर को 97 तेजस एमके-1ए खरीदने को मंजूरी दे दी है। एचएएल के साथ अतिरिक्त 97 तेजस एमके-1ए के सौदे पर हस्ताक्षर होने के बाद कुल 180 विमानों का उत्पादन किया जाना है। एचएएल ने 83 विमानों का ऑर्डर मिलने पर प्रति वर्ष 16 जेट तैयार करने का लक्ष्य रखा था, लेकिन 97 विमानों का और ऑर्डर मिलने पर प्रति वर्ष 32 जेट का उत्पादन करने की तैयारी है।

वायु सेना की जरूरतों को देखते हुए तैयार किये जा रहे एलसीए तेजस एमके-1ए फाइटर जेट में एवियोनिक्स, हथियार और रखरखाव में 43 तरह के सुधार किये जाने का खुलासा किया गया है।

# सूरजकुंड मेले में धूम मचा रहीं प्रसिद्ध शिल्पकार राजेंद्र बोंदवाल की कृतियां

**एजेंसी, फरीदाबाद**

राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई दशक से बहादुरगढ़ हरियाणा का विख्यात हस्त शिल्पी राजेंद्र बोंदवाल का परिवार हस्तशिल्प के क्षेत्र में धूम मचा रहा है। चंदन, कदम और अन्य उमदा किस्म की लकड़ी पर हस्त कारीगरी में निपुण बोंदवाल परिवार ने पारंपरिक कला को आगे बढ़ाने का काम किया है।

37वें अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला में शिल्पी राजेंद्र बोंदवाल की कृतियां मेला देखने आए पर्यटकों पर अनूठी छाप छोड़ रही हैं।

बता दें कि जिला झज्जर के शहर बहादुरगढ़ के विख्यात शिल्पी राजेंद्र बोंदवाल को इस बार सूरजकुंड मेले में स्टॉल नंबर-1245 अलॉट हुई है, जिस पर दिनभर कला प्रेमियों का तांता लगा रहता है। इस स्टॉल पर चंदन और दूसरी लकड़ी से बने



लाकेट, ब्रेसलेट, मालाएं, खिलौने, जंगली जानवरों की कृतियां, देवी-देवताओं की आकर्षक मूर्तियां उपलब्ध हैं।

मेले में पहुंचे पर्यटक दिल्ली निवासी अशोक वत्स, ओजस्वी, नेहा आदि ने बताया कि बोंदवाल की स्टॉल पर एक से बढ़कर एक कलाकृतियां मौजूद हैं।

## वर्ल्ड न्यूज

### बांग्लादेश में रोहिंग्या युवक की गोली मारकर हत्या

**ढाका।** बांग्लादेश में एक रोहिंग्या युवक की गोलीमार कर हत्या कर दी गई। पुलिस ने हत्यारों की धरपकड़ की कोशिश शुरू कर दी है। ढाका ट्रिब्यून अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, यह वारदात उखिया उप जिला क्षेत्र में हुई है। पुलिस ने बताया कि बदमाशों ने सोमवार रात कॉक्स बाजार के उखिया उपजिला के अंतर्गत कुटुपालोंग शिविर में रोहिंग्या युवक जलील को गोलियों से भून दिया। जलील कुटुपालोंग के एफ-12 ब्लॉक के अंतर्गत कैंप नंबर चार के मोहम्मद कमाल हुसैन का बेटा था। युवक को रोहिंग्या शिविर के एक अस्पताल में ले गए। चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### राजस्थान में आर्मी इंटेलिजेंस ने संदिग्ध पाक जासूस को पकड़ा

**जोधपुर।** राजस्थान के सीमावर्ती जिले जैसलमेर के पोखरण क्षेत्र से आर्मी इंटेलिजेंस ने मंगलवार को एक संदिग्ध पाकिस्तानी जासूस को पकड़ा। संदिग्ध 2014 में अपने परिवार के साथ टर्म वीजा पर भारत आया था और अभी आर्मी कैंट एरिया में लेबर का काम कर रहा था। अधिकारियों के अनुसार युवक जनवरी 2024 से आर्मी कैंट एरिया में लेबर का काम करता था। युवक जांच के दौरान फोन पर बात करते पकड़ा गया। उसके फोन में पाकिस्तान के नंबर से बात करने और सोशल मीडिया पर पाकिस्तानी लोगों से ऑडियो-वीडियो कॉल के जरिए बातचीत के भी सबूत मिले हैं। संदिग्ध युवक का नाम मनुजी भील (24) है। जो पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के भावलपुर का रहने वाला है। सुरक्षा एजेंसियां गहनता से पूछताछ कर रही हैं।

### सर्राफा बाजार में गिरावट, सोना और चांदी की घटी चमक

**नई दिल्ली।** चेन्नई के अलावा देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में मंगलवार को एक बार फिर गिरावट के कारण 24 कैरेट सोना 63 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम के स्तर से थोड़ा ऊपर नजर आ रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी 58 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम के स्तर से थोड़ा नीचे लुढ़क गया है। सोना की तरह ही चांदी के भाव भी आज कमजोर हुए हैं, जिसके कारण दिल्ली के सर्राफा बाजार में चांदी 74,500 रुपए प्रति किलोग्राम की कीमत पर कारोबार कर रहा है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना 63,150 रुपए प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 57,900 रुपए प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई।



### खरीददारी से उछला शेयर बाजार, सेंसेक्स 72 हजार पार

**नई दिल्ली।** ग्लोबल मार्केट के मिले-जुले संकेतों के बीच घरेलू शेयर मार्केट में मंगलवार को खरीददारी का जोर नजर आया। पहले घंटे के कारोबार में बिकवाली का दबाव भी बना, लेकिन उसके बाद ज्यादातर समय शेयर बाजार में लिवाली का जोर बना रहा। शुरुआती उतार-चढ़ाव के बाद भारतीय शेयर बाजार मजबूती हासिल करने में सफल रहा। अच्छी खरीदारी के बाद बेंचमार्क इंडेक्स बढ़त के साथ बंद हुए। हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन में सेंसेक्स 454.67 (0.63 ) अंकों की बढ़त के साथ 72,186.09 के लेवल पर बंद हुआ। दूसरी ओर, जबकि निफ्टी 157.71 (0.72 ) अंक मजबूत होकर 21,929.40 के स्तर पर बंद हुआ।



# गोवा के विकास को और रफ्तार देंगी 1300 करोड़ की परियोजनाएं

## मोदी बोले- गोवा श्रेष्ठ भारत का उत्कृष्ट उदाहरण, 1930 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र बांटे

**एजेंसी, नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को गोवा में विकसित भारत, विकसित गोवा 2047 कार्यक्रम में 1330 करोड़ रुपए से अधिक की विकास परियोजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास किए। प्रधानमंत्री ने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्यटन से जुड़ी ये परियोजनाएं गोवा के विकास को और रफ्तार देंगी। मोदी ने इस अवसर पर आयोजित प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया।



प्रधानमंत्री ने रोजगार मेले के तहत विभिन्न विभागों में 1930 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र भी वितरित किए और विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र भी सौंपे। प्रधानमंत्री ने इस दौरान अपने संबोधन में गोवा की प्रगति और उसके नागरिकों के कल्याण के लिए डबल इंजन सरकार की प्राथमिकता बताई।

1300 करोड़ रुपए की इन परियोजनाओं के बारे में विस्तार से बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्यटन से जुड़ी परियोजनाएं गोवा के विकास को नई गति देंगी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान का स्थायी परिसर और राष्ट्रीय वाटर स्पोर्ट्स संस्थान का परिसर और एकीकृत अपशिष्ट प्रबंधन सुविधा, 1930 नियुक्ति पत्र राज्य के विकास को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे। गोवा को एक भारत श्रेष्ठ भारत का अच्छा उदाहरण बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि गोवा में ईसाई समुदाय और अन्य धर्मों के लोग एक साथ रहते हैं और यह 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' का उत्कृष्ट उदाहरण है। इस भूमि पर कई महान संतों और प्रसिद्ध कलाकारों का जन्म हुआ है।

इस वर्ष के बजट पर प्रधानमंत्री ने कहा कि डबल इंजन सरकार गरीबों के कल्याण के लिए बड़ी योजनाएं चलाने के साथ-साथ बुनियादी ढांचे में रिकॉर्ड निवेश कर रही है। प्रधानमंत्री ने गोवा को दुनिया भर के पर्यटकों का पसंदीदा स्थान बताते हुए कहा कि भारत हमेशा से नेचर, कल्चर और हैरिटेज की दृष्टि से समृद्ध रहा है।

उन्होंने कहा कि हमारी सरकार, गोवा में कनेक्टिविटी बेहतर करने के साथ ही इसे लॉजिस्टिक हब बनाने के लिए भी काम कर रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मछली पालकों के हित में जितना काम हमारी सरकार ने किया है, उतना पहले किसी ने नहीं किया।

# कैग को दिल्ली जल बोर्ड के 2018-2021 तक के खातों की जांच तेज करने का निर्देश

**एजेंसी, नई दिल्ली**

दिल्ली हाई कोर्ट ने भारत के महालेखा परीक्षक (सीएजी) को निर्देश दिया है कि वह दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) के 2018 से लेकर 2021 तक के खातों की जांच में तेजी लाए। कार्यकारी चीफ जस्टिस मनमोहन की अध्यक्षता वाली बेंच ने यह आदेश दिया।




आज सुनवाई के दौरान सीएजी की ओर से पेश वकील ने कोर्ट को बताया कि उन्हें दिल्ली जब बोर्ड की ओर से 2018-19 से लेकर 2020-21 तक के वार्षिक अकाउंट स्टेटमेंट मिल चुके हैं और उनका ऑडिट चल रहा है। उसके बाद कोर्ट ने याचिका का ये कहते हुए निस्तारण कर दिया कि सीएजी खातों की जांच में तेजी लाए। इससे पहले 28 नवंबर, 2023 को डीजेबी ने कहा था कि उसने अपने छह साल के खातों को जांच के लिए महालेखा परीक्षक (सीएजी) को भेज दिया है। सुनवाई के दौरान डीजेबी की ओर से पेश वकील ने कहा था कि 2015-16 से लेकर 2020-21 तक के वार्षिक खाते तैयार कर लिए गए हैं और उन्हें सीएजी को भेज दिया गया है।

भाजपा नेता हरीश खुराना ने याचिका दायर की थी। याचिकाकर्ता की ओर से वकील समृद्धि अरोड़ा ने कहा था कि दिल्ली वाटर बोर्ड एक्ट की धारा 70 के मुताबिक दिल्ली जल बोर्ड को अपने लाभ और हानि का बैलेंस शीट मेंटेन करना होता है। उन्होंने मांग की थी कि दिल्ली जल बोर्ड को निर्देश दिया जाए कि वो 2015 से लेकर 2021 तक का बैलेंस शीट जारी करे। याचिका में मांग की गई थी कि भारत के नियंत्रक और महालेखाकार (सीएजी) को निर्देश दिया जाए कि वो एक तय समय में दिल्ली जब बोर्ड के खातों का आडिट करें। सुनवाई के दौरान दिल्ली सरकार और दिल्ली जल बोर्ड की ओर से पेश वकील संजय घोष ने कहा था कि ये याचिका एक राजनीतिक दल के नेता की ओर से दायर की गई है जिनके राजनीतिक हित हैं। उन्होंने कहा कि आडिट का काम चल रहा है। याचिका में कहा गया था कि दिल्ली वाटर बोर्ड एक्ट की धारा 70 के मुताबिक वार्षिक खाते को मेंटेन करना अनिवार्य है। याचिका में कहा गया था कि 11 मई, 24 मई, 22 जुलाई को आरटीआई के जरिये दायर आवेदन के जवाब में कहा गया था कि 2015-16 से लेकर आगे का बैलेंस शीट तैयार की जा रही है। याचिका में कहा गया था कि दिल्ली जब बोर्ड और सीएजी दोनों दिल्ली वाटर एक्ट की धारा 70 के मुताबिक अपना संवैधानिक दायित्व निभाने में विफल रहे हैं। वार्षिक वित्तीय खातों को मेंटेन करना पारदर्शिता बरकरार रखने के लिए जरूरी है।

### संदीप रेड्डी के प्रस्ताव पर एक्ट्रेस ने यह दिया जवाब

# कंगना रणौत के साथ काम करना चाहते हैं संदीप रेड्डी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

'एनिमल' फिल्म का क्रेज खत्म नहीं हो रहा है। फिल्म के कुछ सीन्स और डायलॉग्स की वजह से कई लोगों ने 'एनिमल' को ट्रोल भी किया। बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रणौत ने भी फिल्म 'एनिमल' की आलोचना की।



फिल्म 'एनिमल' डायरेक्टर संदीप वांगा रेड्डी ने हाल ही में एक इंटरव्यू में बॉलीवुड की क्वीन कंगना रनौत के साथ काम करने की इच्छा जताई है। रेड्डी ने कंगना की तारीफ भी की। उन्होंने कहा कि, अगर वह किसी भूमिका के लिए फिट हैं, तो मैं निश्चित रूप से उन्हें एक कहानी दूंगा। मुझे क्वीन में उनका काम पसंद आया। इसलिए भले ही उन्होंने 'एनिमल' के बारे में नकारात्मक टिप्पणी की हो, मुझे कोई आपत्ति नहीं है। मैंने देखा है उसका काम, इसलिए मुझे खेद है। संदीप रेड्डी के बयान के बाद कंगना ने एक इंस्टा स्टोरी शेयर की है।

अभिनेत्री कंगना कहती हैं, परीक्षा करना और निंदा करना अलग-अलग चीजें हैं। हर कला की जांच और चर्चा होनी चाहिए। संदीप ने मेरी आलोचना का सम्मान किया। न केवल वह मर्दाना फिल्में बनाते हैं, हम कह सकते हैं कि उनका व्यवहार भी मर्दाना है। धन्यवाद सर। उन्होंने कहा, लेकिन कृपया मुझे कोई भूमिका न दें। अन्यथा आपके अल्फा पुरुष नायक नारीवादी बन जाएंगे और फिर आपकी फिल्में फ्लॉप हो जाएंगी। आप ब्लॉकबस्टर फिल्में बनाते हैं। फिल्म उद्योग को आपकी जरूरत है।



# अमेरिका ने शुरू की गाजा में युद्धविराम की कोशिश, ब्लिंकन ने क्राउन प्रिंस से की चर्चा

**एजेंसी, रियाद**

अमेरिका ने गाजा में युद्धविराम के नए सिरे से प्रयास तेज कर दिए हैं। इस सिलसिले में अमेरिकी विदेशमंत्री एंटनी जे. ब्लिंकन मध्यपूर्व की यात्रा के प्रथम चरण में सोमवार सऊदी अरब पहुंचे।



उन्होंने लगभग 123 दिन से जारी इसराइल-हमास संघर्ष को रोकने पर क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान से चर्चा की। उल्लेखनीय है कि अमेरिका गाजा में बंधकों को रिहा करने के प्रस्ताव पर सहयोगियों को एकजुट करने की कोशिश कर रहा है। द न्यूयॉर्क टाइम्स अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, ब्लिंकन ने क्राउन प्रिंस से मध्य पूर्व में ईरान समर्थित मिलिशिया के दखल पर भी चर्चा की। ब्लिंकन सात अक्तूबर से अब तक पांचवीं बार सऊदी अरब पहुंचे हैं। क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के साथ बैठक में गाजा में संकट का स्थायी अंत कैसे प्राप्त किया जाए, इसकी आवश्यकता पर चर्चा की गई।

अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने दोनों के बीच बातचीत का संक्षिप्त ब्योरा पत्रकारों से साझा किया है।

### कच्चा तेल ले जा रही मालगाड़ी में लगी आग विद्युत आपूर्ति रोकी गई

**मुंबई।** रायगढ़ जिले में पनवेल और खालापुर के बीच चौक रोड के पास मंगलवार को दोपहर में कच्चा तेल ले जा रही मालगाड़ी में अचानक आग लग गई। इससे पनवेल और खालापुर के बीच रेलवे सेवा भी प्रभावित हो गई है।

फायर ब्रिगेड के अनुसार मंगलवार दोपहर में मुंबई से कच्चा तेल के वैगन लेकर मिरज की ओर जा रही मालगाड़ी में चौक रोड के पास आग लगने की सूचना मिली। इस घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। रेलवे की टीम और पनवेल फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने का काम शुरू कर दिया है। इस घटना में किसी के हताहत नहीं हुआ है।

# उत्तराखंड विधानसभा के पटल पर रखा गया समान नागरिक संहिता विधेयक

**एजेंसी, देहरादून**

उत्तराखंड विधानसभा के पटल पर आज (मंगलवार) आज समान नागरिक संहिता विधेयक को रखा गया। इसके बाद सदन को दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया।



राज्य चिह्नित आंदोलनकारियों और उनके आश्रितों को राजकीय सेवा में आरक्षण विधेयक-2023 के 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण देने संबंधी प्रवर समिति की रिपोर्ट को भी सदन के पटल पर रखा गया। इस दौरान भारत माता और वंदे मातरम के नारे भी लगाए गए। मंगलवार को सत्र शुरू होते ही सत्त पक्ष के सदस्यों ने भारत माता की जय के नारे लगाए। इसके जवाब में विपक्षी सदस्यों ने बाबा साहब अमर के नारे लगाए।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी अपने आवास से संविधान की मूल प्रति और समान नागरिक संहिता के ड्राफ्ट की प्रति के साथ विधानसभा पहुंचे।

### एनआईए ने असम मानव तस्करी मामले में 24 के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने जाली भारतीय पहचान पत्र के साथ मानव तस्करी मामले में 24 लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया है। इसमें चार बांग्लादेशी नागरिक और एक म्यांमार मूल का रोहिंग्या है।

एनआईए ने मंगलवार को जारी एक बयान में बताया कि राष्ट्र-विरोधी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए इन लोगों के खिलाफ सोमवार को असम के गुवाहाटी स्थित एनआईए की विशेष अदालत में आरोप पत्र दायर किया गया। आरोपितों के खिलाफ विभिन्न भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा और विदेशी पासपोर्ट अधिनियम 1920 के तहत आरोप पत्र दाखिल किए हैं।

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी, श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

## आज का पंचांग

(7 फरवरी, 2024)

**विक्रमी संवत :** 2080, **शक संवत :** 1945 (शोभकृत), **मास :** माघ, **तिथि :** द्वादशी 02:04 दोपहर तक, **नक्षत्र :** पूर्वाषाढ़ा (04:38 सुबह), **पक्ष :** कृष्ण, **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (कोई नहीं)

**राहुकाल :** 12:35-01:57 दोपहर तक।

**विशेष दिन**

07 फरवरी 2024 : प्रदोष व्रत आज।

**मेष :** पारिवारिक समस्या से ग्रस्त हो सकते हैं। आर्थिक मामलों में समस्या से ग्रसित हो सकते हैं, सचेत रहें। कोई ऐसा कार्य न करें, जिससे प्रतिष्ठा प्रभावित हो।

**वृषभ :** आज व्यावसायिक योजना सफल होंगी और फल की प्राप्ति होगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। आपकी रचनात्मक कार्यों में प्रगति होगी।

**मिथुन :** आज सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। धन का योग बन रहा है और यश-कीर्ति में वृद्धि होगी। रचनात्मक कार्यों में प्रगति होगी। आपको आज महिला अधिकारी का सहयोग मिलेगा।

**कर्क :** व्यावसायिक योजना फलीभूत होगी। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। उपहार या सम्मान में वृद्धि होगी। चली आ रही समस्या का समाधान होगा।

**सिंह:** मांगलिक या सांस्कृतिक उत्सव में हिस्सेदारी रहेगी। जीवनसाथी का सहयोग और सानिध्य मिलेगा। संबंधों में निकटता आएगी।

**कन्या :** निजी संबंध प्रगाढ़ होंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद व उत्साहवर्द्धक होगी।

**तुला :** व्यावसायिक योजना फलीभूत होगी। रोजगार की दिशा में सफलता मिलेगी। जीविका के क्षेत्र में प्रगति होगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**वृश्चिक:** आज पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। संतान के दायित्व की पूर्ति होगी। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। सामाजिक कार्यों में प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**धनु:** आज आपके जीवनसाथी की तरफ भरपूर सहयोग और सानिध्य मिलेगा। गृह कार्य की दिशा में सफलता मिलेगी। पारिवारिक जीवन सुखमय होगा।

**मकर :** आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। शासन सत्ता का सहयोग रहेगा। व्यावसायिक योजना फलीभूत होगी। आज आपको रचनात्मक प्रयास फलीभूत होंगे।

**कुंभ :** किसी कार्य के संपन्न होने से आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। रचनात्मक कार्यों की दिशा में सफलता मिलेगी। व्यावसायिक योजना फलीभूत होगी।

**मीन :** आज आपको भावुकता पर नियंत्रण रखना होगा। पारिवारिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। व्यावसायिक मामलों में सचेत रहें। धन, यश, कीर्ति में वृद्धि होगी।

**फ्लैशबैक** — सात फरवरी की तारीख भारतीय नौसेना के लिए बेहद अहम

# स्वदेशी पनडुब्बी आईएनएस शाल्की नौसेना के बेड़े में हुई थी शामिल

**एजेंसी, नई दिल्ली**

देश-दुनिया के इतिहास में सात फरवरी की तारीख तमाम अहम वजह से दर्ज है। यह तारीख भारतीय नौसेना के लिए बेहद अहम है। इसी तारीख को 1992 में स्वदेश में निर्मित पहली पनडुब्बी 'आईएनएस शाल्की' को भारतीय नौसेना में शामिल किया गया था।

भारत हमेशा से रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की कोशिश करता आया है। इसी क्रम में देश में पहली सबमरीन या पनडुब्बी आईएनएस शाल्की का निर्माण किया गया था। यह (एस46) शिशुमार श्रेणी की (टाइप 1500) डीजल-इलेक्ट्रिक पनडुब्बी है। स्वदेश में निर्मित इस पहली सबमरीन को 30 सितंबर 1989 को बंबई (मुंबई) में लॉन्च किया गया था। आईएनएस शाल्की का निर्माण मझगांव डॉक लिमिटेड ने किया था।

भारतीय नौसेना के पास शिशुमार श्रेणी की चार सबमरीन हैं- शिशुमार, शंकुश, शाल्की और शंकुल हैं। इन चारों को 1986 से 1994 के बीच नौसेना में शामिल किया गया था। इस पनडुब्बी की लंबाई 211 फीट, चौड़ाई 21 फीट और गहराई 20 फीट है। आईएनएस शाल्की की टेस्ट डेफ्थ 850 फीट है। आईएनएस शाल्की आठ अधिकारियों सहित 40 लोगों को ले जा सकती है। इसका सतह पर वजन 1660 टन और पानी के भीतर वजन 1850 टन है। यह सतह पर 22 नॉट्स (41 किलोमीटर/घंटे) की रफ्तार से चल सकती है।




### शिशुमार श्रेणी की डीजल और इलेक्ट्रिक पनडुब्बी

**आईएनएस** शाल्की भारतीय नौसेना की शिशुमार श्रेणी की डीजल-इलेक्ट्रिक पनडुब्बी है। यह पनडुब्बी भारत में निर्मित होने वाली पहली पनडुब्बी थी। इसे 1987 में दिवंगत प्रधानमंत्री राजीव गांधी द्वारा लॉन्च किया गया था। शाल्की को 7 फरवरी 1992 को कमीशन किया गया था। यह शिशुमार क्लास के बेड़े में तीसरी पनडुब्बी है। पनडुब्बी डीजल से चलती है और इसमें कुल नौ मोटरें हैं। आईएनएस शाल्की 24 म बाहरी स्ट्रैप-ऑन खदानों और 143 एईजी-एसयूटी मॉड 1 वायर-निर्देशित सक्रिय/निष्क्रिय टॉरपीडो से सुसज्जित है।

### नवाज शरीफ की सरकार बनने पर विदेश मंत्री नहीं बनूंगा : बिलावल भुट्टो

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में आम चुनाव से पहले राजनीतिक घमासान अपने चरम पर है। जहां सरकार और विपक्ष के बीच घमासान मचा हुआ है। वहीं सरकार में शामिल पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो-जरदारी ने सोमवार को कहा कि अगर पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ वीरवार को होने वाला चुनाव जीतकर सत्ता में वापसी करते हैं तो वा वह विदेश मंत्री नहीं बनेंगे। एक साक्षात्कार में बिलावल ने कहा कि अगर पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) पार्टी आठ फरवरी के चुनावों के बाद सत्ता में आती है तो उनके लिए उससे हाथ मिलाना मुश्किल होगा।



## नकल पर नकेल के लिए नया कानून

**सरकारी** भर्ती परीक्षाओं में अब न तो कोई गड़बड़ी हो पाएगी और न ही पेपर लीक हो सकेंगे, क्योंकि केंद्र सरकार ने इन समस्याओं से आजिज आकर नकल पर नकेल कस दी है। दरअसल, सरकार ने लोकसभा में लोक परीक्षा अनुचित साधन निवारण विधेयक 2024 बिल पेश किया है, जिसे मंजूरी दे दी गई है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने अभिभाषण में भी कहा था कि हमारी सरकार पेपर लीक रोकने के लिए बिल लेकर आएगी और सरकार ने यह कर दिखाया है। सरकार को यह बहुत पहले ही कर देना चाहिए था। बिल लोकसभा में पास होने के बाद इसे ऊपरी सदन राज्यसभा में पेश किया जाएगा। दोनों सदनों में पास होने के बाद इसे राष्ट्रपति के पास मंजूरी के लिए भेजा जाएगा और अनुमति मिलने के बाद यह कानून लागू हो जाएगा। केंद्र सरकार सरकारी भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक, नकल और फर्जी वेबसाइट्स जैसी गड़बड़ियों पर रोक लगाने के प्रति संजीदा है। इसमें न्यूनतम तीन से दस साल तक जेल और एक करोड़ रुपए तक जुर्माने का प्रावधान है।

बिल में यह उल्लेख है कि कोई व्यक्ति, व्यक्तियों के समूह या संस्थान प्रश्न पत्र या आंसर की लीक करते हैं, परीक्षा में अनधिकृत रूप से किसी तरीके से अभ्यर्थी की मदद करते हैं और कंप्यूटर नेटवर्क या सिस्टम से छेड़छाड़ करते हैं, तो यह अपराध माना जाएगा। फर्जी वेबसाइट बनाना, फर्जी परीक्षा कराना, नकली प्रवेश पत्र या फर्जी ऑफर लेटर जारी करना भी दंडनीय अपराध होगा। अब तक केंद्र सरकार और उसकी एजेंसियों की परीक्षाओं में अनुचित तरीकों के इस्तेमाल से निपटने के लिए विशेष ठोस कानून नहीं है और इस गोरखधंधे में पड़े लोग इसी कमजोरी का फायदा उठाकर धड़ाधड़ पेपर लीक करवा रहे थे। इससे यह हो रहा था कि लायक लोग पीछे रह जा रहे थे तथा नकल करने वाले काफी आगे निकल जा रहे थे। यहां तक कि वे सरकारी नौकरी भी हथिया लेते थे। सरकार ने अब शिकंजा कसते हुए सर्विस प्रोवाइडर को ही लपेटे में ले लिया है, यानी अगर कोई सर्विस प्रोवाइडर दोषी पाया जाता है तो सरकार उससे ही परीक्षा की लागत भी वसूल कर लेगी। अनुचित साधनों और अपराधों का सहारा लेने वाले व्यक्ति को तीन से लेकर पांच साल तक की सजा का प्रावधान किया है।

कैद के साथ दस लाख का जुर्माना भी भरना पड़ेगा। जुर्माना न देने पर सजा बढ़ाई जा सकती है। संगठित अपराध से जुड़े केस में पांच से दस साल तक की कैद और न्यूनतम एक करोड़ रुपए जुर्माने का प्रस्ताव भी है। सर्विस प्रोवाइडर पर नियमों के उल्लंघन पर एक करोड़ रुपए तक जुर्माने का प्रावधान है। दोषी पाए जाने पर सर्विस प्रोवाइडर चार साल तक सार्वजनिक परीक्षा भी नहीं करवा सकेगा। विधेयक का जोर परीक्षा पत्रों तक पहुंच हासिल करने और उन्हें उम्मीदवारों तक पहुंचाने के लिए अनुचित तरीकों से शामिल संगठित सिंडिकेट पर नकेल कसने पर होगा। विधेयक का उद्देश्य उन व्यक्तियों, संगठित समूहों या संस्थानों को प्रभावी और कानूनी रूप से रोकना है, जो विभिन्न अनुचित साधनों में शामिल होते हैं। सरकार की यह दूरदर्शी सोच तभी साकार हो पाएगी, जब जनता भी सरकार का साथ दे। लोगों को परीक्षाओं में गड़बड़ी और पेपर लीक करवाने वालों को जेल तक पहुंचाना होगा, क्योंकि जब तक लोग संगठित नहीं होंगे, तब तक अपराध का जुनून यूं ही बरकरार रहेगा और उसमें सुधार भी नहीं हो पाएगा।

# श्मशानघाट बन गई अवैध पटाखा फैक्टरी, दोषी कौन ?



नरेंद्र भारती
वरिष्ठ पत्रकार

**देश** में प्रतिदिन अवैध फैक्टरियों में बहुत ही मर्मातंक हादसे होते हैं, मगर ये प्रकाश में नहीं आते हैं। इन हादसों में सैकड़ों बच्चे अनाथ हो गए और कई मां-बहनों का सिंदूर मिट गया और बहनों के भाई मारे गए। केंद्र सरकार को इन हादसों के संदर्भ में छानबीन करवानी चाहिए तथा दोषियों को सजा देनी होगी। समय रहते इन घटनाओं को रोकने के लिए कारगर कदम उठाने होंगे ताकि भविष्य में ऐसी दर्दनाक हादसों पर विराम लग सके। अगर अब भी सरकार ने लापरवाही बरती तो निर्दोष लोग व मजदूर बेमौत मरते रहेंगे।

कैसी विडंबना है कि अभी बद्दी हादसे की आग भी ठंडी नहीं हुई थी कि हरदा हादसे ने एक नई इबारत लिख दी। हरदा की अवैध पटाखा फैक्टरी में विस्फोट का दोषी कौन है। गत दिवस छह फरवरी को मध्य प्रदेश के हरदा में एक पटाखा फैक्टरी में विस्फोट होने से आग लगने से दर्जनों लोगों की मौत हो गई और 100 से ज्यादा लोग घायल हो गए और 60 घर जल गए। मृतकों की संख्या अभी बढ़ सकती है। गत दो फरवरी को बद्दी की परफ्यूम फैक्टरी में घटित हुआ, जहां 35 लोग झुलस गए और एक महिला की मौत हो गई। चार लोगों को पीजीआई में भर्ती किया था। अभी भी 20 लोग लापता हैं। सर्च ऑपरेशन जारी है। फैक्टरी के प्रबंधक को गिरफ्तार कर लिया था। आगजनी के समय करीब 50 कामगार मौजूद थे। 30 कामगारों ने ऊपरी मंजिल से कूदकर अपनी जान बचा ली इनमें से तीन की रीढ़ की हड्डी टूट गई। फैक्टरी के मालिक पर लापरवाही बरतने का मामला दर्ज कर लिया है। इससे पहले भी बद्दी में काफी अग्निकांड हो चुके हैं, लेकिन सबक नहीं सीख रहे हैं।

सरकारों को इस हादसे से संज्ञान लेना चाहिए। मजदूरों ने यह सपने में भी नहीं सोचा होगा कि पल भर में ही वे राख हो जाएंगे। वर्ष 2022 को हिमाचल के जिला ऊना के हरोली उपमंडल के बाथू अवैध पटाखा फैक्टरी में विस्फोट होने से छह महिलाएं जिंदा जल गई थीं। मरने वालों में एक मां व बेटी थी और 11 कामगार गंभीर रूप से घायल हो गए थे। पलक झपकते ही पटाखा फैक्टरी श्मशानघाट बन गई। लाशों के ढेर लग गए। पटाखा फैक्टरी के संचालकों पर हत्या का मुकदमा दर्ज करना चाहिए। मुआवजा इसका हल नहीं है। अवैध रूप से काम करने वाली फैक्टरियों पर छापामारी करनी चाहिए। प्रशासन को भी संज्ञान लेना चाहिए ताकि भविष्य में ऐसे हादसों पर रोक लग सके। आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2018 में भी एक ही दिन में दो हादसों में 19 मजदूर मारे गए थे, जब राजधानी दिल्ली के बाहरी जिले में स्थित बवाना औद्योगिक क्षेत्र में एक पटाखे की फैक्टरी के गोदाम में भीषण आग लगने के कारण 17 लोगों की मौत हो गई थी और 30 लोग बुरी तरह झुलस गए थे। केंद्र व राज्य की सरकारों को जरा सा सदमा होता तो मजदूरों के हितों में कदम उठाते, लेकिन सरकारें तो तब जागती हैं, जब बड़ा हादसा घटित हो जाता है। देश में हर वर्ष मजदूर दबकर व जलकर मारे जा रहे हैं।

आठ दिसंबर 2019 को राजधानी दिल्ली में रानी झांसी रोड पर स्थित अनाज मंडी में आग लगने से 43 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई थी तथा कई लोग घायल हो गए थे। एडीआरएफ की टीम ने 56 लोगों की जान बचा ली थी। भारतीय दंड सहिंता की धारा 304 के अंतर्गत मालिक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज कर लिया था। ये मजदूर बिहार के समस्तीपुर के एक ही गांव के थे। 2019 से लेकर फरवरी 2024 तक में उद्योगों में आग के काफी मामले घटित हो रहे हैं। लगभग तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका, तब तक सब कुछ राख हो चुका था। आग के कारणों का पता नहीं चल पाया है। प्रशासन को चाहिए कि लापरवाही बरतने वालों को सजा दी जाए ताकि फिर ऐसे हादसे न हो सकें।

दूसरे हादसे में कानपुर में भी दो मजदूरों की मलबे में दबने से दर्दनाक मौत हो गई। एक दिन में ही 19 मजदूर मारे गए। बीते वर्ष में रायबरेली के ऊंचाहार में एटीपीसी संयत्र का बायलर फटने से 30 मजदूरों की दर्दनाक मौत हो गई थी तथा 100 के लगभग घायल हो गए थे। सरकारें मृतकों को मुआवजे की घोषणा करती हैं, मगर मुआवजा इसका हल नहीं है। एक ऐसा ही हादसा जयपुर के पास खातोलाई गांव में घटित हुआ था जहां ट्रांसफार्मर फटने से 14 लोगों की मौत हो गई थी। इन हादसों ने औद्योगिक क्षेत्रों में मजदूरों की सुरक्षा पर प्रश्न चिन्ह लगा दिया है। इन हादसों पर संज्ञान लेना होगा तथा मजदूरों की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने होंगे ताकि भविष्य में ऐसे हादसों पर रोक लग सके। गत वर्ष जम्मू के उधमपुर से 80 किलोमीटर दूर रामबन जिले के चंद्रकोट में जम्मू-कश्मीर हाई-वे पर टनल कर्मचारियों की बैरक में आग लगने से 10 श्रमिक जिंदा जल गए थे। आग लगने का कारण बिजली का शार्टसर्किट था। इस बैरक में 100 से अधिक लोग रहते थे, मगर छुट्टी होने के कारण आसपास के लोग अपने घरों को चले गए थे। गनीमत रही कि यह अपने-अपने घरों को गए थे, वरना मृतकों की संख्या 100 के लगभग होती। मारे गए मजदूरों में एक मजदूर हिमाचल के कांगड़ा का था तथा एक पंजाब का था बाकी बनिहाल-रामबन क्षेत्र के निवासी थे। सुरंग में घटित इस दर्दनाक हादसे ने कई प्रश्न खड़े कर दिए हैं कि आखिर यह हादसे कब रुकेंगे। यह कोई पहला हादसा नहीं है, देश में अब तक हजारों मजदूर बेमौत मारे जा चुके हैं।

एक साल पहले हिमाचल के बिलासपुर में भी एक ऐसा ही हादसा घटित हुआ था, जब फोरलेन का काम करते समय सुरंग ढह गई और तीन मजदूर उसमें दब गए, मगर 12 दिन की कड़ी मशक्कत के बाद दो मजदूरों को जिंदा निकाला गया था। एक मजदूर हिरदा राम का लगभग नौ महीने बाद उसका शव बरामद हुआ था। हिमाचल के जिला किन्नौर में एक निर्माणाधीन प्रोजेक्ट की दीवार गिरने से चार मजदूर बेमौत मारे गए थे। यहां पर 11 मजदूर काम कर रहे थे कि अचानक दीवार गिर गई। सात मजदूर तो भागकर बच गए, मगर बेचारे चार मजदूर जिंदा दफन हो गए।

हिमाचल में ऐसे बहुत हादसे हो रहे हैं। हमीरपुर में भी गत दिनों कई मजदूर मारे गए थे। 2015 के फरवरी माह में एक सप्ताह में दो दर्दनाक हादसों में 10 मजदूर मारे गए और 20 मजदूर घायल हो गए। पहला हादसा हिमाचल के कुल्लू में हुआ तथा दूसरा मुंबई में हुआ। मुंबई के अलीबाग में एक पटाखा फैक्टरी में आग लगने से नौ मजदूर मारे गए थे और 19 घायल हो गए थे। दूसरी घटना में 24 फरवरी 2014 को कुल्लू के मणीकर्ण में करंट लगने से एक मजदूर की मौत हो गई थी जो बिजली विभाग के एक ठेकेदार के पास काम कर रहा था। इस हादसे में एक अन्य मजदूर घायल हो गया था। गोवा के कनाकोना शहर में एक निर्माणाधीन इमारत गिरने से सात लोगों की मौत हो गई थी और 40 से अधिक लोगों की इमारत के भीतर दब गए थे। यह हादसा कनाकोना शहर में घटित हुआ था जो राजधानी पणजी से 80 किलोमीटर दूर था।

गत वर्ष महाराष्ट्र में एक इमारत के गिरने से 75 मजदूरों की असमय मौत गई थी और 60 मजदूर घायल हो गए थे। आखिर कब तक मजदूर इमारतों में जमींदोज होते रहगें । भले ही प्रशासन मुआवजे का मरहम लगाता है, मगर जो बेमौत मारे गए, क्या वे लौट आएंगे। यह एक यक्ष प्रश्न बनता जा रहा है। मालिक मजदूरों के सिर पर करोड़ों रुपए कमा रहे है। ऐसी घटनाओं ने सवाल खड़े कर दिए हैं कि बार-बार हो रहे इन हादसों के कारण क्या है। इस घटना ने यह प्रमाणित कर दिया है कि बीती घटनाओं से न तो सरकार ने सबक सिखा और न ही लोगों ने सीखा। ऐसे हादसों पर रोक लगाने के लिए पुख्ता इंतजाम किए जाएं ताकि भविष्य में ऐसे दर्दनाक की पुनरावृत्ति न हो सके। यह देश हित में है।

नजरिया

## बुंदेलखंड की बुझी प्यास, मेड़बंदी से बढ़ी आस

मुकुंद
(लेखक, हिन्दुस्थान समाचार से संबद्ध हैं।)

**केंद्र** सरकार सारे देश में वर्षा जल की बूंद-बूंद सहेजने के लिए पिछले 10 साल से भगीरथ प्रयास कर रही है। कुछ जगह अब इसके सुखद और सार्थक परिणाम सामने आने लगे हैं। उत्तर प्रदेश ने बड़ी खुशखबरी दी है। राज्य में गेहूं और धान की सरकारी खरीद का आंकड़ा लंबे समय तक अकाल का पर्याय रहे बुंदेलखंड के लिए नई उम्मीद जगाता है, क्योंकि यह वही इलाका है जहां कभी केंद्र सरकार मालगाड़ी से पानी भेजती थी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने एक दशक में बुंदेलखंड खासकर बांदा और चित्रकूट का सूखा खत्म कर दिया है। प्रदेश की योगी सरकार ने भी इस अभियान में अहम भूमिका निभाई है। अब चित्रकूट के पाठा, मऊ, राजापुर में बासमती चावल महक रहा है। बाकी जगह गेहूं की फसल लहलहा रही है।

उत्तर प्रदेश में पिछले साल 15 जून तक गेहूं की कुल सरकारी खरीद (न्यूनतम समर्थन मूल्य) 204000 मीट्रिक टन की गई। इसमें अकेले चित्रकूट और राजापुर से 75270 मीट्रिक टन गेहूं खरीदा गया। चित्रकूट मंडल के किसानों ने 41076 मीट्रिक टन उत्तर प्रदेश सरकार को बेचा। चित्रकूट मंडल उत्तर प्रदेश में प्रथम स्थान पर रहा। दूसरे नंबर पर बुंदेलखंड मंडल रहा। झांसी से 34194 मीट्रिक टन गेहूं सरकार ने खरीदा। तीन-चार दशक पहले अपने गांव जखनी का सूखा खत्म करने के लिए 'खेत पर मेड़ और मेड़ पर पेड़' अभियान शुरू करने वाले पद्मश्री से सम्मानित उमाशंकर पांडेय इस बदली हुई तस्वीर का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देते हैं। वह कहते हैं कि प्रधानमंत्री ने सारे देश को 'खेत पर मेड़ और मेड़ पर पेड़' अभियान से जोड़कर जल संरक्षण की पुरखों की विधि को जीवंत कर दिया है। इन प्रयासों की वजह से दुग्ध उत्पादन और सब्जियों की पैदावार से समृद्धि आई है। पानी के लिए अब हाहाकार नहीं मचता।

पांडेय कहते हैं कि एक सरकारी रिपोर्ट के अनुसार बांदा जिले के जिन गांवों में कभी 200 बीघा जमीन में धान की पैदावार होती थी, उनमें अब हजार बीघा से अधिक जमीन में धान की पैदावार हो रही है, जिस गांव के रकबे में 20 फीसद फसल पैदा होती थी, वहां 95 प्रतिशत फसल पैदा होने लगी है। जल संरक्षण की परंपरागत सामुदायिक विधि को आज सूखा प्रभावित सभी राज्य के किसान अपना रहे हैं। महाराष्ट्र, गुजरात, मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़,बिहार और झारखंड में भी किसान बड़ी संख्या में आगे आए हैं।

## अंदाज-ए-बयां

### बरखा

*घुमी ग्या इन्दरा रा चरखा।*
*लगी पऊणे सारे खा बरखा।।*
*सारे डोहरु थे सुक्के ने पुक्खे।*
*दुख दर्द इन्हारें हुण ई मुक्के।।*
*माल पैन्छी थे बडे भारी ध्याए।*
*बरखा ने सब्बी जो साह आए।।*
*सारे डोहरुआं हुण जमणी लुंगां।*
*पंछियां बी आई ने मारनी ठूंगां।।*
*सारे डालेयां हुण कुम्मल औणे ।*
*सब्बीं जियां नवें टहल्लु पौणे।।*
*आवा सारे अज्ज भंगड़ा पाईये।*
*बरखा पौणेरी खुशियां मनाईए।।*

कवि
सुरेंद्र मिन्हास

## नूरपुर में एक साथ 34 युवाओं का एचआईवी पॉजीटिव पाया जाना चिंता का विषय



लेखक : सुखदेव सिंह
वरिष्ठ पत्रकार, नूरपुर

**नूरपुर** में एक साथ 34 युवाओं का एचआईवी पॉजीटिव पाए जाना चिंता का विषय है। युवाओं की जिस्मफरोशी में संलिप्ता पाए जाना कल तक इसका प्रमुख कारण माना जा रहा था। जनता द्वारा ऐसी शंकाएं जताना भी जायज है। पिछले कुछ महीनों से होटलों में जिस्मफरोशी का धंधा करने वालों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 34 युवाओं का एचआईवी पॉजिटिव पाए जाने की जो रिपोर्ट बताई गई, वह वहुत ही चिंताजनक है। नूरपुर जिला पुलिस चिट्टा माफिया की कमर दिन-रात तोड़ने में लगी है।

पुलिस युवा पीढ़ी को नशे के चंगुल से बचाने के लिए खूब मशक्कत कर रही है। पुलिस ने ड्रग्ज माफिया पर काफी हद तक सफलता प्राप्त करके उनकी संपत्तियां सीज किए जाने की प्रक्रिया शुरू की है। युवा नशे की गर्त में इस कदर डूब चुका है कि एक ही इंजेक्शन की सिरिंज का इस्तेमाल 34 युवाओं ने करके इस संक्रमण रोग को फैलाने का काम किया है। स्वास्थ्य विभाग की मुस्तैदी की वजह से नूरपुर के 34 युवाओं का एचआईवी पॉजिटिव पाए जाने के पीछे के सच का खुलासा हुआ है।

नूरपुर क्षेत्र में और कितने युवा इस संक्रमण रोग से प्रभावित हो सकते हैं, इसकी गंभीर जांच होनी चाहिए। 34 युवाओं की नादानी की वजह से नूरपुर जिला पुलिस द्वारा ड्रग्ज माफिया के खिलाफ छेड़ी गई मुहिम की धज्जियां उड़ा डाली हैं।

युवाओं के भविष्य की चिंता करते हुए नूरपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष ने धर्मशाला में आयोजित एक प्रेस पत्रकार वार्ता में की थी। स्वास्थ्य विभाग ने 34 युवाओं के एचआईवी पॉजिटिव पाए जाने की सच्चाई सामने लाकर युवाओं के अभिभावकों की चिंताएं बढ़ा दी है। समाज में दिनोंदिन बढ़ता हुआ नशा युवाओं को दीमक की तरह खोखला करता जा रहा है। कहने को तो हम लोग हर साल सामाजिक बुराइयों के खिलाफ लड़ने का अभियान चलाए हुए हैं।

सच्चाई तो यह कि न तो हम अपनी आगामी पीढ़ियों को इन नशों के चंगुल से बचा पा रहे और न ही देवभूमि की धूमिल होती साख को बचाने में कोई प्रयास कर पा रहे हैं। युवा किसी भी देश की रीढ़ की हड्डी होते हैं, जिन्हें समाज और राष्ट्र पुनर्निर्माण में अपनी भागदारी सुनिश्चित करनी होती है। आज इसे दुर्भाग्य ही कहा जाए तो कोई अतिश्योक्ति भी नहीं होगी कि हमारी युवा पीढ़ी नशे की गर्त में डूबकर लक्ष्यहीन बनकर रह गई है।

हिमाचल प्रदेश की पहचान विश्व भर में देवभूमि नाम से जानी जाती है। देवताओं की भूमि आज के दौर में नशों के कारोबार का बेहतरीन अड्डा बनकर उभर रही है, जो चिंता का विषय है। वहीं, पुलिस भी कोर्ट कचहरी के लंबे चक्करों में फंसने की बजाए ऐसे मामलों की नाममात्र रिपोर्ट दर्ज करके इसमें संलिप्त गिरोहों का मनोबल बढ़ाने का काम करती जा रही है।

ड्रग्ज के खिलाफ जंग लड़ने बाले पुलिस अधिकारियों को क्यों सरकारें पुरस्कार से नबाजने की बजाए उन्हें तबादले का इनाम देती जा रही हैं? माना कि पुलिस विभाग के कंधों पर समाज की जिम्मेदारियां ज्यादा और सहूलियतें नाममात्र की मिल रही हैं।

बात जब देश का भविष्य बचाने की बारी आए तो सभी को समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियां सही से निभानी चाहिएं।

## युवाओं की सोचने की क्षमता को नष्ट कर रहा नशा



लेखक : प्रो. मनोज डोगरा
सह-आचार्य राजनीति विज्ञान

**भारतीय** समाज अपनी संस्कृति, सभ्यता एवं संस्कारों के लिए विश्वभर में प्रसिद्ध है और ऐसा माना जाता है कि जितने संस्कार भारत में हैं, शायद ही दुनिया के किसी कोने में होंगे। जैसा की हम सभी को विविध है कि मानव एक सामाजिक प्राणी है, जो समय के अनुसार परिवर्तन अवश्य चाहता है। इन परिवर्तनों में बुरे एवं अच्छे दोनों परिवर्तन सम्मिलित होते हैं। अच्छे परिवर्तन समाज को विकास की ओर ले जाते हैं और बुरे परिवर्तन समाज के विनाश का कारण बनते हैं।

इन बुरे परिवर्तनों में नशा समाज का बहुत बड़ा विनाशकारी कारण है। नशाखोरी की चपेट में आने वाला युवा वर्ग इस तरह जाल में फंसता है कि उसकी सोचने समझने की क्षमता भी नष्ट हो जाती है। इससे वे अपने जीवन के लिए कोई भी निर्णय नहीं ले पाता है। नशा करने के लिए वे अनेक मादक पदार्थों जैसे शराब, गांजा, चरस, स्मैक, मोर्फिन, कोको पत्ती, ताड़ी, अफीम, बीड़ी, सिगरेट आदि का सेवन करने लगता है।

नशाखोरी से व्यक्ति अनेक ऐसे गलत कार्यों को करने लगता है, जो समाज के खिलाफ होते हैं। नशे के कारण आर्थिक हानि, सड़क दुर्घटना, हत्या, बलात्कार, घरेलू व सामाजिक झगड़े, स्वास्थ्य की हानि, व्यक्ति की सामाजिक प्रतिष्ठा, बच्चों की शिक्षा एवं संस्कार आदि में नशे का कुप्रभाव पड़ता है। वर्तमान में देश में लगभग सभी वर्ग छोटे-छोटे बच्चे, यहां तक कि महिलाएं भी नशे की बुरी स्थिति में पाई जाती हैं।

नशे ने लोगों का सुख-चैन तो छीन ही लिया है, अब लोगों के वंश और नस्लों पर भी बन आई है। शराब के बाद सूखा नशा युवाओं की नसों में इस कदर दौड़ने लगा है कि परिवार के परिवार बर्बादी के कगार पर पहुंच गए हैं। चिट्टा, गांजा, चरस, हेरोइन और स्मैक को हाई सोसायटी प्रोफाइल का हिस्सा मानने वाले परिवारों के बच्चे जवानी में ही अपना सब कुछ गंवा रहे हैं।

वर्ल्ड ड्रग रिपोर्ट 2020 के अनुसार, ड्रग्स के बढ़ते उपयोग के तार बढ़ती हुई दौलत से जुड़े हैं। रिपोर्ट बताती है कि विकासशील देशों के मुकाबले विकसित देशों में ड्रग्स का उपयोग ज्यादा है। कोकेन जैसे ड्रग्स का इस्तेमाल दुनिया के कई अमीर हिस्सों में किया जा रहा है। नशे के कारण सबसे अधिक प्रभावित युवा वर्ग है, इससे उनका मानसिक संतुलन खराब हो रहा है। एक बार नशे की लत में पड़ने के बाद इससे निकलना मुश्किल हो रहा है। युवा वर्ग इस दवाइयों की लत में इस कदर डूबा रहता है कि इसके दुष्परिणाम के बारे में नहीं सोचता है। इसमें छोटे-छोटे बच्चे शामिल हैं। नशे की लत में सबसे अधिक कचरा बीनने वाले लड़के शामिल हैं। सिर्फ लड़के ही नहीं, बल्कि इनकी जमात में लड़कियां भी शामिल हो रही हैं। इसकी शुरुआत पान, गुटखा, तंबाकू आदि से होती है। इसके अलावा नशे के लिए सस्ते प्रोडक्ट व्हाइटनर, बोनफिक्स को भी झिल्ली में भरकर इसे नाक-मुंह से खींचकर नशापूर्ति का खूब इस्तेमाल हो रहा है। तंबाकू, शराब, दवा से नशे के लत की हुई शुरुआत बढ़कर कोकीन, मार्फिन तथा हेरोइन तक पहुंच रही है। नशे की लत को पूरी करने के लिए बच्चे अपराध करने से भी नहीं हिचक रहे हैं। नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में आए दिन हो रही चोरियों और छीना-छपटी में मुख्य रूप से युवा ही शामिल हो रहे हैं। यही नहीं रेलवे स्टेशन के आसपास घूमने वाले बच्चे चलती ट्रेन में भी वारदात करने से नहीं चूकते। नशे की लत इन पर हावी हो जाती है तो वह इसकी पूर्ति के लिए किसी की जान लेने से भी परहेज नहीं करते। पाउच खाने वाले सबसे अधिक मुंह की बीमारियों से परेशान हैं। बड़े तो इसके शौकीन हैं ही बच्चे भी इससे अछूते नहीं हैं। जर्दा पाउच की लत से महिलाएं व युवतियां भी ग्रसित हो रही हैं।

वहीं, गांव में गांजा पीने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है, जबकि इस पर रोकथाम के लिए प्रशासन सुस्त है। गुटखा या तंबाकू की जगह आप इलायची या सौंफ की आदत डाल सकते हैं। वहीं, सिगरेट का सेवन करने वाले हर्बल सिगरेट का इस्तेमाल कर यह बुरी लत छोड़ सकते हैं। होम्योपेथी में नशे की लत छुड़वाने वाली कई खास दवाइयां हैं। इन दवाइयों का कोई साइडफेक्ट नहीं होता, लेकिन इनका इस्तेमाल करने से पहले एक बार डॉक्टर की राय जरूर लें।

अमेरिकन साइकेट्रिक एसोसिएशन के अनुसार, एडिक्शन एक मानसिक बीमारी जो किसी एक चीज (शराब, ड्रग्स) के लगातार उपयोग के कारण होती है। व्यक्ति जानता है कि इसका हेल्थ पर काफी बुरा असर पड़ सकता है, लेकिन इसके बावजूद वह इसका इस्तेमाल करता रहता है। ये चीजें दिमाग के काम करने के तरीकों को प्रभावित करती हैं। नशे की लत से जूझ रहे लोगों में टोलरेंस विकसित हो जाता है, यानी धीरे-धीरे नशे की मात्रा बढ़ने लगती है, क्योंकि जितना नशा वे पहले करते थे, वह अब उन्हें कम लगने लगा है। ड्रग्स लोग कई कारणों से लेते हैं, इसमें बेहतर महसूस करना, बेहतर काम करना या दबाव जैसी चीजें शामिल होती हैं। गंभीर मामलों में व्यक्ति को पता होता है कि नशा करने से कई तरह से उनका नुकसान हो रहा है, जैसे- सामाजिक, आर्थिक, पारिवारिक, सम्मान। इसके बावजूद नशा करने की तलब होती है।

नशे की लत से जूझ रहे व्यक्ति का सबसे ज्यादा ध्यान नशा करने पर ही होता है। ऐसे में अगर छात्र इससे जूझ रहा है, तो उनकी पढ़ाई प्रभावित होगी और कोई काम करने वाला लत का शिकार है, तो उनकी प्रोडक्टिविटी पर असर पड़ेगा। लत की तरफ जा रहे लोग जरूरत से ज्यादा पैसा नशे पर खर्च करने लगते हैं। ऐसे में उन पर आर्थिक दबाव बढ़ता है और इसकी वजह से लत में भी इजाफा होता है। अगर आप पहले से ज्यादा पैसा नशे पर खर्च करने लगते हैं, तो यह लत का शुरुआती संकेत हो सकता है।

हमें राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए अपने समाज को नशा मुक्त बनाने के लिए दृढ़ संकल्प व प्रयास करने चाहिएं, तभी यह समाज नशा मुक्त हो पाएगा, अन्यथा एक लाभ तो नशे से अवश्य है कि बुढ़ापा नहीं आता क्योंकि युवा जवानी में ही अपनी मौत चुन लेता है।।

## परीक्षा में नकल रोकने की साहसिक पहल

ब्लॉगर



लेखक : डॉ. रमेश शर्मा
(लेखक, हिंदुस्थान समाचार से संबद्ध हैं।)

यह कॉलम ब्लॉगर के लिए है। इस व्हाट्सऐप नंबर 9882400808 पर भेजें। ई-मेल editoranantgyaan@gmail.com

**अलग-अलग** कोर्स में प्रवेश के लिए आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षा हो या नौकरी के लिए प्रतिस्पर्धात्मक प्रक्रिया हो या फिर स्कूल और कॉलेज की नियमित रूप में होने वाली परीक्षा हो। नकल, धोखाधड़ी और गुंडागर्दी एक रूटीन का मामला बन गया है। अनेक तरह कोशिश के बाद भी इस अपराध पर अंकुश लगाना संभव नहीं हो पाया।

नकल रोकने के प्रयास हिंसा या प्रतिशोध के कारण विफल रहे हैं। दबाव के आगे समर्थ भी खामोश रहते देखे जाते रहे हैं। परिस्थिति के दौरान गलत को सही और सही को गलत समझने का भ्रम अनुभव होता है। परीक्षा माफिया पर अब लगाम लगनी तय है। संसद द्वारा इस संबंध में कानून बनाया जाना सचमुच सही दिशा में एक भगीरथी प्रयास है। अचानक सब ठीक हो जाएगा, ऐसा मानना थोड़ी जल्दबाजी होगी क्योंकि नासूर की जड़ बहुत ही गहरी है।

यह इस दिशा में एक मील का पत्थर और एक साहसिक एवं स्वागत योग्य कदम है, जो धीरे-धीरे इस क्षेत्र की भ्रष्ट प्रणाली में वांछित परिणाम देगा। प्रतियोगी परीक्षाओं में युवा सारे साधन झोंक देते हैं और कई बार तो स्वयं को आहत भी कर रहे हैं। कोटा जैसे संस्थान इसके उदाहरण हैं। उम्मीदवार के साथ-साथ परिवार और पूरी व्यवस्था को अपूरणीय क्षति के दौर से गुजरना पड़ता है। यह राष्ट्रीय कलंक है।

विगत वर्षों में कई राज्यों के राजनेता और अधिकारी इस तरह के भ्रष्टाचार में संलिप्त पाए गए हैं और जेल में हैं। नौकरी देने वाली संस्थाएं, लोकसेवा आयोग के मुखिया और सदस्यों सहित प्रभावशाली वर्ग की भूमिका संदेह के दायरे में रही है। आर्थिक संपन्न समूह का डंका बजता है जिससे सभी स्तर पर निराशापूर्ण माहौल पैदा होता है।

यह कानून इस दिशा में युगांतकारी और आशातीत फल देगा ऐसा विश्वास किया जाना चाहिए। शिक्षण संस्थानों में इस समस्या के अलग आयाम हैं। यह कानून एक करोड़ रुपए जुर्माने और दस साल तक की सजा का प्रावधान करता है तथा संबंधित संस्थान की अयोग्यता को सस्पेंड करता है।

इस तरह के नियम स्कूल और कॉलेज के लिए भी बनने चाहिएं। नकल के खेल में उम्मीदवार, परीक्षक, अभिभावक यानी समाज, माफिया और कानून की एजेंसियां मुख्य किरदार रहते हैं। ये कानून इन सभी पक्षों से सहयोग की अपेक्षा रखता है। कहीं एक, कहीं दो और कहीं सभी समूह की सहभागिता निश्चित परिणाम देने में सक्षम होगी, ऐसा माना जाना होगा। नकल के स्वर्णिम सिद्धांत के अनुसार यदि अध्यापक चाहेगा तो नकल होगी, यदि नहीं चाहेगा तो नहीं होगी, लेकिन उसे परिवेश का वरदहस्त चाहिए क्योंकि उसे खामोश करने के बड़े रास्ते हैं जो माफिया समूह जानता है।

इस कानून को पूरे देश में पूरी तन्मयता के साथ अपनाकर पूरी निष्ठा के साथ लागू किया जाएगा और युवा वर्ग और देश की प्रतिभा के साथ न्याय करते हुए देश की उन्नति सुनिश्चित हो पाएगी, तभी यह कानून अपनी दिशा में वरदान साबित हो सकता है।

## अपनी बात

**आज** दुनिया वैज्ञानिक और तकनीकी विकास की चरम सीमा पर है। यह आवश्यक भी है, क्योंकि बढ़ती हुई जनसंख्या की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए बड़े पैमाने पर साधनों और संसाधनों का विकास आवश्यक है। विकास के कई अय्याम हैं और सभी प्रकार के साधनों व संसाधनों की पूर्ति के लिए मानव पूरी तरह से प्रकृति पर निर्भर करता है।

वर्तमान में विकास के लिए और मानव जीवन की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए प्रकृति के साथ अवैज्ञानिक ढंग से किया जा रहा खिलवाड़ ही एक गंभीर चुनौती बन गई है। आलम यह है कि बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई व पहाड़ों का कटाव प्रकृति के स्वरूप के साथ खिलवाड़ कर रहा है। परिणाम स्वरूप असमय वर्षा व भूस्खलन से मानव जाति के अस्तित्व को खतरा पैदा हो रहा है।

विकास जो मानव जीवन जीने में ही रोड़ा बन जाए। वह किस हद तक न्यायोचित हो सकता है, यह अत्यंत चिंतनीय विषय है। आज घटित हो रहीं अप्राकृतिक घटनाओं से मानव जीवन नि:स्संदेह खतरे में पड़ गया है।

विकास के साथ जुड़े लोगों, शासन व प्रशासन को इस मुद्दे को गंभीरता से लेना चाहिए। प्रकृति के साथ सामंजस्य स्थापित करके और वैज्ञानिक ढंग से सभी विकासात्मक कार्यों को अंजाम दिया जाना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि प्रत्येक मुश्किल का सामना समाज के मध्यम और आम जनता को ही करना पड़ता है।

-विक्रम वर्मा, स्वतंत्र लेखक, जिला चंबा।

## आपकी डायरी

नदी हो गई मानव
मानव की तरह
मुखौटे धारण करती
रंग रूप बदलती
कभी शांत गंभीर
भयंकर कभी मारती
दहाड़ें तबाही मचाती
आततायियों की तरह।



डॉ. कमल के प्यासा।

अनंत ज्ञान

प्रकाशक एवं मुद्रक विशाल धीमान द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### चरणजीत मिस्टर फेयरवेल व खुशबू मिस फेयरवेल


डीएवी पब्लिक स्कूल मौहल में आयोजित विदाई समारोह के दौरान स्टूडेंट्स व शिक्षक।

**कुल्लू।** कुल्लू के मौहल स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में कक्षा 12वीं का विदाई समारोह शमशी जेजे रिजॉर्ट्स में धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम 11वीं के छात्र-छात्राओं द्वारा 12वीं के स्टूडेंट्स का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ 11वीं के छात्र-छात्राओं द्वारा बहुत खूबसूरत परिधानों में सामूहिक नृत्य प्रस्तुत करके किया गया। उसके पश्चात 12वीं के सभी स्टूडेंट्स ने मंच पर आकर अपने विद्यालय में प्राप्त अनुभवों को साझा किया तथा 11वीं के स्टूडेंट्स द्वारा उनके व्यक्तित्व के अनुरूप टाइटल प्रदान किए गए। 12वीं के स्टूडेंट्स अनुभवों को साझा करते समय भावुक हो गए तथा अपने अध्यापकों को प्रेरणा स्रोत मानते हुए भविष्य में विद्यालय का नाम रोशन करने का वादा किया। विदाई समारोह में मिस्टर डीएवी जसकरण, मिस डीएवी अपेक्षा, मिस्टर फेयरवेल चरणजीत तथा मिस फेयरवेल खुशबू, मिस्टर पर्सनेलिटी प्रथम तथा मिस पर्सनेलिटी नव्या, मिस्टर शो स्टॉपर मयंक तथा मिस शो स्टॉपर संपदा,मिस्टर डैपर गौरव, मिस एलिगेंट सुहाना, मिस्टर चार्मिंग आयुष, मिस चार्मिंग वनिता रहे। विद्यालय की प्रधानाचार्या अंशु सूद ने चुने गए स्टूडेंट्स को सैश पहनाकर व उपहार देकर बधाई दी। अंत में प्रधानाचार्या ने 12वीं के सभी स्टूडेंट्स को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें अविस्मरणीय विदाई दी।

### इग्नू ने 15 तक बढ़ाई दाखिलों की तिथि

**कुल्लू।** इग्नू ने जनवरी 2024 सत्र के लिए सर्टीफिकेट, डिप्लोमा, स्नातक और स्नातकोत्तर कार्यक्रम एवं पाठ्यक्रम में प्रवेश की अंतिम तिथि को 31 जनवरी से बढ़ाकर 15 फरवरी कर दिया है। इग्नू अध्ययन केंद्र 1107 राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुल्लू के समन्वयक डॉ. राकेश राणा ने बताया कि स्नातकोत्तर और स्नातक डिग्री में पहले से नामित छात्र जो अभी तक पंजीकरण नहीं करवा पाए है, उन्हें भी 15 फरवरी अपना पुनः पंजीकरण करवाना आवश्यक है। इसके अलावा स्नातकोत्तर और स्नातक डिग्री, डिप्लोमा, सर्टिफिकेट कोर्स एवं नई एडमिशन की प्रक्रिया भी चल रही है। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही इग्नू में विभिन्न कार्यक्रमों में पहले से पंजीकृत स्टूडेंट्स के लिए पंजीकरण की अंतिम तिथि भी 15 फरवरी तक बढ़ा दी है। डॉ. राकेश राणा ने बताया कि इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए साल में दो बार फार्म भरे जाते हैं। पहला जनवरी सत्र के लिए और दूसरा जुलाई सत्र के लिए। जनवरी 2024 सत्र की एडमिशन प्रक्रिया अभी जारी है और इसके लिए अंतिम तिथि 15 फरवरी कर दी गई है।


कुल्लू जिले की लगघाटी के दुर्गम समालंग गांव में बिछी बर्फ की सफेद चादर।

# ब्लड कंपोनेंट सेपरेशन यूनिट को लैब टेक्निशियन का इंतजार

## क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में एक साल पांच माह से अधिक समय से ब्लड सेपरेशन मशीन व अन्य उपकरण पड़े बेकार

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में करोड़ों रुपए की लागत से ब्लड कंपोनेंट सेपरेशन मशीन व अन्य उपकरणों से लैस यूनिट तो स्थापित कर दी है, लेकिन एक साल पांच माह से अधिक समय बीत जाने पर भी यह मशीन इस्तेमाल नहीं हो पाई है। इस मशीन को इस्तेमाल करने के लिए जहां प्रशिक्षित लैब टेक्निशियन की जरूरत है, वहीं हैरानी की बात है कि मशीन स्थापित होने के इतने लंबे समय बाद भी इस यूनिट को चलाने के लिए अभी तक लाइसेंस नहीं मिला है। जिस कारण यह मशीन सात माह से बेकार धूल फांक रही है।

ब्लड सेपरेशन मशीन को इस्तेमाल करने के लिए लैब टेक्निशियन को विशेष प्रशिक्षण दिया जाता है जिसके बाद ही वह मशीन व अन्य उपकरणों को इस्तेमाल करने में सक्षम होगा। क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू के रक्त संग्रह कक्ष के साथ ही ब्लड कंपोनेंट सेपरेशन यूनिट को स्थापित किया गया है। मरीजों को इस मशीन का लाभ तभी मिल पाएगा जब तक लैब टेक्निशियन प्रशिक्षित नहीं होता। प्रशिक्षण मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग कुल्लू की ओर से इस यूनिट को सुचारु रूप से चलाने के लिए लाइसेंस के लिए आवेदन करना पड़ेगा, लाइसेंस मिलने के बाद ब्लड कंपोनेंट सेपरेशन यूनिट से मरीजों को फायदा मिलेगा।

रक्त संग्रह केंद्र में लगी ब्लड कंपोनेंट सेपरेशन यूनिट के शुरू होने का इंतजार अभी मरीजों को एक साल तंयम माह से है। इस यूनिट के शुरू होने से मरीजों को प्लाज्मा, प्लेटलेटस, आरबीसी सहित अन्य विभिन्न कंपोनेंट भी रक्त से यहीं पर मिल सकेंगे। लिहाजा, क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में ब्लड कंपोनेंट सेपरेशन यूनिट तो स्थापित कर दी गई है और मशीन सहित अन्य उपकरण भी यहां पहुंच गए हैं लेकिन बिना प्रशिक्षित लैब टेक्निशियन और लाइसेंस के यूनिट के संचालन के लिए अभी लंबा इंतजार करना होगा। (अनंत ज्ञान)


अस्पताल में ब्लड कंपोनेंट सेपरेशन यूनिट में इस्तेमाल न होने के कारण बेकार पड़ी मशीनें।

> क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में ब्लड कंपोनेंट सेपरेशन यूनिट स्थापित की गई है, लैब टेक्नीशियन के प्रशिक्षण के लिए सरकार को पत्राचार किया गया है। प्रशिक्षण के बाद यूनिट के लिए लाइसेंस संबंधी औपचारिकता पूर्ण होने के बाद ही यूनिट सुचारु रूप से कार्य करना शुरू करेगी।
> -डा. नरेश, चिकित्सा अधीक्षक क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू।

> यह मामला मेरे ध्यान में नहीं था। मरीजों की सुविधा के लिए एक साल में कई बदलाव अस्पताल में प्रदेश सरकार ने किए है। अब यूनिट के संचालन के लिए लाइसेंस की प्रक्रिया पूरी कर जल्द दिलाने का प्रयास रहेगा।
> -सुंदर सिंह ठाकुर, सीपीएस

### ब्लड कंपोनेंट सेपरेटर से यह सुविधा

**गौरतलब** है कि बल्ड कंपोनेंट सेपरेटर मशीन के माध्यम से ब्लड के अंदर के चार कंपोनेंट यानी तत्व को अलग-अलग करने की व्यवस्था होती है। जिसमें स्वेत रक्त कोणिका (डब्ल्यूबीसी), लाल रक्त कोणिकाएं (आरबीसी), प्लेटलेट्स, प्लाज्मा आदि तत्व शामिल होते हैं। आम तौर पर एक यूनिट रक्त में पाए जाने वाले तत्वों को सामान्य रूप से पूरा एक साथ चढ़ाया जाता है। इस सुविधा के माध्यम से इन चार तत्वों को अलग-अलग रूप से चढ़ाने की सुविधा होगी। जिस मरीज में खून के जिस कंपोनेंट की कमी होगी उसे वही तत्व चढ़ाया जा सकेगा।

### लाइसेंस नहीं मिला

**अस्पताल** में सितंबर, 2022 में यह मशीन लगाई गई है जिसके चलते इसे स्थापित हुए एक साल पांच महीने से लंबा समय बीत चुका है, परंतु इस ब्लड कंपोनेंट सेपरेटर यूनिट को चलाने के लिए अभी तक सरकार लाइसेंस तक जारी नहीं कर पाई है, जबकि अभी तक इस मशीन को ऑपरेट करने के लिए टेक्नीशियन भी नहीं है।

### बड़े अस्पतालों में है यह सुविधा

**गौरतलब** है कि ब्लड कंपोनेंट सेपरेटर की सुविधा बड़े अस्पतालों में है, जिसमें खासकर मेडिकल कॉलेज स्तर के अस्पताल शामिल हैं, लेकिन अब इस सुविधा को बड़े जिला स्तर के अस्पतालों में भी उपलब्ध करने की तैयारी है और क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू भी उसी का हिस्सा है। सरकार और स्वास्थ्य विभाग के उदासीन रवैये के चलते एक साल बाद भी मरीजों को यहां सुविधा नहीं मिल पा रही है।

## इग्लू में फोटो खिंचवाकर गोसदन की करो मदद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मनाली**

पर्यटन नगरी मनाली में बर्फ से बने घर (इग्लू) में फोटो खिंचवाओ और गोसदन की मदद करो। सियाली महादेव मार्केट के दुकानदारों ने अनूठी व सराहनीय पहल शुरू की है। दुकानदारों ने सुंदर इग्लू का निर्माण किया है। यह इग्लू पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बन गया है।

मनाली सहित आसपास के क्षेत्रों में बर्फबारी का दौर थम गया है और मंगलवार को घाटी में गुनगुनी धूप भी खिल गई है। जिसके बाद यहां के स्थानीय लोगों ने भी राहत की सांस ली है। घाटी में हुए हिमपात के बाद पर्यटन कारोबारियों संग मनाली घूमने आए सैलानियों के भी चेहरे खिल गए है। वहीं स्थानीय लोगों और स्थानीय कारोबारियों ने सियाली महादेव मार्केट में बर्फ का घर इग्लू तैयार किया है जो सभी के आकर्षण का केंद्र बना है। लोग यहां पर आकर सैल्फी लेते हुए नज़र आ रहे है।

**सियाली महादेव मार्केट के दुकानदारों ने शुरू की सराहनीय पहल**

गोपाल शर्मा, टशी लारजे, सतीश और नील चंद ने बताया कि उन्होंने यह इग्लू तैयार किया है और सभी को यह काफ़ी पसंद आ रहा है। उन्होंने कहा कि इस इग्लू के माध्यम से वह गो माता की सेवा के लिए दान इकट्ठा कर रहे हैं। लोग यहां पर आकर फोटो ले रहे हैं और अपनी श्रद्धा अनुसार गो माता की सेवा के लिए दान कर रहे है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि पशु धन के संरक्षण के लिए अपना योगदान दें।

## स्पीति- किन्नौर के पंचायत प्रतिनिधियों ने पीएम मोदी से की मुलाकात

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**

स्पीति के डेमुल पंचायत की उपप्रधान यीशे डोलमा ओर किन्नौर के पूह पंचायत के राजेश कुमार को जब पता चला कि उन्हें 26 जनवरी के दिन देश के प्रधानमंत्री से मिलने का मौका मिलने वाला है तो उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। केंद्र सरकार की योजना वाइब्रेंट विलेज के तहत देश भर के सीमावर्ती राज्यों हिमाचल प्रदेश, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश, उत्तरांचल ओर लद्दाख के सीमा के साथ लगते सभी पंचायत प्रतिनिधियों को 26 जनवरी 2024 को दिल्ली से बुलवाया भेज गया, जिसमें सभी प्रधान और उपप्रधान शामिल रहे।

पूरे हिमाचल से 58 प्रतिनिधि दिल्ली के गए थे, जिनमें से 16 पंचायत प्रतिनिधि स्पीति से गए थे। इस संदर्भ में सभी प्रतिनिधियों के आने जाने और रहने का पूरा इंतजाम आईटीबीपी के द्वारा किया गया। यीशे डोलमा ने बताया कि वाइब्रेंट विलेज प्रोजेक्ट के तहत देश के प्रधानमंत्री ओर केंद्र सरकार की मंशा यह है देश के सभी सीमावर्ती गांवों और पंचायतों को प्राथमिकता के आधार पर विकसित बनाना है और इन सीमावर्ती इलाकों को हर तरह की सुविधा मिले यह भी सुनिश्चित करना है और साथ ही सीमावर्ती इलाकों से सुविधा के अभाव में हो रहे पलायन को रोकना भी प्राथमिकता है और जो लोग पलायन कर चुके है उन्हें भी वापस लाने की कोशिश केंद्र सरकार की है। यीशे डोलमा ने अपनी दिल्ली यात्रा को यादगार बताते हुए कहा कि सभी पंचायत प्रतिनिधियों को वीवीआइपी पास जारी किया गया था और हर राज्य से दो पंचायत प्रतिनिधियों को सीधे प्रधानमंत्री से मिलने का मौका दिया गया था। यीशे डोलमा ने बताया हिमाचल प्रदेश की तरफ से डेमुल पंचायत की तरफ से उन्हें ओर किन्नौर के पूह पंचायत के प्रधान राजेश कुमार को सीधे प्रधानमंत्री से मिलने और अपनी बात रखने का मौका मिला।

सैकड़ों पंचायत प्रतिनिधियों को केंद्र सरकार की वाइब्रेंट विलेज प्रोजेक्ट के तहत दिल्ली जाने का मौका और पांचों राज्यों से दो-दो पंचायत प्रतिनिधियों को सीधे प्रधानमंत्री से मिलने का मौका दिया गया था। इस दौरान सभी पंचायत प्रतिनिधियों ने प्रधानमंत्री से मिल कर मुलाकात की ओर ई दौरान देश के प्रधानमंत्री ने सभी से उनका हालचाल पूछा और उनकी समस्याओं के बारे बात की। (अनंत ज्ञान)


देश के प्रधानमंत्री से भेंट करते हुए स्पीति सहित अन्य क्षेत्रों से आए पंचायत प्रतिनिधि।

### पीएम का किया धन्यवाद

**यीशे** डोलमा ने बताया कि प्रधानमंत्री से मिलने के बाद देश के गृहमंत्री अमित शाह, सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर, लद्दाख के एमपी जामयांग छेरिंग नामग्याल, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और अर्थ साइंस मिनिस्टर किरण रिजिजू व देश के आला सैन्य अधिकारियों से भी मुलाकात का मौका मिला। इस दौरान स्पीति के पंचायत प्रतिनिधियों ने आईटीबीपी के अधिकारियों के माध्यम से स्पीति में नोतोड़ बहाली, पानी और सड़क की सुविधा के संदर्भ में प्रधानमंत्री को मांग पत्र सौंपा।

## स्वयं सहायता समूह काली नाग लढागी-एक स्वरोजगार की राह पर

**अनंत ज्ञान, आनी**

विकास खंड आनी के अंतर्गत स्वयं सहायता समूह काली नाग लढागी-एक की एक बैठक मंगलवार को लढागी में आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता समूह की प्रधान चंपा कली ने की। बैठक में समूह की सभी महिलाओं ने भाग लिया। इस अवसर पर समूह की प्रधान चंपा कली ने बताया कि उनके समूह की महिलाओं ने अपने स्वावलंबन के लिए स्वरोजगार की राह पकड़ी है। जिसके तहत समूह की महिलाओं ने हस्त शिल्प को बढ़ावा देते हुए. पिछले दिनों से जुराबें, स्वेटर पुडें, रस्सी और स्कार्फ बनाने काम शुरू किया है।

वहीं समूह की सचिव गीता देवी ने कहा कि महिलाएं समाज का बहुत जरूरी हिस्सा है। आज के समय में महिलाओं का सशक्तिकरण बेहद जरूरी है। महिलाएं अभी भी समाज में बहुत पिछड़ी हैं। बैठक में प्रधान चंपा कली ने कहा कि विभाग द्वारा दिए हुए फंड का समूह सही सदुपयोग कर रहा है। समूह की महिलाओं ने हस्त शिल्प के अलावा पिछले महीने आलू-लहुसन और मटर की पैदावार को भी बढ़ावा दिया है।

समूह ने फैसला किया है कि 13 फरवरी को राष्ट्रीय महिला दिवस पर गांव में दृष्टिहीन बाधित लोगों, अपंगों को चिन्हित करके उनकी मदद की जाएगी और उन्हें समूह की महिलाओं द्वारा तैयार की गईं गर्म जुराबें निशुल्क वितरित की जाएंगी। वहीं समूह द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस को गांव के सार्वजनिक रास्तों की सफाई भी की जाएगी। वहीं, समाज सेवी पदम प्रभाकर ने कहा कि वे क्षेत्र में महिलाओं की एकता और जागरूकता लाने के लिए कार्य करेंगे और इसके साथ ही सभी ग्रुपों को सक्रिय किया जाएगा। पदम प्रभाकर ने कहा कि आने वाले समय में सभी समूह की महिलाओं का क्षेत्र बाइज सम्मेलन आयोजित किया जाएगा, जिसमें सभी विभागीय अधिकारियों की भागीदारी भी सुनिश्चित की जाएगी। इस बैठक में प्रधान चंपा, गीता देवी के अलावा सदस्य रानी देवी, हीरा देवी आदि उपस्थित रहीं।


प्रधान चंपा कली के साथ स्वयं सहायता समूह काली नाग लढागी के सदस्य।

## एमके कश्यप ने परियोजना प्रमुख का पदभार संभाला

**कुल्लू।** एमके कश्यप ग्रुप महाप्रबंधक ने पार्वती जलविद्युत परियोजना चरण-दो के परियोजना प्रमुख का पदभार संभाला। पार्वती परियोजना से पूर्व एमके कश्यप दुलहस्ती पावर स्टेशन जम्मू-कश्मीर के प्रमुख के रूप में कार्यरत थे। उन्होंने एनएचपीसी लिमिटेड में 11 जनवरी 1991 को ज्वाइन किया तथा अपने 32 वर्षों के व्यावसायिक जीवन में निगम मुख्यालय, फरीदाबाद, चमेरा-दो पावर स्टेशन, चमेरा-तीन पावर स्टेशन, चेनाव वैली पावर प्रोजेक्ट, सीवीपीपीपीएल पकल दूल तथा दुलहस्ती पावर स्टेशन में कार्य किया है। उनके पास जलविद्युत परियोजनाओं के निर्माण और बिजली स्टेशनों के संचालन और रख-रखाव दोनों का समृद्ध अनुभव है।



## भुंतर की नई कार्यकारिणी सम्मानित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला प्रेस क्लब कुल्लू में प्रेस क्लब भुंतर की नई कार्यकारिणी को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रेस क्लब जिला कुल्लू के प्रधान धनेश गौतम ने की। इस अवसर पर तमाम पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया।

गौर रहे कि गत दिनों भुंतर प्रेस क्लब के चुनाव हुए थे, जिसमें मेघ सिंह कश्यप को निर्विरोध प्रधान चुना गया था। तत्पश्चात पूरी कार्यकारिणी का चुनाव किया गया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरुण गर्ग, उपाध्यक्ष बालकृष्ण शर्मा, महासचिव मनीष कौंडल, सचिव देवेंद्र, संगठन सचिव अंजना देवी, कोषाध्यक्ष दीप लखनपाल, चेयरमैन संदीप काचरू, वाइस चेयरमैन पंकज हांडा, पीआरओ हीरा लाल ठाकुर, मुख्य संरक्षण स्वर्ण सिंह कुमार, मुख्य सलाहकार जयदेव विद्रोही, सलाहकार गणेश भारद्वाज व अश्वनी कुमार चुने गए थे। परंपरा के अनुसार जिला प्रेस क्लब पहुंचने पर सभी पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया और नई कार्यकारिणी को सभी ने बधाई दी।

इस अवसर पर प्रेस क्लब जिला कुल्लू के प्रधान धनेश गौतम ने कहा कि हमारी परंपरा है कि जब भी खंड स्तर के प्रेस क्लबों की नई कार्यकारिणी बनती है तो जिला प्रेस क्लब में उसका सम्मान किया जाता है। उन्होंने कहा कि हमने प्रयास किया है कि हर खंड में प्रेस क्लबों का गठन किया जाए ताकि सभी को जिम्मेदारी दी जा सके। उन्होंने कहा कि कुल्लू खंड का प्रेस क्लब भुंतर में हैं और यहां शीघ्र प्रेस क्लब भवन का भी निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा क्षेत्रीय प्रेस क्लबों का भी गठन किया गया है। इस अवसर पर नवनिर्वाचित प्रधान मेघ सिंह कश्यप ने सभी सदस्यों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि इस जिम्मेदारी को कुशलता से निभाएंगे। उन्होंने जिला प्रेस क्लब का सम्मान देने के लिए आभार प्रकट किया।



नई कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को सम्मानित किए जाने का दृश्य।

### मंदिर पर बिछी बर्फ की चादर


बर्फ से ढका कुल्लू जिला की लगघाटी के दुर्गम समालंग गांव स्थित देवता त्रिजुगी नारायण का मंदिर।

**हाल-ए-मौसम** मनाली और लाहौल-स्पीति में धूप के साथ गिरे बर्फ के फाहे

## एक सप्ताह के बाद खिली धूप, बर्फ की चांदी से चमके पहाड़

**अनंत ज्ञान ब्यरो, कुल्लू/मनाली**

कुल्लू व जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति में एक सप्ताह से जारी बर्फबारी के बाद मंगलवार को धूप खिलते ही बर्फ से लदी चोटियां बर्फ की सफेद चांदी से चमक उठी। लाहौल व अन्य ऊंची चोटियों पर मंगलवार सुबह तक बर्फबारी का दौर जारी रहा बाद मौसम साफ हो गया। जिससे तामपान में भारी गिरावट आ गई। सुबह लोग जब उठे तो एक तरफ धूप निकल रही थी तो दूसरी तरफ बर्फ के फाहे गिर रहे थे।

मनाली के कोठी पलचान सहित समस्त उझी घाटी में अधिकतर जगह पेयजल आपूर्ति प्रभावित चल रही है। लाहौल घाटी में भी भारी बर्फबारी होने से जन जीवन प्रभावित हुआ है। बसों सहित सभी छोटे वाहनों की आवाजाही ठप हो गई है। फोर बाई फोर वाहन ही लाहौल में चल रहे हैं। घाटी में अधिकतर जगह पेयजल आपूर्ति बाधित हो गई है। भारी बर्फबारी होने से लाहौल की समस्त घाटी सहित मनाली की उझी घाटी में हिमस्खलन आने की भी आशंका बढ़ गई है। बर्फबारी से किसान बागवान और पर्यटन कारोबारी भी खुश है।

दूसरी ओर, मनाली के नजदीकी पर्यटन स्थक नेहरूकुंड, हामटा, पलचान, कोठी, सोलंगनाला, फातरु और अंजनी महादेव में तीन से चार फीट तक भारी बर्फबारी हुआ है। पर्यटन स्थलों में भारी बर्फबारी होने से पर्यटन कारोवार बढ़ने की उमीद जगी है। मनाली निवासी सुरेश, गोवर्धन, दीपक व रोशन ने कहा कि सप्ताह धूप निकलने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली।

उन्होंने बताया कि सोमवार को मौसम साफ होते ही सभी ने राहत की सांस ली। एसडीएम मनाली रमण कुमार शर्मा ने कहा कि मौसम खुलते ही जन जीवन पटरी पर लौटने लगा है। उन्होंने बताया कि सड़कें बहाल कर दी है और विद्युत सहित पेयजल आपूर्ति सुचारू कर दी है जिससे जन जीवन सामान्य होने लगा है।



जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति की तिनन घाटी के रालिंग गांव में बर्फ की बिछी सफेद चादर और लोग अपने घरों के आसपास से बर्फ हटाते हुए।

### मनाली में लगा पर्यटकों का मेला

**पर्यटन** नगरी मनाली सहित कुल्लू जिला के अन्य पर्यटन स्थलों जिनमें तीर्थन, कसोल, मणिकर्ण सहित अन्य स्थल हैं में पर्यटकों का मेला लग गया है। बर्फबारी के बाद रोजाना पर्यटकों की आमद बढ़ रही है। मंगलवार को मनाली का पर्यटन स्थल सोलंगनाला पर्यटकों के लिए बहाल हो गया, हालांकि सोलंगनाला फोर बाई फोर वाहन ही पहुंच पाए लेकिन जल्द ही वाहनों की आवाजाही सोलंगनाला तक सामान्य हो जायेगी। सुबह धूप खिलती देख पुलिस ने वाहनों को नेहरुकुंड से आगे जाने की अनुमति दी लेकिन फोर बाई फोर वाहन ही आगे जा पाए। पर्यटन स्थल नेहरूकुंड भी तीन फीट बर्फ की मोटी चादर बिछी है। मंगलवार से मौसम साफ रहने की संभावना है। ऐसे में पर्यटक और बढ़ेंगे। सड़कों से बर्फ हटते ही पर्यटक लाहौल-स्पीति का रुख करेंगे।वाहन चालक नरेंद्र व दीपक ने बताया कि आज नेहरूकुंड में पर्यटकों का भारी सैलाब उमड़ा। उन्होंने बताया कि इस बीच भारी ट्रैफिक जाम भी लगा।

### मनाली नहीं पहुंच पाई लग्जरी बसें

**मंगलवार** शाम तक लग्जरी बसें मनाली पहुंचने की उम्मीद थी लेकिन आज भी बसें पतलीकूहल तक ही पहुंच पाई। होटल कारोबारी किशन, रवि व्यास व राजू ने बताया कि लग्जरी बसें हिमपात के कारण मनाली से लगभग 17 किलोमीटर पहले पतलीकूहल में ही रुक रही थीं जबकि छोटे वाहन मनाली पहुंच रहे हैं। उन्होंने बताया कि कल तक लग्जरी बसों के मनाली पहुंचने की उम्मीद है। बसों के मनाली पहुंचते ही पर्यटकों को दिक्कत नहीं रहेगी।

### 66 डीटीआर अभी बंद

इसके अलावा बिजली बोर्ड के कर्मचारी भी बिजली बहाली के कार्य में जुटे हैं। अभी तक जिला में 123 डीटीआर बंद पड़े हैं जिसमें सबसे ज्यादा मनाली में 66, कुल्लू में 20 और थलौट के 37 डिटीआर बंद पड़े हैं। ऐसे में बिजली बोर्ड के कर्मचारी बर्फ में बिजली बहाल करने में जुटे हैं।

### मौसम साफ होते ही सड़क बहाली में जुटा लोनिवि और बीआरओ

**लाहौल** की तमाम सड़कें बंद, मनाली केलांग मार्ग को बहाल करने का कार्य सुबह से शुरू बर्फबारी और बारिश के बाद सोमवार को मौसम साफ होते ही बीआरओ और लोक निर्माण विभाग ने सड़कें बहाल करने का कार्य शुरू कर दिया है। एनएच मनाली-केलांग से बीआरओ ने बर्फ हटाने का कार्य जोरों पर चलाया है जिसके चलते अब तक इस मार्ग को फोर बाई फोर वाहनों की आवाजाही के लिए वहाल कर दिया है। जबकि लाहौल के भीतरी मार्ग की बहाली के कार्य भी बीआरओ और लोक निर्माण विभाग ने शुरू कर दिया है। जबकि कुल्लू ज़िला की सड़कों से भी बर्फ को हटाने का कार्य जोरों पर चला लिया है। जानकारी के अनुसार कुल्लू जिला में अभी भी 66 सड़कें बंद है। जिसमें बंजार में 19, मनाली में 22, निरमंड में 18 सड़कें बंद पड़ी है।

## न्यूज ब्रीफ

### रोजगार मेला 10 फरवरी को

**हमीरपुर।** मैट्रिक पास, बारहवीं पास, आईटीआई, बहुतकनीकी डिप्लोमाधारक, होटल मैनेजमेंट, स्नातक और स्नातकोत्तर युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध करवाने के लिए हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम की ओर से 10 फरवरी को भोरंज में रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा। निगम की जिला समन्वयक निशा कटोच ने बताया कि इस रोजगार मेले में लगभग 20 प्रसिद्ध कंपनियां पात्र युवाओं का चयन करेंगी और उन्हें मौके पर ही ऑफर लेटर प्रदान करेंगी। जिला समन्वयक ने पात्र युवाओं से इस रोजगार मेले का लाभ उठाने की अपील की है। अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 70186-48424, 82196-29117 और 90235-33255 पर संपर्क किया जा सकता है।

### सुशील कुमार बने गलोड़ ब्लॉक युकां अध्यक्ष

**गलोड़।** गलोड़ ब्लॉक युवा कांग्रेस का अध्यक्ष सुशील कुमार शीलू को नियुक्त किए जाने पर युवाओं में खासा उत्साह है। गलोड़ ब्लॉक के हटली गांव के निवासी सुशील को युकां अध्यक्ष नियुक्त करने पर युकां कार्यकर्ता अरविंद शर्मा, नीरज कुमार, अजितेश शर्मा, अमित शर्मा, आयुष शर्मा, रजत शर्मा, नीतीश शर्मा आदि ने मुख्यमंत्री सुक्खु, युवा कांग्रेस अध्यक्ष निगम भंडारी व प्रदेश प्रभारी विनीत कंबोज का नियुक्ति के लिए आभार व्यक्त किया है।

### विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी में जैसमिन प्रथम

**बिझड़ी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला घंगोट में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। आज की प्रदर्शनी में पाठशाला के बच्चों द्वारा कचरा प्रबंधन, ऊर्जा व जल संरक्षण इत्यादि विषयों पर मॉडल बनाकर प्रदर्शित किए गए। बच्चों द्वारा भाषण व पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता में भी भाग लिया गया। इस विज्ञान प्रदर्शनी में रीना देवी अध्यक्ष प्रबंधन समिति व अभिभावक उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य यशवीर कुमार व विज्ञान अध्यापिका सुषमा कुमारी ने बच्चों को कचरा प्रबंधन, ऊर्जा व जल संरक्षण इत्यादि विषयों पर विस्तृत जानकारी दी। विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी में प्रथम स्थान पर जैस्मिन, दिया व सिमरन, द्वितीय स्थान पर अमन, शिवम व आदर्श तथा तृतीय स्थान आदित्य, चमन व आयुष ने प्राप्त किया। विजेता बच्चों को प्रधानाचार्य व प्रबंधन समिति अध्यक्ष ने मोमेंटो देकर सम्मानित किया।

### स्टूडेंट्स को बांटे मेरिट सर्टिफिकेट

**धनेटा।** राजकीय कन्या उच्च विद्यालय धनेटा की स्टूडेंट्स जिन्होंने दसवीं कक्षा की परीक्षा हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड से पास की थी और जिन्होंने बोर्ड मेरिट सूची में अपना नाम दर्ज करवाया था। मुख्याध्यापिका शशि बाला ने बताया कि दसवीं कक्षा में 20 छात्राएं थी, उनमें से 17 छात्राओं को बोर्ड से मेरिट सर्टिफिकेट प्राप्त हुए है। इन छात्राओं तमन्ना, नजमीन, खातून, रजनी, श्रेया, प्रिया, तान्या, शगुन, प्रियंका, विभूति, कोमल, रीनाज, गरिमा, रिद्धिमा, अनामिका, अदिति, भावना, नेहा आदि को बोर्ड के मेरिट सर्टिफिकेट वितरित किए। उन्होंने अन्य छात्राओं को भी इनसे प्रेरणा लेने का आह्वान किया। इस मौके पर समस्त स्कूल स्टाफ उपस्थित रहा।

### नन्हे-मुन्नों के लिए लगाया निपुण मेला

**नादौन।** राजकीय केंद्र प्राथमिक पाठशाला चित्लियां में निपुण मेले का आयोजन किया गया, जिसमें तीन स्कूलों के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने काफी हर्षोल्लास के साथ भाग लिया। मेले की अध्यक्षता खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी नादौन रीता शर्मा ने की। इस मेले में राजकीय पाठशाला कोटला कल्लर, घलूं व साध्यड़ के नर्सरी से तीसरी तक के बच्चों ने भाग लिया। मेले में बच्चों को शारीरिक विकास, बौद्धिक विकास, भाषा विकास, पूर्व गणित विकास बच्चों का कोना लगाए गए। इस मेले में अध्यापक पवन कुमार, राकेश कुमार, विपन कुमार, शैल वाला व एसएमसी सदस्यों और प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन से सुशील कुमार और प्रतिमा शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### योग प्रतियोगिता में चौरी के बच्चों का बेहतर प्रदर्शन

**हमीरपुर।** राष्ट्रीय स्तरीय अंडर-14 योग प्रतियोगिता जयपुर राजस्थान में हमीरपुर जिले के सीनियर सेकेंडरी स्कूल चौरी के तीन बच्चों हिमा, वंशिका व सौरभ ने बेहतर प्रदर्शन किया है। इन बच्चों ने राष्ट्र स्तरीय योग प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर योग की बढ़िया प्रस्तुतियां दी। स्कूल पहुंचने पर प्रिंसीपल सरिता दुबे व अन्य अध्यापकों ने मिठाई खिलाकर बच्चों को बधाई दी। प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर लौटे स्टूडेंट्स ने बताया कि राष्ट्र स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेना बढ़िया लगा है और राष्ट्र स्तर पर प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए स्कूल अध्यापकों ने बहुत सहयोग किया है।

### तमन्ना ने किया केरल के स्कूलों का भ्रमण

**धनेटा।** एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के तहत जिला हमीरपुर के उपमंडल नादौन के राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धनेटा की छात्रा तमन्ना ठाकुर ने केरल के स्कूलों और प्रमुख दर्शनीय स्थलों म्यूजियम, पार्क, कन्याकुमारी, त्रिवेणी संगम आदि का भ्रमण किया। उन्होंने वहां के स्कूलों की प्रार्थना सभा में भाग लिया और कक्षाओं में जाने का मौका मिला। अध्यापकों ने बताया कि वे बच्चों को किस तरह से शिक्षा देते हैं तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम को भी देखा। तमन्ना ठाकुर ने अपने स्कूल धनेटा में पहुंचकर अपने वहां प्राप्त किए अनुभवों को सभी स्टूडेंट्स से साझा किया। तमन्ना ने स्टूडेंट्स से बताया कि आप भी मेहनत करें और इस प्रकार के सरकारी शैक्षणिक भ्रमणों का फायदा उठाएं। प्रधानाचार्य राजकुमार सिंह ने बताया कि तमन्ना एक होनहार छात्रा है। उन्होंने इसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और दूसरे बच्चों को भी खूब मेहनत करने को प्रेरित किया। तमन्ना ने बताया कि इस शैक्षणिक भ्रमण में हमीरपुर से 18 स्टूडेंट्स थे। इस अवसर पर समस्त स्कूल स्टाफ उपस्थित रहा।

### कन्या की शादी के लिए दिया राशन

**नादौन।** प्रसिद्ध समाजसेवी संस्था हिंद संग्राम परिषद की इकाई कांगू की बैठक परिषद के कार्यालय दंगड़ी में संपन्न हुई, जिसमें परिषद ने गरीब परिवार से संबंधित राकेश कुमार गांव कमलाह बसारल की बेटी की शादी के लिए एक धाम का राशन व तीन सूट बरी के दिए। बैठक की अध्यक्षता परिषद की इकाई के चेयरमैन अश्विनी कुमार शर्मा ने की, जबकि परिषद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पंडित वासुदेव शर्मा विशेष रूप से उपस्थित हुए। बैठक में प्रदेश प्रभारी मोहन सिंह ठाकुर, कांगू इकाई के चेयरमैन अश्विनी कुमार शर्मा, कृष्ण देव शर्मा, परसराम धीमान आदि उपस्थित थे। बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया कि संस्था का स्थापना दिवस छह मई को मनाया जाएगा। इस समारोह के आयोजन के लिए एक कमेटी का भी गठन किया गया है। इस समारोह में संस्था के प्रमुख संयोजक समाजसेवी पंडित राम किशन शर्मा व संस्था के अग्रणी पदाधिकारियों को सम्मानित किया जाएगा।

### खुद का सही मूल्यांकन करे हर व्यक्ति

**हमीरपुर।** हिमाचल टेक्निकल यूनिवर्सिटी हमीरपुर में अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) द्वारा अनुमोदित सार्वभौमिक मानवीय मूल्यों (यूएचवी) पर आधारित तीन दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम (एफडीपी) के दूसरे दिन उपस्थित विभिन्न शिक्षण संस्थानों से आए प्राध्यापकों को स्रोत व्यक्ति ने पहले स्वयं को जानने, परिवार, संबंध और अपना सही मूल्यांकन करने के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। डॉ. प्रिया दर्शनी, प्रो. मुंशी यादव ने प्राध्यापक प्रतिभागियों से मानवीय मूल्यों को पहले खुद के आचरण में लाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि जब तक हर व्यक्ति खुद को सही नहीं जानता, न सही मूल्यांकन कर पाता, तब तक वह खुश नहीं रह सकता है। वहीं, प्रतिभागियों से उपरोक्त विषयों पर चर्चा की।

# ठंड में ठिठुर रहे बीमार पशुओं को उपचार व छत की दरकार

## लावारिस सांडों से किसान परेशान, हरी-भरी फसल को पहुंचा रहे नुकसान

**शशि सोनल, नादौन**



नादौन शहर में अंबकेश्वर मंदिर के पास एक सप्ताह से बीमार पड़ा बैल।

नादौन उपमंडल में गेहूं की फसल व पशुपालकों द्वारा खेतों में बीजे गए पशुचारे को जहां लावारिस सांडों से बचाने की चिंता बढ़ गई है। ये सांड रात को हरे-भरे खेतों को चट कर रहे हैं जिससे किसान परेशान हैं।

किसानों का कहना है कि एक तो काफी दिनों तक बारिश न होने के कारण किसानों की फसल को काफी नुकसान पहुंचा है और अब जब बारिश हो गई है और किसानों को फसल की उम्मीद जगी है तो लावारिश सांड किसानों के खेतों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। नादौन शहर, भरमोटी, बेला, कोहला सहित उपमंडल में जगह-जगह करीब 500 गोवंश लावारिस है। काऊ सेंचुरी व गऊशाला संचालकों ने भी लावारिश पशुओं को लेने से यह कह कर हाथ खड़े कर दिए हैं कि उनके पास पहले ही कपैस्टी से ज्यादा पशु हैं। बाबा मेहरदार किसान बागवान समिति नादौन ने भी इस समस्या से किसानों व लोगों को निजात दिलाए जाने का आग्रह किया है। समिति के अध्यक्ष आशुतोष, रमेश शर्मा, ओंकार शर्मा, ठाकर चंद किशोर के अलावा राजीव कुमार, अशोक कुमार, सीमा देवी आदि ने सरकार से आग्रह किया है कि किसानों की हरी-भरी फसलों को लावारिस पशुओं से बचाने के लिए ज्यादा से ज्यादा गोसदनों का निमार्ण करवाया जाए, ताकि गोवंश को छत मिल सके और किसानों को मेहनत का फल मिल सके। (अनंत ज्ञान)

### सड़कों पर भटकने पर विवश गोवंश

**समाज** सेवी सुनील शर्मा ने कहा कि बेसहारा गोवंश को आश्रय छत की पर्याप्त व्यवस्था न होने के कारण सड़कों पर भटकने पर विवश हैं। कई दुर्घटनाओं का शिकार भी हो चुके हैं और कई गोवंश बीमार होकर बिना छत व उपचार के अंतिम सांसें गिन रहे हैं। उन्हें उपचार व छत की दरकार है। नादौन शहर के अंबकेश्वर महादेव मंदिर के पास लगभग एक सप्ताह से एक बीमार बैल असहाय होकर सड़क पर पड़ा छत व उपचार न होने के कारण यह बैल अंतिम सासें गिन रहा है। इस बारे लोगों ने नगर पंचायत को अवगत करवाया परंतु अभी तक किसी ने सुध नहीं ली है। जिसे लेकर लोगों में रोष है।

# प्रशासन-पुलिस का आपस में तालमेल नहीं, व्यवस्था लचर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**



रविंद्र सिंह डोगरा

हमीरपुर जिला में पिछले कुछ सालों से आम नागरिकों को एसडीएम कार्यालयों से लेकर तहसील और ब्लॉक के अलावा पुलिस थानों में फरियाद लेकर जाने पर उचित समाधान नहीं मिलता। उनकी सुनवाई सही तरीके से न करके मामलों में लीपापोती की जाती है।

यही नहीं या फिर टालमटोल करके मामलों को लटकाया जाता है। इन मामलों को या तो हमारे द्वारा उठाने के बाद प्रशासन और पुलिस हरकत में आते हैं या जब मामले को मुख्यमंत्री और अखबारों के जरिए उजागर किया जाता है, तब सब हरकत में आते हैं। यह बात समाज सेवी रविंद्र सिंह डोगरा ने कही।

डोगरा ने कहा कि इस का मतलब साफ है कि प्रशासन और पुलिस का आपस में तालमेल नहीं और व्यवस्था लचर है। डिजिटल इंडिया के समय में और कंप्यूटरीकृत प्रणाली होने के बावजूद भी जिले के कार्यालयों में ई-मेल पढ़ी नहीं जातीं और न ही उनका जवाब अधिकारी देते हैं। डोगरा ने पिछले तीन सालों से जिले में हो रही प्रशासनिक और पुलिसिया चूक का हवाला देते हुए भविष्य में नागरिकों के प्रति जिला प्रशासन और पुलिस विभाग को बेहतर कार्यप्रणाली के साथ सुचारु व्यवस्था बनाने की प्रार्थना की है।

डोगरा ने जिले में नवनियुक्त डीसी व एसपी सहित अन्य आला अधिकारियों का स्वागत करते हुए उन्हें शुभकामनाओं के साथ-साथ बेहतर समन्वय का संदेश दिया है। डोगरा का कहना है कि राजस्व के मामले जिन में बहुत अनियमितता है और जनता परेशान है। महिला अपराधों पर जीरो टॉलरेंस की नीति पर भी गौर करना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा शिकायतों का निवारण केवल पत्राचार तक ही सीमित ना रहे तथा 1100 पर होने वाली शिकायतों के उचित समाधान पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए।

## होटल प्रबंधन संस्थान आयोजित करेगा किचन क्वीन प्रतियोगिता

**हमीरपुर।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर होटल प्रबंधन संस्थान (आईएचएम) हमीरपुर महिला शैफ प्रतियोगिता 'किचन क्वीन' का आयोजन करने जा रहा है। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य पाक कला में पारंगत महिलाओं को अपने हुनर के प्रदर्शन के लिए एक मंच उपलब्ध करवाना है। आईएचएम के विभागाध्यक्ष पुनीत बंटा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में भाग लेने की इच्छुक महिलाएं 20 फरवरी तक अपना पंजीकरण करवा सकती हैं। उन्होंने बताया कि पंजीकरण फार्म संस्थान की वेबसाइट पर उपलब्ध करवाया जा रहा है। इस फार्म में दिए गए स्कैनर के माध्यम से 200 रुपए की फीस जमा करवाकर तथा इसे ई-मेल या व्हाट्सएप के माध्यम से भेजकर महिलाएं अपना पंजीकरण करवा सकती हैं। यह पंजीकरण फार्म संस्थान के कार्यालय में भी जमा करवाया जा सकता है।

विजेता महिलाओं को आठ मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर पुरस्कृत किया जाएगा। प्रथम पुरस्कार के रूप में 2100 रुपए नकद एवं ट्राफी, द्वितीय पुरस्कार में 1500 रुपए नकद एवं ट्राफी और तृतीय पुरस्कार के रूप में 1100 रुपये नकद एवं ट्राफी दी जाएगी। इसके अलावा सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट दिए जाएंगे। प्रतियोगिता से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए प्रतियोगिता समन्वयक विक्रांत चौहान के मोबाइल नंबर 8580611011 पर संपर्क किया जा सकता है।

# पशु चिकित्सालय को वेटरनरी पॉलीक्लिनिक का दर्जा देने की मांग

**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा**



कुलदीप सिंह पटियाल, देव राज गोस्वामी, राजेश ठाकुर पिंका व विपिन कुमार ।



70 वर्ष पहले खोला गया पशु चिकित्सालय नादौन जो अपने अपग्रेड होने का कर रहा इंतजार।

नादौन विधानसभा क्षेत्र के पशु पालकों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से पशु चिकित्सालय नादौन को अपग्रेड करके इसे वेटरनरी पॉलीक्लिनिक का दर्जा देने की जोरदार मांग की है। पशु पालकों का कहना है कि कई बार उन्हें अपने पशु उपचार के लिए 70 किलोमीटर दूर हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर को ले जाने पड़ते हैं, जिससे उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

प्रदेश के हर जिले में पशुपालकों को अपने पशुओं के उपचार के लिए वेटरनरी पॉलीक्लीनिक एवम वेटरनरी जोनल हॉस्पिटल उपलब्ध हैं, लेकिन मात्र जिला हमीरपुर में ही यह संस्थान न होने के कारण हमें अपने पशुओं के उपचार के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है। ये सब पशु पालन विभाग के विभागीय आंकड़े स्पष्ट रूप से बयां करते हैं। गौर हो कि यदि पशु चिकित्सालय नादौन को यदि पशु पॉलीक्लिनिक का दर्जा दे दिया जाता है तो इससे न केवल जिला हमीरपुर के पशु पालकों को अपने पशुओं के उपचार के लिए पशु पॉलीक्लिनिक की सुविधा उपलब्ध हो जाएगी, बल्कि इससे नादौन विधानसभा के अतिरिक्त हमीरपुर, सुजानपुर, भोरंज, बड़सर, जसवां परागपुर,ज्वालामुखी विधानसभा क्षेत्र के पशु पालकों को भी अपने पशुओं के उपचार के लिए इधर-उधर नही भटकना पड़ेगा। पशु चिकित्सालय नादौन की स्थापना 1949 को हुई थी प्रदेश की सरकारों द्वारा इस पशु चिकित्सालय को पशु चिकित्सालय का दर्जा तो दे दिया गया है, लेकिन इस चिकित्सालय को जो सुविधाएं एक पशु चिकित्सालय के रूप में मिलनी चाहिए थी वे उसे आज दिन तक नहीं मिल पाई है। यदि इस पशु चिकित्सालय को पशु पॉलीक्लिनिक का दर्जा मिल जाता है तो इससे न केवल इस चिकित्सालय में नए कर्मचारियों के पद सृजित होंगे। पशु पालकों को अपने पशुओं के उपचार के लिए 70 किलोमीटर दूर पालमपुर नहीं जाना पड़ेगा।

इस बारे में कांग्रेस किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष कुलदीप सिंह पटियाल, ग्राम पंचायत फस्टे के पूर्व प्रधान राजेश ठाकुर पिंका, ग्राम पंचायत बड़ा के पशु पालक विपिन कुमार, सर्व समाज कल्याण सभा बड़ा के महासचिव देव राज गोस्वामी आदि ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह से पशु पशु पालकों की इस मांग को अतिशीघ्र पूरा किया जाए। (अनंत ज्ञान)

### 70 वर्ष पहले खोला गया था नादौन का पशु चिकित्सालय

# शहर के सार्वजनिक शौचालय 82 लाख से होंगे चकाचक

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**




> नगर परिषद के 11 वार्डों के सभी सार्वजनिक शौचालयों की रिपेयर के लिए 82 लाख रुपए का बजट जारी किया गया है। ऐसे में शहर के शौचालय जल्द ही चमचमाते नजर आएंगें।
> **-मनोज मिन्हास नगर परिषद अध्यक्ष।**

नगर परिषद हमीरपुर शहर के सार्वजनिक शौचालयों की मुरमत के लिए लाखों रुपए का बजट जारी किया है, ताकि इन शौचालयों की हालत बदली जा सके, क्योंकि इन शौचालयों में लोग जाने से कतरा रहे हैं। शौचालयों में फैली बदबू और उनकी दुर्दशा को देखकर लोग खुले में ही जाने को म जबूर हैं।

नगर परिषद हमीरपुर शहर के 11 वार्डों के करीब एक दर्जन से अधिक सार्वजनिक शौचालयों की रिपेयर पर 82 लाख रुपए खर्च किया जाएगा, ताकि इन शौचालयों को प्रयोग करने लायक बनाया जा सके। शहर के सींजिज नक शौचालयों की हालत काफी खस्ता है। इनके आसपास दुकानदारी करने वाले दुकान भी इसकी बदबू से परेशान हैं। यही नहीं नगर परिषद हमीरपुर के सामने बने शौचालय को तो होर्डिंग बोर्ड लगाकर बंद कर दिया गया है। इसके अलावा शहर मे जो दूसरे शौचालय चल रहे हैं, उनकी हालत भी किसी से छीपी नहीं है। लोगों को इन खस्ता हाल शौचालयों में ही मजबूरन जाना पड़ रहा है। हालांकि शहर में दिन भर सैकड़ों लोग काम करवाने पहुंचते हैं। इन लोगों को भी खस्ताहाल शौचालयों का प्रयोग करना पड़ रहा है। यही नहीं महिलाओं को पैसे देकर शौचालय यूज करने पड़ रहे हैं, वे भी इन खस्ताहाल शौचालयों में जाने को मजबूर हैं। नगर परिषद ने अब जाकर शौचालयों की रिपेयर के लिए बजट जारी किया है। ऐसे में लोगों को जल्द ही शहर के शौचालय नए लुक में नजर आएंगें। पुराने शौचालयों में नई सीटें और टाइलें इत्यादि लगाकर सुंदर बनाया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

## भाषण प्रतियोगिता में रिया रही प्रथम

**रंगस।** जिला स्तरीय एड्स जागरूकता शिविर का आयोजन आईटीआई रैल में सीएमओ डॉ. आरके अग्निहोत्री की अध्यक्षता में किया गया। इस मौके पर एचआईवी एड्स विषय पर भाषण, पोस्टर, मेहंदी व रंगोली जैसी प्रतिस्पर्धाओं का भी आयोजन भी किया गया। भाषण प्रतियोगिता में रिया प्रथम, साहिल वैद्य द्वितीय, नीलाक्षी तृतीय, पोस्टर मेकिंग में अनीशा प्रथम, मीनाक्षी द्वितीय व समीर तृतीय, रंगोली प्रतियोगिता में सानिया, नेहा, कामिनी प्रथम, मधु, सोनिया, कविता की टीम द्वितीय व रितु, आंचल व स्वाति की टीम तृतीय स्थान पर रहे। मेहंदी प्रतियोगिता में सोनिया प्रथम, शिवानी द्वितीय व अनिशा तृतीय स्थान पर रहीं।

# सुजानपुर का विकास मेरी प्राथमिकता : राणा

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**



राजेंद्र राणा के साथ रमन भटनागर व अन्य।

सुजानपुर के विधायक राजेंद्र राणा ने कहा है कि सुजानपुर का संपूर्ण विकास करवाना उनकी प्राथमिकता है। लोग अपने काम के लिए बेझिझक उनके पास आएं। सुजानपुर में अपने अभिनंदन समारोह के दौरान जनता को संबोधित करते हुए राजेंद्र राणा ने कहा कि सुजानपुर के विकास के लिए उनका विजन है।

पूर्व मुख्यमंत्री राजा वीरभद्र सिंह के कार्यकाल में उनके द्वारा सुजानपुर में एसडीएम कार्यालय को खुलवाया गया, सुजानपुर में मिनी सचिवालय का निर्माण करवाया गया। अब मुख्यमंत्री सुक्खू के कार्यकाल में टोणी देवी में डिग्री कॉलेज खोला जा रहा है। सुजानपुर में अस्पताल 100 बेड किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सुजानपुर में उनके द्वारा विकास करवाने में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। इससे पहले सुजानपुर पहुंचने पर उनका नगर परिषद पूर्व अध्यक्ष रमन भटनागर ने स्वागत किया।

# 12 फरवरी को खुलेगा नए बस स्टैंड हमीरपुर के निर्माण का टेंडर

**इसी महीने हो सकेगा शिलान्यास**
**सीएम सुक्खू ने कहा था पहले टेंडर फिर होगा शिलान्यास**

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**



हमीरपुर में नए बस स्टैंड के निर्माण को लेकर अब प्रक्रिया अंतिम दौर में पहुंच गई है। निर्माण का टेंडर लगा दिया गया है और 12 फरवरी को निर्माण की टेक्निकल बिड खोली जाएगी। उसके बाद जिस कंपनी को भी अलॉट होगा, निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा।

अहम बात यह है कि बस स्टैंड का काम अवार्ड होने के बाद ही शिलान्यास होगा। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने साफ कहा था कि जब तक टेंडर ओके नहीं होगा, उससे पहले सरकार शिलान्यास नहीं करेगी। इसी वजह से शिलान्यास के मामले में वक्त लग रहा है। अब क्योंकि अधिकारी भी टेंडर प्रक्रिया को लेकर कोई ढुलमुल रवैया नहीं अपना रहे। इसी वजह से सब कुछ सीमित समय में हो रहा है। उम्मीद यही जताई जा रही है कि इसी माह के अंत तक मुख्यमंत्री बस स्टैंड का शिलान्यास एस करने हमीरपुर पहुंचेंगे। उनके कुछ और प्रोग्राम भी बना रहे हैं।

काबिले गौर यह है कि तकरीबन 72 करोड़ रुपए की लागत से इस बेस्ट फ्रेंड का निर्माण किया जा रहा है। पूर्व धूमल सरकार के समय यहां से 600 से ज्यादा छोटे-बड़े हरे पेड़ काटकर बस स्टैंड के निर्माण के लिए जगह को समतल किया गया था, लेकिन यह तकरीबन 15 साल पुरानी बात है। एक बार तत्कालीन सरकार ने भी जाते-जाते शिलान्यास कर दिया था।

मगर टेंडर प्रक्रिया शुरू नहीं की थी। बाद में कांग्रेस सरकार के समय यह प्रक्रिया हिचकोले खाती रही। अब सुख सरकार के गठन के बाद ही इस बस स्टैंड के निर्माण के लिए स्थानीय विधायक आशीष शर्मा को सीएम ने विश्वास दिलवाया था, उसी के तहत अब यह प्रक्रिया अंतिम चरण में है। (अनंत ज्ञान)

### 12 फरवरी को खुलेगी टेक्निकल विड

**इधर** पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन दीपक कपिल का कहना है कि टेक्निकल विड 12 फरवरी को खुलेगी उसी के बाद टेंडर फाइनल कर दिया जाएगा। जिसे भी अवार्ड होगा, 12 फरवरी के बाद ही पता चलेगा, लेकिन अवार्ड होने के तुरंत बाद इसका काम शुरू कर दिया जाएगा।

# बेरोजगारों के लिए प्रदेश में लगेंगे जॉब फेयर

**एसके शर्मा, जाहू, भरेड़ी**



अतुल कड़ोहता

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह के नेतृत्व में प्रदेश कौशल विकास निगम युवाओं को रोजगार देने के क्षेत्र में आगे बढ़ कर कार्य कर रहा है। इस के लिए प्रदेश में जगह-जगह पर जॉब फेयर लगाए जा रहे है और मशहूर कंपनिया योग्य अभ्यर्थियों का प्लेसमेंट देकर रोजगार देने का कार्य कर रही है। यह बात हिमाचल प्रदेश विकास निगम के राज्य समंवयक अतुल कड़ोहता ने कही।

उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार ने बेरोजगार युवाओं को स्वरोजगार व रोजगार से जोड़ने के लिए कार्य कर रही है। प्रदेश में 15 से 35 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं को रोजगार योग्य कौशल और आजीविका क्षमता को बढ़ाने की ओर जोर दे रही है। वर्तमान दौर एवं भविष्य को देखते हुए युवा वर्ग को विभिन्न प्रशिक्षण दिए जा रहे हैं ताकि युवा उद्यमी बन सकें। दूसरी ओर स्कूलों में वोकेशनल विषय की शिक्षा ग्रहण कर रहे बच्चों को भी सुविधा शुरू की गई है। अतुल कड़ोहता ने कहा कि अधिक से अधिक बेरोजगार युवाओं को रोजगार मिले इसके लिए जॉब मेले लगाने शुरू किए गए हैं।

क्षेत्र के बेराजगार युवाओं को कंपनियों को नौकरी मिल सके। इसके प्रदेश में साकारात्मक परिणाम सामने आने लगे हैं। उन्होंने अभिभावकों से आह्वान किया कि वह अपने बच्चों को जॉब फेयर में आवश्य भेंजे, ताकि उनका नामी कंपनियों में चयन हो सकें। उन्होंने कहा कि कंपनिया सबसे पहले अभ्यर्थियों को प्लेसमेंट के आधार पर चयन कर है और प्रशिक्षण के बाद उन्हे रोजगार दिया जा रहा है। इसके लिए अभ्यर्थियों वहां पर स्थायित्व से कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार इस ओर युवाओं को लाभान्वित करने का सराहनीय कार्य कर रही है।

### भोरंज में दस को लगेगा जॉब फेयर

**हमीरपुर** जिले के भोरंज में 10 फरवरी को 10.30 बजे मिनी सचिवालय जॉब फेयर लगाया जा रहा है। इसमें करीब 20-25 कंपनियों को बुलाया जा रहा है। भोरंज के विधायक सुरेश कुमार बतौर मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया जॉब फेयर में अधिक से अधिक भाग लें।

**सम्मान** | विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने बड़ागांव स्कूल में मेधावी स्टूडेंट्स को बांटे पुरस्कार

# बिझड़ी में जलशक्ति व पीडब्ल्यूडी उपमंडल खुलने से तेज होंगे विकास कार्य

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**



विधायक को सम्मानित करते हुए स्कूल प्रबंधन।

बड़सर के विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने कहा है कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की घोषणा के मुताबिक बिझड़ी में पीडब्ल्यूडी और जल शक्ति विभाग के उपमंडल कार्यालय बहुत जल्दी खोले जाएंगे। उन्होंने कहा है कि इस इलाके के लोगों की यह लंबी मांग थी और इन पर अमलीजामा जल्दी ही पहनाया जाएगा।

मंगलवार को राजकीय मिडल स्कूल बड़ागांव के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करते हुए इंद्रदत्त लखनपाल ने कहा कि बिझड़ी में करोड़ों रुपए की लागत से मिनी सचिवालय भवन भी बनाया जाएगा। इस भवन में एक ही छत के नीचे कई विभागों के कार्यालय स्थापित होंगे और लोगों को अपने कार्य करवाने में काफी सुविधा होगी। विधायक ने कहा कि नए बजट में बड़सर विधानसभा क्षेत्र की कई नई बड़ी परियोजनाओं और ग्रामीण क्षेत्रों के अन्य विकासात्मक कार्यों के लिए पर्याप्त धनराशि का प्रावधान किया जाएगा।

इस अवसर पर उन्होंने स्कूल को 11 हजार रुपए की राशि देने की घोषणा की और शैक्षणिक, खेलकूद, सांस्कृतिक एवं अन्य गतिविधियों में सराहनीय प्रदर्शन करने वाले मेधावी स्टूडेंट्स को पुरस्कृत किया। इससे पहले मुख्याध्यापक संदीप कुमार ने विधायक, अन्य अतिथियों और बच्चों के अभिभावकों का स्वागत किया तथा स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करने के साथ-साथ स्कूल की कुछ मांगें भी रखीं। स्टूडेंट्स ने भी सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। समारोह में स्थानीय पंचायत प्रधान अनुराधा, उपप्रधान बलराम ठाकुर, महारल के प्रधान विजय कुमार, धबीरी के प्रधान रवि ठाकुर, जमली के उपप्रधान हाकम सिंह, प्राइमरी स्कूल के मुख्य शिक्षक मोहिंद्र ठाकुर, एसएमसी अध्यक्ष कमलेश कुमारी, प्राइमरी स्कूल की एसएमसी के अध्यक्ष सुनील ठाकुर आदि अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित थे।

### नई बसें आते ही शुरू कर दी जाएगी बस सेवा

**उन्होंने** कहा कि बड़ाग्रां स्कूल में अतिरिक्त कमरों, शौचालयों, बोरवैल और बैडमिंटन कोर्ट के लिए भी धनराशि उपलब्ध करवाई जाएगी। इसके लिए उन्होंने अधिकारियों को प्राकलन तैयार करने के निर्देश दिए। क्षेत्रवासियों की बस सेवा की मांग पर विधायक ने कहा कि एचआरटीसी में नई बसें आते ही नई बस सेवा आरंभ की जाएगी।

### कोटधार की 14, झंडूता की 42 पंचायतों को मिलेगा लाभ , सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू करेंगे पुल का शुभारंभ, पूर्व मुख्यमंत्री स्व. वीरभद्र सिंह ने 2005 में किया था शिलान्यास

# मार्च माह में 25 साल बाद पूरा तैयार होगा बागछाल पुल

**शुभम राही, बिलासपुर**

राजनीति की भेंट चढ़ा झंडूता विस क्षेत्र का बागछाल पुल आखिरकार वाहनों की आवाजाही के लिए तैयार होने जा रहा है। मार्च माह में यह पुल पूरा बनकर तैयार हो जाएगा, जिसके बाद प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू इस पुल का शुभारंभ करने के लिए बिलासपुर पहुंच रहे हैं।


मात्र कुछ प्रतिशत कार्य पूरा होने के बाद यह पुल जनता को समर्पित कर दिया जाएगा, जिससे कोटधार क्षेत्र की 14 समेत झंडूता विस क्षेत्र की 42 ग्राम पंचायतों को सीधा इसका लाभ मिलेगा। इस पुल के बनने से झंडूता और नयना देवी जी विस क्षेत्र की सीधी क्नेक्टिविटी हो जाएगी। वहीं, झंडूता क्षेत्र के लोगों को चंडीगढ़ और दिल्ली जाने के लिए सीधा आसान रास्ता हो जाएगा। लगभग 45 करोड़ रुपए से अधिक लागत से निर्मित किए जा रहे 330 मीटर लंबे बागछाल पुल के बनने से झंडूता और श्री नयना देवी जी विस क्षेत्र की हजारों की आबादी लाभान्वित होगी।

दोनों विस क्षेत्र के लोगों को बिलासपुर पहुंचने के लिए वर्तमान में 60 से 80 किलोमीटर का सफर तय करना पड़ता है, लेकिन जब पुल बनकर तैयार हो जाएगा तो यह दूरी कम होकर आधी रह जाएगी। पुल के निर्मित हो जाने से विधानसभा क्षेत्र झंडूता के लोगों को चंडीगढ़, दिल्ली, पंजाब जाने के लिए कम दूरी तय करनी पड़ेगी। जिससे धन और समय दोनों की बचत होगी। (अनंत ज्ञान)



### कोटधार से बिलासपुर की दूरी रह जाएगी 30 किलोमीटर

कोटधार क्षेत्र की 14 पंचायतों समेत झंडूता विस क्षेत्र की 42 पंचायतों को इस पुल का लाभ मिलेगा। यहां से जिला मुख्यालय बिलासपुर जाने के लिए करीब 100 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है, जबकि गोबिंद सागर झील के उस पार बिलासपुर सामने दिखता है। इस पुल के बनने के बाद कोटधार से बिलासपुर की दूरी करीब 30 किलोमीटर रह जाएगी। पुल के बनने से हमीरपुर, ऊना और बिलासपुर के सवा लाख लोगों को लाभ होगा। कोटधार की पिछड़ी पंचायतों कलोल, भड़ोली कलां, जेजवीं, सलवाड़, धनी, पपलोआ, डूडियां, मलरावं, जड्डू, कोसरियां, बड़गांव गलू, नघ्यार, घराण, सनीहरा को सीधे इससे फायदा मिलेगा। वर्तमान में कीरतपुर की दूरी झंडूता से करीब 100 किलोमीटर है, लेकिन पुल बनने से यह दूरी आधी रह जाएगी।




### कोर्ट के आदेशों पर 2016 में फिर शुरू हुआ था कार्य

वर्ष 2010 के बंद हुआ पुल का कार्य कोर्ट के आदेशों पर 2016 में फिर शुरू हुआ। काम बंद होने से पहले लोक निर्माण विभाग ने इस पर 18.46 करोड़ रुपए खर्च भी कर दिए थे। पुल के निर्माण को लेकर लोग कई बार सरकारों और राजनेताओं के चक्कर काटते रहे, लेकिन इससे भी मामला हल नहीं हुआ तो 14 पंचायतों ने ग्राम सभाओं में प्रस्ताव पारित कर इस मसले को हाई कोर्ट के सामने रखने का फैसला लिया था। सलवाड़ पंचायत के पूर्व प्रधान कांशी राम ने हाई कोर्ट में इस बारे में जनहित याचिका दायर की थी और हाई कोर्ट ने राज्य सरकार को पुल का काम जल्द पूरा करने के आदेश दिए थे। 2016 में गैमन इंडिया को फिर से पुल का काम करने का जिम्मा सौंपा गया था। गोबिंद सागर झील पर बन रहे इस पुल के दो पिल्लर बन चुके हैं। 70 फीसदी कार्य भी पूरा हो चुका है।

### ज्यादातर गांव पिछड़े क्षेत्र

बागछाल पुल का शिलान्यास करीब 16 साल पहले दिवंगत पूर्व सीएम वीरभद्र सिंह ने किया था। विधानसभा क्षेत्र झंडूता में ज्यादातर गांव पिछड़े क्षेत्र में आते हैं, उन लोगों को कश्ती में सवार होकर दरिया पार करनी पड़ती है। पैदल चलकर पंजाब की सीमा तक पहुंचने के बाद यहां के ग्रामीण बस पकड़ते हैं। गर्मियों के दिनों में उन लोगों को सैकड़ों किलोमीटर घूम के वाया बिलासपुर आना पड़ता है।

### कार्य में कुछ एक काम बचे हैं

उधर, लोक निर्माण विभाग बिलासपुर के एसई जीत सिंह ठाकुर का कहना है कि बागछाल पुल का निर्माण कार्य लगभग पूरा होने जा रहा है। मार्च माह तक पूरा पुल तैयार कर दिया जाएगा। पुल के निर्माण कार्य में कुछ एक शेष कार्य बचे हैं, जिसको पूरा किया जा रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### बजट से नाखुश एससी एवं एसटी समुदाय

**बरठीं।** हिमाचल प्रदेश में सरकारें लंबे समय से अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति समुदाय के समुचित और समग्र विकास को सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक बजट में धन का प्रावधान कर रही है, लेकिन विभिन्न माध्यमों से प्राप्त सूचनाओं के अनुसार यह पता चलता है कि आज तक सभी सरकारों ने अनुसूचित जाति एवं जनजाति समुदाय के विकास पर सही मायनों में मात्र पांच प्रतिशत बजट खर्च किया है, जबकि शेष प्रस्तावित धन राशि को सभी सरकारें अन्य मदों में डाईवर्ट करके सामान्य विकास पर खर्च कर रही हैं। यह शब्द स्टेट कोलिजन फार लजिसलेशन ऑफ शेड्यूल्ड कास्ट एंड शेड्यूल्ड ट्राइब प्रदेश के प्रमुख नेता प्रो. खजान सिंह धीर ने घंडीर जनपद में अनुसूचित जाति एवं जनजाति समुदाय के एक जनसमूह को संबोधित करते हुए कहे। उन्होंने सरकारों की कथनी और करनी में अंतर बताते हुए कहा कि संविधान के अनुसार बजट में प्रावधान होने के उपरांत भी बहानेबाजी के बल पर ही अन्य कार्यों पर बजट खर्च करके गरीब लोगों को विकास की मुख्य धारा से वंचित रखा है।

### अंतरराष्ट्रीय किक बॉक्सिंग में दिखाएंगे दम

**बिलासपुर।** हिमाचल के अखिल ठाकुर दिल्ली में होने वाली आगामी इंडियन ओपन इंटरनेशनल टूर्नामेंट में भारतीय किक बॉक्सिंग टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे, जो कि सात से 11 फरवरी तक दिल्ली के इंधिरा गांधी कांप्लेक्स में होगी। इस चैंपियनशिप में प्रदेश जिला बिलासपुर के देलग गांव का निवासी अखिल ठाकुर 89 किलो भार वर्ग किक लाइट इवेंट में चुनौती पेश करेंगे, जिसमें कुल 20 देश के खिलाड़ी भाग लेने वाले हैं। इस अवसर पर प्रदेश किक बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष व भारतीय किक बॉक्सिंग संग के महासचिव परशुराम अवार्डी डॉक्टर संजय कुमार यादव ने अखिल ठाकुर को भारतीय टीम में चयन होने पर बधाई दी।

### नेतृत्व क्षमता को पहचानने का दिया जाएगा प्रशिक्षण

**श्री नयना देवी जी।** समग्र शिक्षा हिमाचल प्रदेश के तहत जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट जुखाला में पांच दिवसीय जिला स्तरीय विद्यालय नेतृत्व विकास कार्यक्रम कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। कार्यशाला में मुख्याध्यापकों को शिक्षकों की नेतृत्व क्षमता को पहचानना और उसका विकास करने का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## शक्तिपीठ श्री नयना देवी जी का कुल बजट 84 .4340168 रुपए

**अनंत ज्ञान, श्री नयना देवी जी**

श्री नयना देवी मंदिर न्यास की बजट बैठक का आयोजन मंदिर न्यास द्वारा निर्मित मात्रि आंचल भवन में किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त बिलासपुर डॉ. निधि पटेल द्वारा की गई। बैठक में मंदिर न्यास अध्यक्ष धर्म पाल तथा मंदिर अधिकारी विपिन ठाकुर सहित न्यासी प्रदीप कुमार, प्रभात कुमार, अमित कुमार, महेश कुमार, कैलाश कुमार, संजय कुमार सहित अन्य न्यासी एवं अधिकारी उपस्थित थे।

बजट पेश करते हुए मंदिर अध्यक्ष धर्मपाल ने बताया कि वर्ष 2024 में मंदिर न्यास का कुल अनुमानित बजट 84, 4340168 रुपए रखा गया है। 2023 में मंदिर के पास 83.38,76068 करोड़ दर्शाई गई है तथा वर्ष 2024 में अनुमानित इनकम 34,26,36,100 होगी तथा मंदिर के पास कुल 117,65.12.168 रुपए न्यास के पास होगा। वर्ष 2024 में न्यास का कुल खर्चा 32,91.72000 अनुमानित होगा तथा वर्ष 2024 में न्यास के पास 84,7340.168 सुरक्षित रहेगा। वर्ष 2024 में न्यास को न्यास को दानियों से तीन करोड़, मुख्य गल्ले से 20 करोड़ मंदिर न्यास दुकानों के किरायों से लगभग 40 लाख तथा मंदिर न्यास की जमा राशी के ब्याज से पांच करोड़ मंदिर की दुकान से कुल आमदन 2,62.50.500 करोड़ रुपए तथा विदेशों की करंसी तथा ड्राफ्ट से दो करोड़ 40 लाख का अनुमान रखा गया है। वर्ष 2024-25 में मंदिर न्यास प्रशासनिक कार्यों पर 5.50 करोड़ कर्मचारियों की सैलरी पर 8.28 करोड़ पुजारियों के शेयर पर तीन करोड़ नवरात्र के आवश्यक प्रबंधों पर डेढ़ करोड़ रखा गया है।

### 2024 में आठ करोड़ छह लाख होंगे खर्च

मंदिर अध्यक्ष ने बताया कि वर्ष 2024 में न्यास को कुल आमदन 34 करोड़ 26 लाख अनुमानित है, जबकि न्यास वर्ष 2024 में 32 करोड़ 91 लाख खर्च करेगा। बैठक में बताया गया कि वर्तमान में न्यास के कार्य चले हैं तथा नए कार्यों पर न्यास 2024 में आठ करोड़ छह लाख खर्च करेगा। विकास कार्यों की चर्चा करते हुए न्यास अध्यक्ष ने बताया कि वर्ष 2024 में न्यास श्मशानघाट से मुख्य बाजार की सड़क पर तथा पुलिस चौकी नयना देवी से कपाली कुंड आदि अन्य कार्यों पर विशेष ध्यान देगा।

## 19.75 ग्राम अफीम बरामद

**बिलासपुर।** पुलिस थाना बरमाणा के तहत गश्त के दौरान पुलिस ने एक व्यक्ति को 19.75 ग्राम अफीम के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार पुलिस चौकी खारसी की एक टीम क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान एक व्यक्ति खारसी से लाड़ाघाट की ओर पैदल जा रहा था। पुलिस ने उसे पूछताछ के लिए रोका।

**मामले की पुष्टि डीएसपी मुख्यालय मदन धीमान ने की**

पुलिस को देखकर वह घबरा गया। शक होने पर पुलिस ने उस व्यक्ति की तलाशी ली और उसके कब्जे से 19.75 ग्राम अफीम बरामद की। आरोपी की पहचान मस्त राम निवासी गांव भोजपुर डाकघर सुई सुरहाड़ तहसील सदर जिला बिलासपुर के रूप में हुई है। मामले की पुष्टि डीएसपी मुख्यालय मदन धीमान ने की है।

## एक लैब में संचालित की जा रही जिले के दूसरे बड़े अस्पताल की लैब

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**

जिले का दूसरा बड़ा अस्पताल सिविल अस्पताल घुमारवीं की रक्त जांच लैब जहां एक तरफ कर्मचारियों की कमी से जूझ रही है। वहीं, दूसरी तरफ रोजाना पांच सौ की ओपीडी वाले अस्पताल की इस लैब को एकमात्र कमरे में संचालित किया जा रहा है, जो पूरा मशीनों से भरा हुआ है। हालत इतनी खराब है कि मरीजों की लंबी कतारें बाहर लगी रहती हैं तथा कर्मचारियों को बाहर लोगों की भारी भीड़ में आकर लोगों के सैंपल लेने में दिक्कतें उठानी पड़ती हैं।

लैब में टेक्नीशियन की कमी के चलते रोगियों के सैंपल लेने के साथ ही बायोकेमेस्ट्री टेस्ट और लैब के अन्य कार्यों को भी सुचारु रूप से चलने में कठिनाइयां पेश आ रही हैं, इस अस्पताल को वर्ष 2019 में तत्कालीन भाजपा सरकार द्वारा 50 से 100 बिस्तर के रूप में स्तरोन्नत तो कर दिया गया था, परंतु पांच साल बीत जाने के बाद भी अस्पताल में स्थापित लैब में टेक्नीशियन सहित अन्य कर्मचारियों की तैनाती नहीं हो पाई है। घुमारवीं, अस्पताल में प्रतिदिन 500 के करीब ओपीडी दर्ज की जाती है, जिसमें स्त्री रोग, शिशु रोग, शल्य चिकित्सा, हड्डी रोग सहित अन्य सभी चिकित्सकों द्वारा रोजाना अस्पताल आने वाले मरीजों की खून की जांच लिखी जाती है।

घुमारवीं अस्पताल में रोजाना करीब 1500 के करीब लैब टेस्ट किए जाते हैं, लेकिन उनके लिए मात्र चार कर्मचारी ही अस्पताल की लैब में मौजूद हैं, जिनमें से एक कर्मचारी मरीजों के सैंपल लेने में व्यस्त रहता है।

एक कर्मचारी तैनाती मरीजों की जांच की रजिस्ट्रेशन करवाने में लगाई गई है, इसके अलावा दो अन्य तकनीशियन में से एक सैंपल को मशीन में एकत्रित करने में व्यस्त रहता ह, जबकि एकमात्र तकनीशियन ही रोजाना इन हजारों टेस्टों को करने में नाकाफी साबित हो रहा है। (अनंत ज्ञान)


सिविल अस्पताल घुमारवीं की रक्त जांच लैब में मरीजों के रक्त की जांच करते हुए।

> अस्पताल को स्तरोन्नत किया गया है, लेकिन कर्मचारियों के पद सृजित नहीं किए गए हैं, जिसकी वजह से लैब में मुश्किलें आ रही हैं। इसके लिए उच्च अधिकारियों को जल्द अवगत करवाया जाएगा, जबकि लैब को उसके साथ बने एक अन्य कमरे से अटैच किया जाना है, जिसके कार्य के लिए लोक निर्माण विभाग को दो लाख रुपए जमा करवाए गए हैं, लेकिन विभाग की तरफ से काम शुरू नहीं किया जा रहा है। प्रशासन की तरफ से विभाग को पत्र लिखा गया है, ताकि जल्द लैब का स्पेस बढ़ाया जा सके।
> **आशुतोष शर्मा, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी, घुमारवीं।**

## रुक्मणी कुंड से औहर को दी जा रही पानी की सप्लाई हो बंद

**अनंत ज्ञान, झंडूता**

जांगला पंचायत की बैठक प्रधान सरला देवी की अध्यक्षता में हुई। इसमें सभी सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में रुक्मणी कुंड से औहर के लिए दी जा रही पानी की सप्लाई को रोकने का प्रस्ताव डाला गया।

प्रतिलिपि एडीसी और अधिशाषी अभियंता जल शक्ति मंडल झंडूता को पंचायत प्रतिनिधियों ने सौंपी। प्रधान सरला देवी ने बताया कि पंचायत बैठक में प्रस्ताव रखा गया कि जांगला पंचायत के अंतर्गत आने वाले ऐतिहासिक स्थल रुक्मणी कुंड से घुमारवीं के क्षेत्र औहर को नई पानी की सप्लाई का कार्य चल रहा है उसे तुरंत प्रभाव से रोकने के लिए उपायुक्त को अवगत करवाया जाए। एडीसी को ज्ञापन देकर अवगत करवाया गया कि रुक्मणी कुंड क्षेत्र जांगला पंचायत के अंतर्गत है, जो झंडूता चुनाव क्षेत्र में पड़ता है और जल शक्ति मंडल झंडूता के अंतर्गत आता है, जब पंचायत ने इस कार्य के बारे में जल शक्ति मंडल झंडूता के अनुभाग के कनिष्ठ अभियंता से संपर्क किया, तो उन्होंने कहा कि वह यह कार्य नहीं करवा रहे हैं। छानबीन के बाद पता चला कि इस कार्य को जल शक्ति मंडल घुमारवीं करवा रहा है। पंचायत ने एडीसी को दिए ज्ञापन में कहा कि रुक्मणी कुंड से पहले ही पेयजल योजना लगभग 10 पंचायतों को दी जा रही है, जो पर्याप्त नहीं है। धार्मिक स्थल होने के कारण हजारों श्रद्धालु नहाने के लिए इस कुंड में आते हैं। गर्मी के मौसम में पानी की समस्या और बढ़ जाती है। इसलिए इस नई स्कीम को रोकने के आदेश पारित किए जाएं। अगर ऐसा नहीं हुआ, तो सभी दस पंचायतों के लोग धरना देने के लिए बाध्य होंगे।

- **धार्मिक स्थल होने के कारण हजारों श्रद्धालु इस कुंड में नहाने के लिए आते हैं**
- **एडीसी को ज्ञापन देकर अवगत करवाया गया कि रुक्मणी कुंड जांगला पंचायत के अंतर्गत है**

### राज्य स्तरीय लोक सांस्कृतिक उत्सव एवं प्रशिक्षण कार्यशाला 21 को

## 70 कलाकार लोक संस्कृति से नई पीढ़ी को करवाएंगे अवगत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

बिलासपुर जिले के बल्हसीणा में राज्य स्तरीय लोक सांस्कृतिक उत्सव एवं प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 21 फरवरी से 23 फरवरी तक किया जाएगा।

भाषा एवं संस्कृति विभाग के सहयोग से श्री नयना माता मंदिर सामाजिक सांस्कृतिक विकास समिति इसका आयोजन कर रही है। यह जानकारी देते हुए समिति के अध्यक्ष सतपाल शर्मा ने बताया कि गो सदन बल्हसीणा के हाल में यह आयोजन होगा। इस संदर्भ में एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें यह निर्णय लिया गया। इस प्रशिक्षण कार्यशाला में विभिन्न कलाकारों की ओर से अपनी लोक संस्कृति से नई पीढ़ी को अवगत करवाया जाएगा, वहीं अन्य राज्यों की लोक संस्कृति की जानकारी आम जनता को भी दी जाएगी।


विकास समिति के अध्यक्ष सतपाल शर्मा जानकारी देते हुए व साथ में हैं अन्य।

इस उत्सव में भाषा एवं संस्कृति विभाग की ओर से 70 कलाकार भाग लेंगे, जो कि जिला चंबा, मंडी, सोलन, शिमला और बिलासपुर से होंगे। बैठक में गो सदन बल्हसीणा के अध्यक्ष डॉक्टर विजय गुलेरिया व गोसदन गंडीर के उपाध्यक्ष देवानंद शर्मा पूर्व जिला परिषद के सदस्य तथा अन्य पदाधिकारियों ने भाग लिया।

## सड़क सुरक्षा के प्रति आरटीओ ने किया जागरूक

**घुमारवीं।** सड़क सुरक्षा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय द्वारा राजकीय कन्या विद्यालय बिलासपुर, वाहनों की पासिंग के दौरान एमवीआई कार्यालय बिलासपुर, नेहरू युवा केंद्र कार्यालय में स्थानीय जनता को जागरूक किया।

आरटीओ बिलासपुर राजेश कुमार कौशल ने बताया कि आए दिन सड़क दुर्घटना लोगों के लिए एक मुख्य समस्या बन गई है। इसके पीछे वाहन चालक की गलती, साइन बोर्ड का सही जगह पर न होना, नींद, थकान या नशे की हालत में वाहन चलाना, वाहन चलाते समय मोबाइल का इस्तेमाल करना, गलत लेन गाड़ी चलाना, ट्रैफिक नियमों का पालन न करना सहित कई कारण हो सकते हैं। सड़क दुर्घटना के बाद एक घंटे का गोल्डन समय होता है। इसमें घायल व्यक्ति को नजदीकी अस्पताल पहुंचाकर उसकी जान बचाई जा सकती है।

## वाहनों की भीड़ में सिकुड़ता जा रहा घुमारवीं बस अड्डा


घुमारवीं बस अड्डा।

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

हिमाचल पथ परिवहन निगम के घुमारवीं बस स्टैंड पर कभी-कभी जाम की स्थिति बन जाती है, इससे बसों में सफर करने वाले यात्रियों सहित चालकों को परेशानी झेलनी पड़ती हैं। आलम यह है कि साल दर साल वाहनों की बढ़ती संख्या के हिसाब से शहर का बस अड्डा सिकुड़ता जा रहा है।

घुमारवीं शहर का बस अड्डा वाहनों की बढ़ती संख्या के मुताबिक बेहद छोटा पड़ गया है। जानकारी के मुताबिक घुमारवीं बस स्टैंड पर प्रतिदिन सैकड़ों बसों की आवाजाही होती है। लौंग रूट से लेकर लोकल रूट पर चलने वाली निगम सहित निजी बसें यहां से होकर गुजरती हैं, लेकिन सबसे बड़ी समस्या यहां बसों की पार्किंग और बसों को मोड़ने को लेकर होती है। बस मोड़ने के लिए ही कई मिनट चालकों को लग रहे हैं। बता दें कि बस स्टैंड में बनी वर्कशॉप को अबढानी घाट के पास शिफ्ट कर बस स्टैंड के विस्तार की योजना शुरू की थी, लेकिन वन संरक्षण अधिनियम के तहत मंजूरी न मिल पाने के कारण बात आगे ही नहीं बढ़ पाई। वहीं, बस अड्डा प्रभारी धर्म दत्त ने बताया कि बस स्टैंड के अंदर जाम लगने की बात है, तो आने वाले कुछ दिनों में काउंटर रोड का निर्माण किया जा रहा है। बसों के आने और जाने का रास्ता अलग-अलग होगा, जिस वजह से बार-बार लगने वाले जाम से भी छुटकारा मिल जाएगा।

### आयोजन | जिला मुख्यालय के बचत भवन में जिला स्तरीय बैंकर्स समीक्षा समिति की बैठक आयोजित

## बैंकों ने किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत वृद्धि दर्ज की

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

जिला मुख्यालय के बचत भवन में मंगलवार को वर्ष 2023-24 की वार्षिक ऋण योजना के अंतर्गत दिसंबर 2023 तक के परिणामों तथा उपलब्धियों की समीक्षा हेतु जिला स्तरीय सलाहकार एवं समन्वय समिति तथा जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त बिलासपुर डॉ. निधि पटेल ने की। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि बैंक सरकारी योजनाओं के अंतर्गत प्रायोजित ऋण प्रस्तावों में शामिल योजनाओं का निपटारा जल्द सुनिश्चित बनाएं, जिनमें मुख्य रुप से मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना, ग्रामीण आजीविका मिशन, शहरी आजीविका मिशन, पीएम स्वनिधि योजनाओं से पात्र लोगों को अधिक से अधिक लाभान्वित करवाएं। इस बैठक में अग्रणी जिला प्रबंधक बिलासपुर में कार्यरत सभी बैंकों की ओर से क्रियान्वित की जा रही सरकार की गरीबी उन्मूलन योजनाओं के अंतर्गत हुई प्रगति तथा वार्षिक ऋण योजना 2023-24 के अंतर्गत दिसंबर 2023 तक के लक्ष्यों तथा उपलब्धियों की समीक्षा की गई। अग्रणी जिला प्रबंधक बिलासपुर अशोक कुमार गुप्ता ने बताया कि जिला बिलासपुर के ऋएर वितरण में बैंकों का वार्षिक ऋण योजना 2023-24 में दिसंबर 2023 व 01.04.2023 से 31.12.2023 तक का लक्ष्य 1068.72 करोड़ रुपए था, जिसे छमाही के अंत तक बैंकों ने 1171.46 करोड़ रुपए के ऋण वितरण करके 109.61 प्रतिशत की दर से अपने लक्ष्यों की प्राप्ति की है, जिसमें प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र में बैंकों ने 84.14 प्रतिशत की दर से तथा गैर प्राथमिकता क्षेत्र में 356.68 प्रतिशत की दर से लक्ष्यों की प्राप्ति की है।


जिला स्तरीय बैंकर्स समीक्षा समिति की बैठक की अध्यक्षता करती एडीसी।

### प्राथमिक क्षेत्र में 64.72 करोड़ के ऋण वितरित किए

कृषि क्षेत्र में 335.10 करोड़ रुपए, सूक्ष्म मध्यम व लघु उद्यमों में 415.35 करोड़ रुपए तथा अन्य प्राथमिक क्षेत्र में 64.72 करोड़ रुपए के ऋण वितरित किए हैं। बैंकों ने किसान क्रेडिट कार्ड योजना के अंतर्गत लगातार वृद्धि दर्ज की है तथा वित्तीय वर्ष 2023.24 में दिसंबर 2023 के अंत तक कुल 17771 किसान क्रेडिट कार्ड जारी किए हैं। उन्होने बैंकों से आशा जताई कि वे जिले के आर्थिक विकास में अपने दायित्वों को समझते हुए ज्यादा से ज्यादा ऋण प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को देंगे व लोगों के आर्थिक स्तर को ऊंचा उठाने में सहयोग करेंगे।

## तीन वर्गों में बाल कविताओं में विषयक चित्रों का विशेष महत्व

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

कल्याण कला मंच बिलासपुर की नियमित मासिक गोष्ठी बारिश के बावजूद बामटा पंचायत के बध्यात गांव के साकेत होम स्टे के सभागार में संपन्न हुई। प्रधान सुरेंद्र मिन्हास की अध्यक्षता में हुई प्रथम सत्र की बाल कविता लेखन कार्यशाला में जिला भर से पच्चीस से अधिक कला कलमकारों ने भाग लिया।

इस विषय पर सुंदर नगर से विशेष आमंत्रित ख्यातिप्राप्त बाल साहित्यकार पवन चौहान ने इस विषय पर टिप्स और नियम सांझा किए। अपने संबोधन में पवन चौहान ने कहा कि तीन वर्गों में बाल कविताओं में विषयक चित्रों का विशेष महत्व होता है। ऐसी कविताओं को बालक अत्यंत पसंद करते हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप जलाकर हुआ। तृप्ता कौर मुसाफिर के मंच संचालन में जीत राम सुमन ने सरस्वती वंदना और जगदीश सहोता ने मंगल ध्वनि प्रस्तुत की। मंच प्रधान ने अतिथियों और मंच के सदस्यों का स्वागत किया और कार्यशाला का उद्देश्य प्रस्तुत किया। अमरनाथ धीमान ने मंच की गतिविधियों का विवरण पेश किया। गत माह देश भर में संसार छोड़ चुके कलाकारों और कलमकारों को श्रद्धांजली अर्पित की। मंच की आजीवन सदस्य ललिता कश्यप को दुबई में ग्लोबल सहोदरी सम्मान मिलने पर बधाई भी दी। कार्यशाला में रेखा चंदेल, बीना वर्धन, डॉ. जय महलवाल, विजय कुमारी सहगल, पूनम शर्मा, मनीष, ज्योति सहित कलाकर उपस्थित रहे।



कल्याण कला मंच की कार्यशाला संपन्न होने पर मौजूद लोग।

## न्यूज ब्रीफ

### उपायुक्त ने की कैंसर पीड़ित अनिल की मदद



कैंसर से पीड़ित अनिल की मदद करते रेड क्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष एवं उपायुक्त।

**ऊना।** रेड क्रॉस सोसायटी हमेशा गरीब व असहाय व्यक्तियों की सहायता के लिए तत्पर रहती है। जिला रेड क्रॉस सोसायटी ऊना द्वारा कैंसर की बीमारी से पीड़ित से एक व्यक्ति को आर्थिक सहायता प्रदान की गई। जिला रेड क्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष एवं उपायुक्त के ध्यान में जैसे ही हरोली के पंजावर से कैंसर से ग्रसित अनिल कुमार पुत्र सतपाल का मामला ध्यान में आया। उन्होंने इस मामले में तुरंत प्राथमिकता के आधार कार्रवाई करते हुए एसडीएम हरोली को मामले की पूरी जानकारी दी और तुरंत पीड़ित परिवार को सहायता देने के आदेश दिए। एसडीएम हरोली ने पीड़ित के परिवार के घर जाकर उनकी मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना और रेड क्रॉस सोसाइटी के माध्यम से पीड़ित को तुरंत पांच हज़ार की आर्थिक सहायता व अल्फा बेड प्रदान किया। उपायुक्त ने आमजन से भी आग्रह किया है कि वे जरूरत मंद लोगों की सहायता के लिए रेड क्रॉस सोसायटी से जुड़े, ताकि अधिक से अधिक लोगों की सहायता की जा सके।


### विशेष लाइफ स्किल एजुकेशन सत्र आयोजित



नशा मुक्त ऊना अभियान के दौरान जागरूकता रैली निकालते स्कूली बच्चे।

**ऊना।** जीवन कौशल में इजाफा होने से स्टूडेंट्स को नशे की चपेट में अग्रसर होने से बचाया जा सकता है। इसी दिशा में नशा मुक्त ऊना अभियान कारगर भूमिका निभा रहा है। जिला प्रशासन के तत्वावधान में स्कूल इंटरवेंशन कार्यक्रम के उत्साहवर्धक परिणाम सामने आ रहे हैं। नशा मुक्त ऊना अभियान के तहत चरणबद्ध तरीके से स्कूलों में सेशन अयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में हरोली ब्लॉक के गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल हरोली में विशेष लाइफ स्किल एजुकेशन सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने नशों पर आधारित अपने अनुभव साझा किए। इसक अतिरिक्त बच्चों के साथ किए गए संवाद में पाठशाला के अंदर किए जा रहे नवचेतना माड्यूल के ऊपर चर्चा की गई, जिसमें बच्चों ने बताया कि उन्हें स्कूल में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी जा रही है। नशामुक्त ऊना अभियान में गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल के मेंटर टीचर बलदेव राणा ने बताया कि स्टूडेंट्स के साथ इस जीवन कौशल के विभिन्न मुद्दों पर सेशन आयोजित किए जा रहे हैं। स्कूल के रविंद्र कुमार ने इस कार्यक्रम के क्रियान्वयन के लिए जिला प्रशासन का धन्यवाद किया तथा नशे के प्रति युवाओं को जागरूक करने पर बहुत जोर दिया। उन्होंने पीयर इनफ्लूंस जैसे जरुरी विषयों पर भी चर्चा करने की बात कही।

### रोहित कुमार लट्ठ ने जताया आभार



**ऊना।** रोहित कुमार लट्ठ को इंडियन ओवरसीज कांग्रेस का प्रेसिडेंट हिमाचल बनाने पर कई लोगों ने कांग्रेस आला कमान का आभार जताया है। दीपक लट्ठ, आरके लट्ठ, संजय शर्मा, अमित, जसबीर समेत कई लोगों ने इस नियुक्ति के लिए राज्य के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, रघुवीर सिंह बाली अध्यक्ष हिमाचल टूरिज़्म कैबिनेट रैंक एवं सचिव अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी, सैम पित्रोदा चेयरमैन इंडियन ओवरसीज कांग्रेस, जगदीप सांचा अध्यक्ष इंडियन ओवरसीज कनाडा का विशेष रूप से धन्यवाद किया है। इन लोगों का कहना है कि इस नियुक्ति से कांग्रेस को और मजबूती मिलेगी।

### भर्ती में 1211 युवाओं ने किया मानदंडों को पूरा



**ऊना।** जिला में वन मित्रों की भर्ती प्रक्रिया के तहत मंगलवार को 1211 युवाओं ने दौड़ और शारीरिक दक्षता के मानदंडों को पूरा किया है। वन मंडलाधिकारी सुशील राणा ने बताया कि ऊना वनमंडल के तहत 66 वीटों के तहत 66 वन मित्रों को भर्ती की जा रही है। उन्होंने बताया कि दो हज़ार 389 योग्य अभ्यर्थी वन मित्र भर्ती प्रक्रिया में भाग लेने के पात्र थे। सुशील राणा ने बताया कि वन मित्र भर्ती के लिए जिला में दो स्थानों को चयनित किया गया था। दोनों स्थानों पर कुल 1708 अभ्यर्थी ही पहुंचे। इसमें 1211 अभ्यर्थियों ने शारीरिक दक्षता के मानदंडों को पूरा किया। इसमें ऊना साइट पर 945 में से 693 और बेहड़ जसवा में 763 से 518 ने आगे की प्रक्रिया के लिए क्वालीफाई किया। काफी संख्या में लड़कियों ने भी इस प्रक्रिया में हिस्सा लिया। लड़कों के लिए 5000 मीटर, जबकि लड़कियों के लिए 1500 मीटर दौड़ निर्धारित की गई थी।

### राणा ने भनोट के निधन पर शोक जताया



**ऊना।** सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र से विधायक एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेंद्र राणा ने पूर्व कर्मचारी नेता हरिओम भनोट के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। राजेंद्र राणा मंगलवार को शोक व्यक्त करने ऊना स्थित उनके आवास पर पहुंचे और परिवारिक सदस्यों को ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा कि हरिओम भनोट एक जुझारु कर्मचारी नेता थे। जिन्होंने करीब तीन दशक तक प्रदेश की कर्मचारी राजनीति में अहम भूमिका अदा की। उन्होंने प्रदेश के स्व. हरिओम भनोट ने कर्मचारियों के हितों के लिए हमेशा आवाज बुलंद की। वहीं राजनीति में पर्दापण के उपरांत भी उन्होंने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका प्रदेश में अदा की। उन्होंने कहा कि उनके जीवन से काफी कुछ सीखने को मिला है। उन्होंने स्व. हरिओम भनोट को श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं उनके पुत्र राजीव भनोट को भी हौसला दिया।

# सोहरी पीएचसी में सुविधाओं के साथ दर्जा बढ़ाने की उठाई मांग

**लबिश शर्मा, जोल**

**क्षेत्र** के सोहरी स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में सुविधाओं का अभाव लोगों को चुभन दे रहा है। दूर-दूर तक कोई बड़ा अस्पताल न होने से लोग इस अस्पताल से स्वास्थ्य सेवा लेने को मजबूर हैं। हालत ऐसे हैं कि एक चिकित्सक और एक फार्मासिस्ट के सहारे इस केंद्र को घसीटा जा रहा है। इस संबंध में अनंत ज्ञान के स्थानीय प्रतिनिधि ने कई लोगों से बात की है।

#### पीएचसी में स्वास्थ्य सुविधाएं नाममात्र



**शिव** कुमार शर्मा का कहना है कि इस पीएचसी में स्वास्थ्य सुविधाएं नाममात्र हैं। सरकार को चाहिए कि दिल्ली में मोहल्ला क्लिनिक की तर्ज पर यहां भी बेहतर स्वास्थ्य सेवा शुरू की जाए।

#### एक डॉक्टर व फार्मासिस्ट से कितना भला होगा



**गोल्डी** दयाल का कहना है कि एक चिकित्सक और एक फार्मासिस्ट के सहारे लोगों का कितना भला हो सकता है। दूरवर्ती क्षेत्र में रात्रि को भी चिकित्सक की सेवा होनी चाहिए। इससे कुछ हद तक लोगों को लाभ हो सकता है।

#### जो सुविधाएं होनी चाहिए वे नहीं मिल रही



रविंद्र कुमार का कहना है कि अस्पताल पीएचसी है, लेकिन इसका स्तर वैसा नहीं है। पीएचसी में भी जो सुविधाएं होनी चाहिए इसमें कुछ ऐसा नहीं है। स्थानीय जनप्रतिनिधि को इस मामले को उचित मंच पर रखना चाहिए।

#### अर्से से पीएचसी पर अटका है अस्पताल



शिंदी घराना का कहना है कि क्षेत्र में यह अस्पताल अरसे से पीएचसी पर अटका हुआ है। सुविधाओं को बढ़ाने के लिए इस अस्पताल का दर्जा भी बढ़ाकर सीएचसी किया जाना चाहिए। इससे यहां चिकित्सकों की संख्या बढ़ी तो पैरामेडिकल स्टाफ भी बढ़ेगा।

#### रात के समय प्रसूति सुविधा नहीं



हिमांशु परमार का कहना है कि रात्रि के समय यहां प्रसूति और अन्य स्वास्थ्य सुविधा नहीं है। कई पीएचसी के स्तर ऐसे हैं जहां विशेषज्ञ चिकित्सक भी सेवा देते हैं। सरकार को इस अस्पताल में सुविधाओं का विस्तार करना चाहिए।

# 'मेरी झोपड़ी के भाग आज खुल जाएंगे राम...' पर झूमा पंडाल

**भजन गायिका अलका गोयल के भजनों ने मोहा सबका मन ▸ बाबा बाल आश्रम कोटला कलां में वार्षिक धार्मिक महोत्सव के छठे दिन महौल हुआ भक्तिमय**

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

भजन गायक अलका गोयल ने जैसे ही पंडाल में मेरी झोंपड़ी के भाग आज खुल जाएंगे राम आएंगे प्रस्तुत किया पूरा पंडाल उठकर नाचने लगा। क्या छोटा क्या बड़ा सभी मंत्रमुग्ध थे। इसके बाद भजनों का सिलसिला शुरू हुआ को देर शाम तक भी नहीं थमा।


बाबा बाल जी आश्रम कोटला कलां में मंगलवार को धार्मिक महोत्सव के छठे दिन भजन गायक अलका गोयल की सुरीली आवाज के श्रद्धालु दीवाने हो गए। पूरा माहौल भक्तिमय बना हुआ था। पंडाल में उपस्थित हजारों की संख्या में श्रद्धालु एक ले बाद एक मधुर संगीत के साथ प्रस्तुत भजनों से खुद को थिरकने से नहीं रोक पाए। अलका गोयल और उनके साथियों ने बाद दोपहर मंच संभाला फिर धार्मिक भजनों की बरसात होने लगी। इससे पहले राष्ट्रीय संत बाबा बाल जी ने भी भगवान की महिमा का गुणगान किया। हजारों लोगों ने बाबा बाल जी महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया और इस धार्मिक महाकुंभ में हाजरी लगाई।

बाबा बाल आश्रम में वृंदावन के कलाकारों की ओर से रासलीला का मंचन भी किया जा रहा है। रासलीला में राधा कृष्ण के कई प्रसंगों का चित्रण मंच से कलाकार ऐसे कर रहे हैं मानों स्वयं भगवान कृष्ण इनपर अपनी कृपा बरसा रहे हों। श्रद्धालु सुबह से ही राधा कृष्ण मंदिर पहुंचना शुरू हो गए और श्रमदान के साथ, उन्होंने रासलीला का भी आनंद प्राप्त किया। इस आश्रम में भगवत कथा बुधवार से प्रारंभ हो रही है और वृंदावन से पहुंचे कथा व्यास ठाकुर कृष्ण चंद शास्त्री इसका वाचन करेंगे।





बाबा बाल जी आश्रम कोटला कलां में मंगलवार को धार्मिक महोत्सव के छठे दिन भजन गायक अलका गोयल के भजनों पर झूमता पंडाल।



बाबा बाल आश्रम में रासलीला का मंचन करते कलाकार

### सैर कर रही महिला को पिकअप ने मारी टक्कर

**ऊना।** गगरेट में सैर कर रही एक महिला को एक पिकअप ने टक्कर मार दी। पुलिस की जानकारी के अनुसार महिला ने अपना नाम गगरेट के वार्ड नंबर 5 की इंदु बाला पत्नी मेघनाथ बताया है। इंदु बाला का आरोप है कि जिस समय वह सैर कर रही थी, तब ट्रक यूनियन के पास एक पिकअप बहुत तेज रफ्तार से आई। उसने इंदु बाला को साइड मारी, जिससे वह गिरकर घायल हो गई। गिरने के कारण वह पिकअप का नंबर नोट नहीं कर पाई। गगरेट पुलिस ने महिला की शिकायत पर अज्ञात पिकअप चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर उसकी तालाश शुरू कर दी है।

### ऊना पुलिस ने 130 वाहनों के चालान कटे

**ऊना।** ऊना पुलिस ने जिले की विभिन्न जगहों पर यातायात के नियम तोड़ने वाले 130 लोगों के चालान किए हैं। इसके अलावा खुले में धुम्रपान करने वाले दो व्यक्तियों को भी पुलिस ने 200 रुपए जुर्माना लगाया है।

### लोस चुनाव में आईटी सेवा के लिए निविदाएं मांगी

**बंगाणा।** लोकसभा आम चुनाव के सुचारू संचालन हेतु आईटी सेवा प्रदान करने के लिए 19 फरवरी तक निविदा आमंत्रित की गई हैं। मंगलवार को यहां इस संबंध में जानकारी देते हुए निर्वाचन रजिस्ट्रिकरण अधिकारी एवं एसडीएम बंगाणा मनोज कुमार ने बताया कि आमंत्रित की गई निविदाओं में सीसीटीवी/एचडी कैमरा चार मैगा पिक्सल/पांच एमपी आईआर/नाइट विज़न, एनवीवार/डीवीआर आठ पोर्ट, हार्ड डिस्क ड्राइव चार टीबी, पीओई स्विच आठ पोर्ट, इन्वर्टर 1050 वीए, वॉयस लॉगर, ऑल इन वन कंप्यूटर वेव कैम के सहित, एलईडी टीवी 32 इंच, 42 इंच व 50 इंच, प्रोजैक्टर स्क्रिन सहित, मॉनिटर टीएफटी 17 इंच, कैट-6 केवल, एचडीएमआई केवल तीन व पांच मीटर, पॉवर केवल, सिगल केवल, वायरड माउस, बीएनसी माउस, डीसी पिन, आरजे 45 कंडक्टर, एक्टेंशन बोर्ड तीन व पांच पोर्ट पॉवर शोक्ट, सीसीटीवी कैमरे और इंवर्टर रखरखाव शुल्क, एंटी वायरस, टोनर कार्ट्रीज, टोन रिफिल, प्रिंटर ड्रम, फ्यूज़र असेंबली, मैगनेट रोड चेंजिग, चार जीबी रैम, कंप्यूटर स्पिकर, एक्सटेंशन बोर्ड, कीबोर्ड, विंडो इंस्टालेशन, डी लिंक्स रूटर, 16 एएमपी थ्री पिन टॉप, छह एएमपी थ्री पिन टॉप, इन्वर्टर, 1.5 एमएम वायर, पॉवर सेस, स्विच छह एएमपी, सोक्ट छह एएमपी, नौ वाई चार पीवीसी बॉक्स, आठ वाई 10 पीवीसी बॉक्स, 10 वाई पांच शीट, नौ वाई 11 शीट, नौ वॉट एलईडी बल्ब, 30 वॉट एलईडी बल्ब, बेड स्विच, टेप रोल, हिटर रोड, पेडेंट होल्डर, इंडिकेटर, होल्डर, पी.गैंग बॉक्स की सामग्री शामिल है। उन्होंने बताया कि इच्छुक व्यक्ति निविदाएं सील बंद लिफाफे में सोमवार 19 फरवरी तक सायं तीन बजे एसडीएम कार्यालय बंगाणा में जमा करवा सकते हैं तथा प्राप्त निविदाएं उसी दिन सायं तीन बजे के बाद खोली जाएंगी।

### शिवसेना बाल ठाकरे करेगी कारसेवकों को सम्मानित

**ऊना।** शिव सेना (बाल ठाकरे) हिमाचल प्रदेश इकाई अयोध्या में राम मंदिर कारसेवकों को सम्मानित करने जा रही है। जानकारी देते हुए शिव सेना के प्रांतीय प्रवक्ता राजीव मनन ने बताया कि पार्टी ने प्रांतीय अध्यक्ष के दिशा निर्देश पर बाबरी विध्वंस और अयोध्या कारसेवा में शामिल लोगों या उनके परिवारों को सम्मानित करने का निर्णय लिया है। शिव सेना बाल ठाकरे के प्रदेश प्रवक्ता राजीव मनन ने मंगलवार को यहां जानकारी देते हुए कहा कि शिवसेना के प्रदेश अध्यक्ष एस डी वशिष्ठ के दिशानिर्देश अनुसार श्री अयोध्या में कारसेवा करने वाले कारसेवकों को सम्मानित करने की घोषणा को अमल में लाने के लिए प्रक्रिया शुरू की गई है। इसके तहत जिन्होंने राम जन्म भूमि में उस समय कारसेवा की थी उनको ऊना में होने वाले राज्य स्तरीय कार्यक्रम में आमंत्रित किया जा रहा है।

**प्रतिबंधित दवा तस्करी प्रकरण**

## गगरेट का मेडिकल स्टोर मालिक आया एसआईटी के रडार पर

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

**गगरेट** के बहुचर्चित प्रतिबंधित दवा तस्करी प्रकरण में नया मोड़ आया है। अब गगरेट क्षेत्र का एक मेडिकल स्टोर संचालक स्टेट सीआईडी की एसआईटी की राडार पर आ गया है। एसआईटी को शक है कि उक्त मेडिकल स्टोर संचालक के तार भी बहुचर्चित प्रतिबंधित दवा तस्करी प्रकरण के साथ जुड़े हैं।

मंगलवार को एसआईटी ने उक्त मेडिकल स्टोर पर भी दबिश देकर रिकार्ड खंगाला। माना जा रहा है कि एसआईटी की कार्रवाई की गाज उक्त मेडिकल स्टोर संचालक पर भी गिर सकती है। बहुचर्चित प्रतिबंधित दवा तस्करी प्रकरण में पहले ही प्रतिबंधित दवा तस्करी मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत गगरेट पुलिस थाना में मामला दर्ज है और उक्त मामला पहले ही न्यायालय में विचाराधीन है।

हालांकि अब एएनटीएफ द्वारा गगरेट में पकड़े गए प्रदेश के सबसे बड़े प्रतिबंधित दवा तस्करी मामले में अब तक मेडिकल स्टोर संचालक का नाम उजागर नहीं हुआ था, लेकिन एसआईटी के पास पर्याप्त सबूत हैं, जिसके चलते एसआईटी भी मान रही है कि संचालक का भी प्रतिबंधित दवा तस्करी प्रकरण के साथ संबंध है। इसी के चलते मंगलवार को एसआईटी उक्त मेडिकल स्टोर पर पहुंची और अपनी जांच शुरू कर दी है। प्रतिबंधित दवा तस्करी प्रकरण में गगरेट के पार्षद सहित पहले ही छह लोग जेल में हैं। मंगलवार को एसआईटी की टीम उक्त मेडिकल स्टोर के अब तक के स्टाक के बिल खंगालती रही। हालांकि एसआईटी अभी तक इस मामले के संबंध में कुछ भी बताने को तैयार नहीं है। स्टेट सीआईडी के एक अधिकारी ने बताया कि प्रतिबंधित दवा प्रकरण के सिलसिले में ही मेडिकल स्टोर पर जांच की जा रही है। जांच में क्या हुआ यह बताने में उन्होंने असमर्थता जाहिर की।

**बीडीसी के तीसरे वर्ष की उपलब्धियां**

## शेष कार्यकाल में भी क्षेत्र की सेवा के लिए करता रहूंगा प्रयास : जोगिंद्र देव आर्य

**बंगाणा।** पंचायत चुनाव को हुए तीन वर्ष का समय हो गया है। यह तीसरा वर्ष का कार्यकाल बीडीसी लठियाणी का उपलब्ध्यिों भरा ही रहा है। बीडीसी सदस्य जोगिंद्र देव आर्य ने बताया कि उन्होंने तीसरे वर्ष में भी अनेक जनहित की समस्याएं प्रशासन के समक्ष और मुख्यमंत्री और स्थानीय विधायक के समक्ष उठाई गईं, वहीं प्रदेश की अनेक योजनाओं का लाभ जनता को दिलवाने का प्रयास किया। पहले वर्ष के कार्यकाल में पंचायत समिति सदस्य जोगिंद्र देव आर्य ने श्रमिकों और किसानों हेतु जागरूकता शिविरों का आयोजन, पंचायत तनोह के पूर्व वार्ड सदस्यों को सम्मान देने हेतु उनके नामों को अंकित करने हेतु बोर्ड का निर्माण, गोबिंद सागर झील लठियाणी के तट पर नल का प्रावधान, पंचायत समिति के तहत चार स्वयं सहायता समूह का गठन करवाने में सहयोग, कोरोना काल में मनरेगा के मजदूरों को रोजगार उपलब्ध करवाने के लिए विकास कार्य स्वीकृति दिलाने में सहयोग, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लठियाणी में शौचालय के लिए तीन लाख रुपए स्वीकृत कराने समेत अन्य कार्यों का अंजाम दिया।

**कार्रवाई** | **गगरेट में पहले अल्टीमेटम फिर कार्रवाई, सड़कों को अतिक्रमण से किया जाएगा मुक्त**

## अतिक्रमणकारियों पर कसेगा शिकंजा : एसडीएम

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

**क्षेत्र** में अतिक्रमण करने वालों पर स्थानीय प्रशासन शिकंजा कसने जा रहा है। क्षेत्र के प्रमुख कस्बों में मुख्य मार्ग पर अतिक्रमण से पैदल चलने वालों को भी परेशानी झेलनी पड़ती है।

अतिक्रमण की जद में आने से संकरी गलियों में तबदील हो चुकी उपमंडल गगरेट के प्रमुख कस्बों की सड़कों को अतिक्रमण से मुक्ति दिलाने के लिए प्रशासन अब निर्णायक लड़ाई शुरू करेगा। इस समस्या को लेकर एसडीएम गगरेट शशि पाल शर्मा ने बैठक बुलाकर तमाम संबंधित विभागों को गगरेट व दौलतपुर चौक कस्बे को अतिक्रमण की समस्या से मुक्ति दिलाने के कड़े निर्देश दिए हैं। इसके लिए संबंधित विभागों की संयुक्त कमेटी का गठन किया गया है, जो कि आठ फरवरी को गगरेट कस्बे का निरीक्षण कर दुकानदारों को अतिक्रमण हटा लेने की अल्टीमेटम देगी।

इसके बाद भी अतिक्रमण न हटाने वाले दुकानदारों के आगे से प्रशासन स्वयं अतिक्रमण हटाएगा और सड़क तक फैलाकर रखा गया सामान भी जब्त किया जाएगा।

सामान्य दिनों व किसी वीआईपी के आगमन पर गगरेट कस्बे की सड़कों का नजारा कैसा होता है यह हर किसी ने देखा है। हाल ही में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू जब गगरेट क्षेत्र के दौरे पर आए थे तो अक्सर संकरी गलियों की तरह दिखने वाली गगरेट कस्बे की सड़कें भी चंडीगढ़ शहर की सड़कों की तरह चौड़ी नजर आने लगी, लेकिन उनके जाते ही व्यवस्था फिर से वैसी ही हो गई।

बताया जा रहा है कि यह मामला सत्तारूढ़ दल के समक्ष भी उठा। कुछ लोगों ने उपमंडल गगरेट के प्रमुख कस्बों को अतिक्रमण से मुक्ति दिलाने की मांग भी उठाई और उसके बाद एसडीएम शशि पाल शर्मा भी हरकत में आए। एसडीएम कार्यालय में इस मुद्दे को लेकर एक बैठक भी बुलाई गई। जिसमें नगर पंचायत गगरेट व दौलतपुर चौक के अधिकारी, पुलिस थाना गगरेट के अधिकारी, लोक निर्माण विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग विंग के साथ राजस्व विभाग के अधिकारियों ने शिरकत की।

एसडीएम शशि पाल शर्मा ने यातायात को सुचारू रखने के साथ राहगीरों की सहूलियत के लिए इन कस्बों की प्रमुख सड़कों से अतिक्रमण हटाने के कड़े निर्देश दिए। इसके साथ ही एक संयुक्त कमेटी का गठन किया गया है। जिसमें नगर पंचायत अधिकारी, पुलिस थाना गगरेट, लोक निर्माण विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग विंग व राजस्व विभाग के अधिकारियों को लिया गया है। यह कमेटी आठ फरवरी को गगरेट कस्बे का निरीक्षण करेगी और कस्बे की सलड़कों वपर अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों को तत्काल अतिक्रमण हटा लेने का अल्टीमेटम देगी। इसके बाद भी अगर सड़कों तक फैलाकर रखा गया सामान न हटाया गया तो दुकानदारों का सामान जब्त कर प्रशासन स्वयं अतिक्रमण हटाएगा।

**एचपीयू ने श्रीनगर विवि को दी पटकनी**
-- पढ़ें पेज 14

अनंत ज्ञान
क्लासीफाइड
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
98168-75517

**सूचना**

**मैं दीवान चंद** पुत्र छौयारू राम गांव बदोली तहसील व जिला ऊना, हिमाचल प्रदेश घोषणा करता हूं कि मेरी बेटी निकिता जो मेरे कहने से बाहर है उसे मैं अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। उससे कोई भी लेन-देन करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा।

# न्यूजीलैंड ने दक्षिण अफ्रीका पर 528 रन की बनाई बड़ी बढ़त

## विलियमसन दोनों पारियों में शतक जड़ने वाले न्यूजीलैंड के पांचवें बल्लेबाज

**एजेंसी, माउंट मोनगानुई (न्यूजीलैंड)**

**पूर्व** कप्तान केन विलियमसन की मैच में दूसरी शतकीय पारी से न्यूजीलैंड ने दो मैचों की शृंखला के शुरुआती टेस्ट के तीसरे दिन अपनी दूसरी पारी में दक्षिण अफ्रीका पर 528 रन की बड़ी बढ़त कायम कर ली है। दिन का खेल खत्म होते समय न्यूजीलैंड का स्कोर चार विकेट पर 179 रन था। डेरिल मिशेल (11) और टॉम ब्लंडेल (पांच) क्रीज पर मौजूद है। पहली पारी में दोहरा शतक जड़ने वाले रचिन रविंद्र इस पारी में महज 12 रन बना सके। इससे पहले पहली पारी में न्यूजीलैंड के 511 रन के जवाब में दक्षिण अफ्रीका की टीम महज 162 रन पर आउट हो गई। न्यूजीलैंड ने 349 रन की बढ़त के बाद भी दक्षिण अफ्रीका को फॉलोऑन नहीं कराया।

विलियमसन टेस्ट की दोनों पारियों में शतक जड़ने वाले न्यूजीलैंड के पांचवें बल्लेबाज हैं। उनसे पहले ग्लेन टर्नर, ज्योफ हॉवर्थ, एंड्रयू जोन्स और पीटर फुल्टन ने इस कारनामें को किया है। उन्होंने 132 गेंद की पारी में 12 चौके और एक छक्का की मदद से 109 रन बनाए। विलियमसन ने पहली पारी में 100 रन तक पहुंचने के लिए 241 गेंद लिए थे, लेकिन उन्होंने दूसरी पारी इसके लिए महज 125 गेंद लिए। टेस्ट क्रिकेट में यह उनका 31वां शतक है। वह नील ब्रांड की गेंद पर क्लाइड फोर्टुइन द्वारा स्टंप आउट हुए। अपने 97 टेस्ट में विलियमसन सिर्फ तीसरी बार इस तरह से आउट हुए हैं।



# ऑस्ट्रेलिया ने किया वेस्टइंडीज का सूपड़ा साफ

## वेस्टइंडीज 86 पर ऑलआउट बार्टलेट ने झटके 4 विकेट, सीरीज 3-0 से कंगारुओं के नाम

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को तीसरे वनडे में 8 विकेट से हरा दिया है। केनबेरा में पहले बैटिंग करते हुए वेस्टइंडीज टीम 86 रन ही बना सकी। ऑस्ट्रेलिया से जेवियर बार्टलेट ने 4 विकेट लिए। 87 रन का टारगेट होम टीम ने 6.5 ओवर में ही 2 विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया। जैक फ्रेजर मैगर्क ने 41 और जोश इंग्लिस ने 35 रन बनाए। तीसरे वनडे में जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया ने सीरीज भी 3-0 से अपने नाम कर ली।

### पावरप्ले के बाद लगी विकेट की झड़ी

**पहले** पावरप्ले में एक ही विकेट गंवाने के बाद वेस्टइंडीज की पारी बिखर गई। 11वें ओवर में कार्टी 10 रन बनाकर आउट हुए। उनके बाद कप्तान शाई होप 4, एलिक एथनाज 32, रोस्टन चेज 12, रोमारियो शेफर्ड 1 और अल्जारी जोसेफ 6 रन बनाकर आउट हो गए। टेडी बिशप, मैथ्यू फोर्ड, गुडाकेश मोटी और ओशन थोमस खाता भी नहीं खोल सके। टीम 24.1 ओवर में 86 रन ही बना सकी। ऑस्ट्रेलिया से जेवियर बार्टलेट को 4 विकेट मिले। लांस मौरिस और एडम जम्पा ने 2-2 विकेट निकाले, जबकि एक सफलता शॉन एबट को मिली। वहीं एक बैटर रन आउट भी हुआ।

### वेस्टइंडीज की शुरुआत ही खराब हुई

**कैनबरा** के मनुका ओवल मैदान पर ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। पहले बैटिंग करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत खराब रही। टीम ने 13 रन के स्कोर पर ही पहला विकेट गंवा दिया। योर्न ओटली 8 ही रन बनाकर जेवियर बार्टले का शिकार हुए। यहां से एलिक एथनाज ने कीसी कार्टी के साथ टीम को संभाला।

### ऑस्ट्रेलिया ने 7 ओवर में हासिल किया टारगेट

**87** रन का टारगेट ऑस्ट्रेलिया ने 2 विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया। ओपनर्स जैक फेजर-मैगर्क और जोश इंग्लिस ने टीम को तेज शुरुआत दिलाई। दोनों ने शुरुआती 4 ओवर में ही 59 रन जोड़ लिए। फेजर-मैगर्क 18 बॉल में 41 रन बनाकर आउट हुए।नंबर-3 पर उतरे आरोन हार्डी 2 ही रन बनाकर ओशेन थॉमस का शिकार हुए। उनके बाद कप्तान स्टीव स्मिथ ने इंग्लिस के साथ टीम को जीत दिला दी। इंग्लिस 35 और स्मिथ 6 रन के स्कोर पर नॉटआउट रहे। कंगारू टीम ने 6.5 ओवर में 87 रन बना लिए। वेस्टइंडीज से अल्जारी जोसेफ और ओशेन थॉमस ने एक-एक विकेट लिया।



# भारतीय बल्लेबाजों को करनी होगी काफी मेहनत : जहीर



**विशाखापत्तनम।** भारतीय टीम के पूर्व तेज गेंदबाज जहीर खान ने इंग्लैंड के खिलाफ मौजूदा टेस्ट शृंखला में भारत की लचर बल्लेबाजी की आलोचना करते हुए कहा कि यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल के व्यक्तिगत प्रदर्शन से टीम दूसरे टेस्ट को जीतने में सफल रही। जायसवाल और गिल ने जहां बल्ले से अच्छा प्रदर्शन किया, वहीं जसप्रीत बुमराह ने मैच में नौ विकेट चटकाए, जिससे भारत ने दूसरे टेस्ट को 106 रन से जीतकर पांच मैचों की शृंखला 1-1 से बराबर की। जहीर ने 'जियो सिनेमा' से कहा कि जब आप टीम को देखते हैं तो कुछ चिंताएं होती हैं। बल्लेबाजी एक ऐसी ही चीज है। हमने अतीत में इन परिस्थितियों में, इस तरह की पिचों पर भारत को बेहतर प्रदर्शन करते देखा है। उन्होंने कहा कि आप अगर इंग्लैंड की दूसरी पारी को देखेंगे तो सिर्फ एक बल्लेबाज अर्धशतक लगा पाया था फिर भी उनकी टीम 300 रन के करीब पहुंचने में सफल रही। समग्र प्रयास से ऐसे नतीजे आते हैं। हमने इस मैच में भारत की ओर से दो शानदार पारियां (जायसवाल और गिल) देखी है, लेकिन बल्लेबाजी में अब भी काफी मेहनत करने की जरूरत है।

## अब राजकोट के एससीए स्टेडियम का नाम होगा निरंजन शाह स्टेडियम

**राजकोट।** भारत और इंग्लैंड के बीच तीसरे टेस्ट से पहले सौराष्ट्र क्रिकेट संघ (एससीए) क्रिकेट स्टेडियम का नाम बदलकर पूर्व प्रथम श्रेणी खिलाड़ी और वरिष्ठ प्रशासक निरंजन शाह के नाम पर रखा जाएगा। एससीए की मीडिया विज्ञप्ति में कहा गया है कि भारत और इंग्लैंड के बीच 15 फरवरी से यहां शुरू होने वाले तीसरे टेस्ट की पूर्व संध्या पर खंडेरी स्थित स्टेडियम का नाम बदलकर निरंजन शाह स्टेडियम कर दिया जाएगा। अपने पहले मैच की मेजबानी के 11 साल बाद स्टेडियम के नए नाम का अनावरण बीसीसीआई सचिव जय शाह द्वारा किया जाएगा। निरंजन ने 1960 के दशक के मध्य से 1970 के दशक के मध्य तक सौराष्ट्र के लिए 12 प्रथम श्रेणी मैच खेले हैं। वह देश के सबसे वरिष्ठ क्रिकेट प्रशासकों में से एक हैं और एससीए में लंबे समय से उनका प्रभाव जारी है। उनके बेटे और पूर्व प्रथम श्रेणी क्रिकेटर जयदेव शाह स्थानीय क्रिकेट शासी निकाय के मौजूदा अध्यक्ष हैं। जयदेव ने सौराष्ट्र की कप्तानी भी की और आईपीएल में खेला है।

## 'दक्षिण अफ्रीका 20' में अपार संभावनाएं : कुमार संगकारा

**केपटाउन।** एमसीसी (मैरीलेबोन क्रिकेट क्लब) विश्व क्रिकेट समिति के अध्यक्ष कुमार संगकारा ने 'दक्षिण अफ्रीका 20 (एसए 20)' लीग की सराहना करते हुए कहा कि इसका मौजूदा समय और भविष्य काफी शानदार दिख रहा है। 'एसए 20' दक्षिण अफ्रीका की टी-20 लीग है, जिसमें सभी छह फ्रेंचाइजी टीमों का स्वामित्व इंडियन प्रीमियर लीग की फ्रेंचाइजी से जुड़ा है। श्रीलंका के पूर्व कप्तान संगकारा एमसीसी विश्व क्रिकेट समिति के सदस्यों के साथ 'एसए20' के दूसरे सत्र के मुकाबलों को देखने के लिए रविवार को दक्षिण अफ्रीका में थे। उन्होंने कहा कि ग्रीम स्मिथ ने 'एसए20' में जो प्रयास किया है, वह न केवल इस टूर्नामेंट के लिए, बल्कि सभी हितधारकों, विशेष रूप से प्रशंसकों के लिए एक शानदार क्रिकेट अनुभव सुनिश्चित कर रहा है। उन्होंने कहा किसी उत्पाद के सफल होने के लिए उत्कृष्टता की जरूरत होती है और क्रिकेट में भी ऐसा ही है। श्रीलंका के लिए टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन (12400) बनाने वाले इस पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज ने कहा कि उत्पाद अंततः उत्कृष्ट होना चाहिए और एसए20 में अभी और भविष्य में काफी संभावनाएं हैं। मैं जानता हूं कि प्रशंसक इसे पसंद करते हैं। वे अपने स्थानीय टीमों को अपना रहे हैं। वे इसे देखने के लिए बड़ी संख्या में स्टेडियम आते हैं। बहुत सारे बच्चे क्रिकेट देख रहे हैं। इससे निःसंदेह, खिलाड़ी, मालिक और हर किसी का बहुत बढ़िया जुड़ाव है। यहां खेल को लेकर बहुत प्यार और जुनून है।

## 'बैजबॉल' युग में अपने नैसर्गिक खेल से दूर हो रहे हैं रूट : कुक

**लंदन।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान एलिस्टर कुक का मानना है कि कप्तान बेन स्टोक्स और कोच ब्रेंडन मैकुलम की 'बैजबॉल' योजना में फिट होने की बेताबी के कारण अनुभवी बल्लेबाज जो रूट भारत के खिलाफ मौजूदा टेस्ट शृंखला में अपने नैसर्गिक खेल से दूर हो रहे हैं। कुक ने कहा कि रूट दूसरे टेस्ट मैच की दूसरी पारी में हर गेंद पर प्रहार करना चाहते थे। वह 10 गेंद की 16 रन की पारी में कभी सहज नहीं दिखे। इंग्लैंड के लिए टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन (12,472) बनाने वाले कुक ने 'टीएनटी स्पोर्ट्स' से कहा कि वह सभी प्रारूपों में इंग्लैंड का अब तक के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक है, लेकिन वह इस 'बैजबॉल' युग की खेल की गति के साथ कभी-कभी संघर्ष करता है। उन्होंने कहा कि वह टीम के दूसरे खिलाड़ियों को आक्रामक शॉट खेलते हुए देखता है, जो उन खिलाड़ियों की शैली के अनुरूप है। रूट ने टेस्ट में 11,500 से ज्यादा रन बनाए है। वह शानदार हैं। बेन (स्टोक्स) और ब्रेंडन (मैकुलम) जो कर रहे हैं, उसमें जगह बनाने की बेताबी में कभी-कभी वह आक्रामक और रक्षात्मक खेल का सही संतुलन नहीं बना पा रहे हैं। कुक चाहते हैं कि रूट अन्य खिलाड़ियों की तुलना में अपनी स्वाभाविक गति से खेलें। उन्होंने कहा कि वह नौ गेंदों पर 16 रन पर था और वह आम तौर पर इतनी तेजी से बल्लेबाजी नहीं करते हैं। वह आम तौर पर 75 या 80 के बीच स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करते हैं। इसमें जोखम बेहद कम होता है। टेस्ट मैच में यह स्ट्राइक-रेट भी काफी अधिक है। उन्होंने कहा कि मुझे रूट को नैसर्गिक बल्लेबाजी करते देखना पसंद है।



## न्यूज ब्रीफ

### ऑस्ट्रेलिया के क्लिंगर डब्ल्यूपीएल में गुजरात जायंट्स के कोच बने

**मुंबई।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर माइकल क्लिंगर को मंगलवार को महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के दूसरे सत्र के लिए राचेल हेन्स की जगह गुजरात जाइंट्स का मुख्य कोच नियुक्त किया। डब्ल्यूपीएल का दूसरा सत्र 23 फरवरी से शुरू होगा। इसके सभी मैच दिल्ली और बेंगलुरु में खेले जाएंगे। गुजरात जायंट्स पांच-टीमों की लीग के शुरुआती आयोजन में पिछले सत्र में आखिरी पायदान पर रही थी। टीम आगामी सत्र में 25 फरवरी को बेंगलुरु में सत्र के शुरुआती मैच में गत चैंपियन मुंबई इंडियंस से भिड़ेगी। फ्रेंचाइजी ने जारी एक मीडिया विज्ञप्ति में बताया कि भारत की पूर्व कप्तान मिताली राज टीम के लिए मेंटोर (मार्गदर्शन) और सलाहकार के रूप में अपनी भूमिका जारी रखेंगी, जबकि नूशिन अल खादीर गेंदबाजी कोच बनी रहेंगी। इसमें हालांकि यह नहीं बताया गया कि पहले सत्र में बल्लेबाजी कोच रहे तुषार अरोठे अपनी भूमिका में बने रहेंगे या नहीं। मिताली ने इस विज्ञप्ति में कहा कि बल्ले के साथ उनकी विशेषज्ञता के बारे में सब को पता है और इससे निश्चित रूप से हमारी टीम के कुछ युवा सदस्यों को फायदा होगा।

### अच्छा महसूस कर रहा हूं, उम्मीद है टोक्यो में खेल पाऊंगा : मेस्सी

**टोक्यो।** हांगकांग में इंटर मियामी के एक फुटबाल मैच के दौरान बेंच पर बैठे रहने के कारण हुए विवाद के बाद अर्जेंटीना के महान खिलाड़ी लियोनेल मेस्सी बुधवार को टोक्यो में जापान के क्लब विस्सेल कोबे के खिलाफ मैदान में उतर सकते हैं। इससे पहले रविवार को हांगकांग में मेस्सी के नहीं खेलने के कारण नाराज प्रशंसकों और सरकार दोनों की तीखी प्रतिक्रिया का सामना करना पड़ा था। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ दिनों की तुलना में मैं अच्छा महसूस कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि मेरा मैदान पर उतरना इस बात पर निर्भर करता है कि अभ्यास सत्र कैसा रहता है। मैं ईमानदार हूं, तो मुझे अभी भी नहीं पता कि मैं ऐसा कर पाऊंगा या नहीं, लेकिन मैं काफी बेहतर महसूस कर रहा हूं और मैं वास्तव में ऐसा करने में सक्षम होना चाहता हूं। उन्होंने कहा कि सच्चाई यह है कि हांगकांग वाले मैच के दिन किस्मत अच्छी नहीं थी। चोट के कारण मेरे लिए खेलना बहुत मुश्किल था। दुर्भाग्य से, फुटबाल या किसी भी खेल में ऐसी चीजें हो सकती हैं। मेस्सी ने कहा कि यह निराशाजनक है, क्योंकि मैं हमेशा मैच में भाग लेना चाहता हूं, मैं वहां (मैदान) रहना चाहता हूं। लोग हमारे मैचों को देखने के लिए बहुत उत्साहित होते हैं।

### भारत में दक्षिण एशिया की पहली महिला हैंडबॉल लीग का होगा अनावरण

**नई दिल्ली।** भारत में मंगलवार को दक्षिण एशिया की पहली पेशेवर महिला हैंडबॉल लीग (डब्ल्यूएचएल) का अनावरण किया गया, जिसमें छह टीम हिस्सा लेंगी। दक्षिण एशिया की इस पहली महिला पेशेवर हैंडबाल लीग में भारत के अलावा एशिया, यूरोप और अफ्रीका की स्टार खिलाड़ी हिस्सा लेंगी। मंगलवार को एक कार्यक्रम में लीग के लोगो का अनावरण भी किया गया। इस लीग का आयोजन दक्षिण एशियाई हैंडबाल महासंघ और एशियाई हैंडबाल महासंघ के तत्वावधान में भारतीय हैंडबाल संघ के सहयोग से किया जाएगा। पावना स्पोर्ट्स वेंचर इस लीग के प्रमोटर हैं। पावना स्पोर्ट्स वेंचर की कार्यकारी निदेशक प्रिया जैन ने लीग का अनावरण करते हुए कहा कि लीग में छह टीमें हिस्सा लेंगी और यह भारतीय महिला खिलाड़ियों के प्रदर्शन में सुधार में अहम भूमिका निभा सकती है। हमने लीग को जनवरी 2025 तक शुरू करने का लक्ष्य बनाया है।

### नडाल, जोकोविच, सिनर सऊदी अरब प्रदर्शनी में टूर्नामेंट में खेलेंगे

**रियाद (सऊदी अरब)।** राफेल नडाल, नोवाक जोकोविच, कार्लोस अल्कराज और ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन यानिक सिनर अक्तूबर में सऊदी अरब में एक प्रदर्शनी टूर्नामेंट में भाग लेंगे। इस आयोजन का नाम '6 किंग्स स्लैम' है, जिसमें डेनियल मेदवेदेव और होल्गर रूने भी चुनौती पेश करेंगे। इसका आयोजन रियाद में होगा। इसमें रूने के अलावा सभी खिलाड़ियों को ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने का अनुभव है। नडाल को हाल ही में सऊदी टेनिस महासंघ ने अपना ब्रांड दूत बनाया है।

# रोहित बल्लेबाज के तौर पर टीम के लिए अहम : बाउचर

## मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच बोले -हम रोहित से कप्तानी का बोझ कम करना चाहते थे

**एजेंसी, केपटाउन**

मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच मार्क बाउचर ने माना कि रोहित शर्मा को बल्लेबाज के तौर पर स्वच्छंद होकर खेलने की आजादी देने के लिए टीम की कप्तानी से हटाने का कठिन निर्णय लेना पड़ा।

रोहित का आईपीएल के पिछले दो सत्र में प्रदर्शन उम्मीदों के अनुरूप नहीं रहा है।

आईपीएल इतिहास में सबसे चर्चित 'कैश ट्रेड' में रिलायंस के स्वामित्व वाली फ्रेंचाइजी ने गुजरात टाइटंस के कप्तान हरफनमौला हार्दिक पंड्या को वापस टीम के साथ जोड़ा और उन्हें कप्तान बनाया। रोहित पांच खिताब के साथ आईपीएल के सबसे सफल कप्तानों में शामिल रहे हैं। हार्दिक की अगुआई में गुजरात टाइटंस अपने पहले सत्र में चैंपियन और दूसरे सत्र में उपविजेता रहा है।

बाउचर ने दक्षिण अफ्रीका स्थित पॉडकास्ट 'बैंटर विद द बॉयज' को बताया कि हमने हार्दिक को एक खिलाड़ी के रूप में वापस लाने के लिए एक विंडो देखी।

उन्होंने कहा कि हमें खिलाड़ी के तौर पर रोहित की जरूरत है। वह टीम के लिए काफी अहम खिलाड़ी है और हम चाहते हैं कि वह कप्तानी का बोझ लिए बिना अपने खेल का लुत्फ उठाए।

दक्षिण अफ्रीका के इस पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज ने कहा कि पिछले कुछ सत्र से बल्ले से और कप्तान के तौर पर उसका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। हमने मुंबई इंडियन्स समूह में सबसे चर्चा करने के बाद यह सोचा कि उन्हें अपने करियर के आखिरी कुछ वर्षों में स्वच्छंद होकर खेलने की आजादी दी जाए।

बाउचर ने कहा कि वह अब भी भारत की कप्तानी कर रहे है ऐसे में आईपीएल में आने के बाद उनसे कप्तान वाला दबाव कम होगा। इससे शायद हम उसका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन हासिल कर पाए।



# नेशनल मास्टर्स गेम्स में भाग लेने को हिमाचल हॉकी टीम रवाना

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**

**आठ** से गोवा में आयोजित होने वाली छठी नेशनल मास्टर्स गेम्स में हिमाचल की 30 प्लस तथा 50 प्लस की टीमें भाग लेंगी। पांवटा साहिब क्षेत्र के लगभग 30 खिलाड़ी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए गोवा के लिए रवाना हो गए। टीम मैनेजर अनुराग गुप्ता ने बताया कि इस बार छठी नेशनल मास्टर्स गेम्स गोवा में आयोजित हो रही है। पिछले वर्ष 5वीं नेशनल मास्टर्स गेम्स बनारस में टीम ने गोल्ड मेडल हासिल किया था। इस बार दोनों टीमों के गोल्ड मेडल की उम्मीद है।



# दिव्यांग टी-20 क्रिकेट में इंग्लैंड ने भारत को 22 रन से हराया

**अहमदाबाद।** कैलम फ्लिन के हरफनमौला खेल से इंग्लैंड की दिव्यांग क्रिकेट टीम ने पांच मैचों की शृंखला के अंतिम मुकाबले में मंगलवार को भारत को 22 रन से शिकस्त दी। इस हार के बावजूद शृंखला 3-2 से भारत के नाम रही। फ्लिन ने 43 गेंद में 53 रन की पारी खेलने के बाद 13 रन देकर दो विकेट चटकाए। इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी का फैसला करने के बाद फ्लिन और लियाम ओ'ब्रायन (28 गेंदों पर 45 रन) की शानदार बल्लेबाजी के दम पर 20 ओवर में छह विकेट पर 152 रन बनाए थे।

**अंतर विवि क्रिकेट प्रतियोगिता** | **हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय ने 42 रन से दी शिकस्त**

# एचपीयू ने श्रीनगर विवि को दी पटकनी

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

**अंतर** विश्वविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता के तहत मंगलवार को सुंदरनगर मैदान में खेले गए सुपर नाकआउट मुकाबले में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय ने कलस्टर विवि श्रीनगर को 42 रन से हरा दिया। श्रीनगर की टीम ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया।

प्रतियोगिता के तकनीकी संयोजक, एचपीसीए अंपायर प्रो. अनिल गुलेरिया ने बताया कि बल्लेबाजी करने आए हिमाचल विवि के सलामी बल्लेबाज लोकेश चौहान ने एक छक्के और छह चौकों की मदद से 25 गेंदों पर 38 रनों की ताबड़तोड़ पारी खेली। राघव आंगरा ने 14 और अमित ने 12 रन बनाए।



श्रीनगर की ओर से उबेद जहांगीर व ब्यास ने दो-दो तथा उजैहन व सलीक खान ने एक-एक विकेट लिया।

लक्ष्य का पीछा करने आई श्रीनगर के हाशिम जावेद-11 और ब्यास के 11 रनों को छोड़ अन्य कोई खिलाड़ी हिमाचल के तेज गेंदबाजों के सामने टिक नहीं पाया और पूरी टीम नौ ओवर में ही 40 रन पर ढेर हो गई। हिमाचल की ओर से आदित्य चौहान ने चार, अक्षय व लक्ष्य वर्मा ने दो-दो विकेट लिए, जबकि दो खिलाड़ी रन आउट हुए। दूसरे मैच में पीयू चंडीगढ़ ने पीयू पटियाला को 11 रन हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए पीयू चंडीगढ़ ने निर्धारित 10 ओवर में दो विकेट के नुकसान पर 109 रन बनाए। इसमें श्रवण शर्मा दो चौकों व चार छक्कों की मदद से मात्र 19 गेंदों में 43 रनों की शानदार पारी खेली। गुरमेहर ने भी तीन चौकों व तीन छक्कों की मदद से 42 रन बनाए। पीयू पटियाला की ओर से मनीष व देवी चंद ने एक-एक विकेट लिया। पीयू पटियाला के अक्षय वर्मा के 13, सहज धवन के 30, रितेश्वर सिंह के 12, देवीचंद के 10 और अभिषेक के 17 रनों को छोड़ अन्य काई खिलाड़ी दहाई का आंकड़ा भी पार नहीं कर पाया और पूरी टीम 10 ओवर में छह विकेट खोकर 98 रन पर आउट हो गई।